YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-333 ❒ बुधवार, 07 जनवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




भारत एआई के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और देश के सभी पांच एआई लेयर्स में बड़े निवेश आ रहे हैं। इस वर्ष ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट भारत में आयोजित होगा, जो पहले ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया और फ्रांस में हो चुका है। **अश्विनी वैष्णव**


वाराणसी रोप-वे को असुरक्षित बताने वाले वीडियो के दावे भ्रामक : सरकार 11

अंकिता हत्याकांड में सरकार हर जांच को तैयारः धामी 12


## संक्षेप

### सीएक्यूएम कर्तव्यों के पालन में विफल रहा : न्यायालय

**नयी दिल्ली।** यह देखते हुए कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) अपने कर्तव्य में विफल हो रहा है, उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को यातायात जाम को कम करने के लिए दिल्ली की सीमाओं पर स्थित टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने के मुद्दे पर दो महीने का स्थगन मांगने के लिए केंद्रीय प्रदूषण निगरानी निकाय को फटकार लगाई। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को दो सप्ताह के भीतर विशेषज्ञों की बैठक बुलाने और बिगड़ते प्रदूषण के प्रमुख कारणों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### अमिताभ ठाकुर की जमानत याचिका खारिज

**देवरिया।** धोखाधड़ी के आरोप में उत्तर प्रदेश की देवरिया जिला जेल में बंद पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की जमानत याचिका मंगलवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट(सीजेएम) मंजू कुमारी की अदालत में सुनवाई के उपरांत खारिज कर दी गयी। अभियोजन पक्ष के अनुसार पूर्व आईपीएस ठाकुर धोखाधड़ी के आरोप में जिला जेल में बंद हैं। आज उन्हें जिला जेल से दीवानी कचहरी परिसर स्थित सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। अदालत में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें विवेचक भी अदालत में उपस्थित रहे। अदालत में अभियोजन और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने जमानत याचिका को लेकर अपने-अपने तर्क और दलीलें प्रस्तुत किए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद सीजेएम मंजू कुमारी की अदालत ने पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। जमानत याचिका खारिज होने के बाद उन्हें जिला कारागार वापस भेज दिया गया। अब उनके वकील जमानत याचिका खारिज होने के बाद जिला जज की अदालत में अपील दाखिल करेंगे।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश कलमाड़ी का निधन

**पुणे।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश कलमाड़ी का मंगलवार को निधन हो गया। वह 81 साल के थे। पुणे के पूर्व सांसद श्री कलमाडी राजनीति और खेल जगत में एक जानी-मानी हस्ती थे। उनका पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में इलाज चल रहा था। वह काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका पार्थिव शरीर दोपहर दो बजे तक जनता के दर्शन के लिए एरंडवाने में कलमाड़ी हाउस में रखा जाएगा, जिसके बाद उनका अंतिम संस्कार पुणे के नवी पेठ में वैकुंठ स्मारक भूमि पर किया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभय छाजेड ने कहा कि श्री कलमाडी के निधन से पुणे के राजनीतिक और सामाजिक हलकों में दुख की लहर दौड़ गई है।

# परिवार के बीच संपत्ति दान हुआ सस्ता जीसीसी नीति की एसओपी को मंजूरी

## औद्योगिक-व्यावसायिक संपत्तियों की गिफ्ट डीड 5,000 स्टांप पर, 13 प्रस्तावों को मंजूरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, उद्योग, परिवहन सहित विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 13 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

कैबिनेट के महत्वपूर्ण फैसलों में सरकार ने आवासीय और कृषि भूमि के बाद अब औद्योगिक और व्यवसायिक संपत्तियों की गिफ्ट डीड की सुविधा भी प्रदान कर दी है। इसके तहत अब औद्योगिक व व्यवसायिक संपत्तियों की रजिस्ट्री भी अपनों के नाम मात्र 5,000 रुपये के स्टांप शुल्क पर कराई जा सकेगी। इस प्रस्ताव को कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है, जिससे उद्योग और व्यापार से जुड़े लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

इसके अलावा उद्योग विभाग द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) को लेकर तैयार की गई नई गाइडलाइन को भी कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। इस कदम से प्रदेश में आईटी और वैश्विक कंपनियों के निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कैबिनेट बैठक में पीलीभीत में बस स्टेशन निर्माण के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। साथ ही 500 रुपये तक के स्टांप पर यूज़र चार्ज लिए जाने के संबंध में भी फैसला किया गया। बैठक में प्रदेश में सेमीकंडक्टर पार्क की स्थापना को लेकर भी मंजूरी दी गई, जिसे औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।योगी कैबिनेट के इन फैसलों से प्रदेश में निवेश, उद्योग और बुनियादी ढांचे के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के तहत दान विलेख पर संपत्ति के मूल्य के अनुसार स्टाम्प शुल्क देय होता है, जबकि रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1908 के अनुसार अचल संपत्ति के दान का पंजीकरण अनिवार्य है। स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने बताया कि वर्ष 2022 से पहले पारिवारिक दान पर शहरों में सात प्रतिशत और गांवों में पांच प्रतिशत स्टाम्प शुल्क लिया जाता था। अगस्त 2023 की अधिसूचना के जरिए इसे अधिकतम पांच हजार रुपये तक सीमित किया गया था, जिसे अब व्यावसायिक और औद्योगिक संपत्तियों पर भी लागू कर दिया गया है।

कैबिनेट निर्णय में पारिवारिक रिश्तेदारों की परिभाषा और अन्य प्रावधानों को भी स्पष्ट किया गया है ताकि नियमों के क्रियान्वयन में किसी तरह की दुविधा न रहे। यह छूट राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित होते ही तत्काल प्रभाव से लागू होगी। सरकार का मानना है कि इससे पारिवारिक संपत्ति का वैधानिक हस्तांतरण बढ़ेगा और आपसी विवादों में कमी आएगी। इसी बैठक में कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश वैश्विक क्षमता केंद्र नीति 2024 की नियमावली (एसओपी) 2025 को भी मंजूरी दी। इसके तहत इन्वेस्ट यूपी को नोडल एजेंसी बनाया गया है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने बताया कि जीसीसी नीति के तहत अब तक 21 कंपनियां प्रदेश में निवेश शुरू कर चुकी हैं। इस नीति से आईटी, अनुसंधान एवं विकास, फाइनेंस, मानव संसाधन, डिजाइन, इंजीनियरिंग और एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में उच्च कौशल आधारित रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। नियमावली में भूमि सब्सिडी, स्टाम्प ड्यूटी में छूट, पूंजीगत और ब्याज सब्सिडी, ओपेक्स, पेरोल और भर्ती सब्सिडी सहित कई वित्तीय प्रोत्साहनों का प्रावधान किया गया है। सरकार का कहना है कि इन फैसलों से उत्तर प्रदेश में निवेश और रोजगार को नई गति मिलेगी।

### उप्र में सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए तीन हजार करोड़ से अधिक निवेश पर प्रोत्साहन को मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योग को आकर्षित करने के उद्देश्य से मंगलवार को तीन हजार करोड़ रुपये या उससे अधिक का निवेश करने वाली कंपनियों को विशेष प्रोत्साहन देने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस फैसले का उद्देश्य उच्च तकनीक विनिर्माण को बढ़ावा देना और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुये वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने ● शेष पेज 11 पर

# जिन्होंने देश के संसाधनों पर डकैती डाली, जनता उनसे सवाल करेगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- ❒ जिन्होंने देश के संसाधन पर डकैती डाली वे 'वीबी जी राम जी' कानून का विरोध कर रहेः योगी
- ❒ ग्रामीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा 'विकसित भारत-जी राम जी कानून' योगी
- ❒ यूपी को सर्वाधिक लाभ, रोजगार की नई गारंटी के साथ प्रदेश में लागू करेंगे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को 'विकसित भारत-जी राम जी कानून, 2025' कानून की खूबियां बताते हुए इस कानून का विरोध करने पर कंग्रेस व समाजवादी पार्टी पर करारा हमला बोला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग लंबे अरसे तक देश के संसाधनों पर डकैती डालते रहे वे ही इस कानून का विरोध कर रहे हैं। सपा शासन में तो सोनभद्र में मनरेगा में करोड़ों का घोटाला हुआ था, जिसकी सीबीआई जांच कर रही है। यह कानून देश के ग्रामीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा। यूपी को होगा इससे सर्वाधिक लाभ मुख्यमंत्री ने ये बातें लखनऊ में लोकभवन में एनडीए नेताओं के साथ आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, सुभासपा के नेता ओम प्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के संजय निषाद, अपना दल के आशीष पटेल, रालोद के मंत्री अनिल कुमार आदि नेता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण भारत के कायाकल्प की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी इन्फ्रास्ट्रक्चर और रोजगार सृजन को मजबूत करने के उद्देश्य से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 पारित किया गया है, जो देश के ग्रामीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उत्तर प्रदेश को इस कानून से सर्वाधिक लाभहोगा। रोजगार की नई गारंटी के साथ इसे प्रदेश में लागू किया जाएगा। इंडी गठबंधन पुराने भ्रष्टाचार प्रेरित माडल का पैरोकार मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने लंबे समय तक देश के संसाधनों पर डकैती डाली, गरीबों को भूख और युवाओं को बेरोजगारी व पलायन के लिए मजबूर किया, वे आज पारदर्शी सुधारों का समर्थन करने से इसलिए बच रहे हैं, क्योंकि तब जनता उनसे सवाल करेगी कि जब उन्हें मौका मिला था, तब उन्होंने यह काम क्यों नहीं किया। कांग्रेस और उसका इंडी गठबंधन इस महत्वपूर्ण अधिनियम पर सवाल खड़े ● शेष पेज 11 पर

# सोनिया गांधी को कोर्ट से मिली मोहलत

एजेंसी



❒ 'नागरिकता से पहले वोट' केस मामले में देना है जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कंग्रेस नेता सोनिया गांधी को एक याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए 7 फरवरी तक का समय दिया है। यह याचिका एक मजिस्ट्रेट के उस आदेश को चुनौती देती है जिसमें 1983 में भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से तीन साल पहले उन्हें मतदाता सूची में शामिल करने के आरोप की जांच करने से इनकार कर दिया गया था।

यह मामला 9 दिसंबर को न्यायाधीश गोगाने द्वारा सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करने के बाद सामने आया था, जिसमें उनसे जवाब मांगा गया था। मंगलवार को जब मामले की सुनवाई हुई, तो सोनिया गांधी के वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए अधिक समय मांगा, जिसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 7 फरवरी तय की। यह याचिका वकील विकास त्रिपाठी द्वारा दायर की गई थी, जो राउज एवेन्यू कोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हैं। 11 सितंबर के मजिस्ट्रेट आदेश में उनकी शिकायत खारिज कर दी गई थी। अदालत ने कहा था कि शिकायत इस तरह से तैयार की गई थी कि वह कानूनी रूप से अस्थिर, सार में अपर्याप्त और इस मंच के अधिकार क्षेत्र से परे आरोपों के माध्यम से अदालत को अधिकार क्षेत्र प्रदान करने के उद्देश्य से थी। त्रिपाठी के ● शेष पेज 11 पर

# जनरल द्विवेदी ने यूएई और क्षेत्रीय साझीदारों के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर बल दिया

नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने भारत, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य क्षेत्रीय साझेदारों के बीच मजबूत द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय रक्षा सहयोग पर बल दिया है। सेना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा पर गये जनरल द्विवेदी ने मंगलवार को नेशनल डिफेंस कॉलेज (एनडीसी) के अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में हो रहे बदलावों और आधुनिक संघर्षों के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला तथा आधुनिक युद्ध में प्रौद्योगिकी की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया। सेना प्रमुख ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की नेतृत्वकारी भूमिका पर जोर दिया और सहयोगात्मक साझेदारियों महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने भारत, यूएई और अन्य क्षेत्रीय साझेदारों के बीच मजबूत द्विपक्षीय और बहुपक्षीय रक्षा सहयोग को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि परस्पर लाभ के लिए ये जरूरी हैं और इनसे क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति और सुरक्षा को आगे बढाने में मदद ● शेष पेज 11 पर

# आवारा कुत्तों पर इंसानों से ज्यादा याचिकाएं

एजेंसी



- ❒ आवारा कुत्तों के मामले में याचिकाओं की बाढ़ पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता
- ❒ विशेष पीठ बुधवार को करेगी सभी अर्जियों पर सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के मामले में उसके समक्ष दायर किये जा रहे अंतरिम आवेदनों की संख्या पर संज्ञान लिया और कहा कि आमतौर पर इनसानों से जुड़े मामलों में भी इतनी अधिक संख्या में आवेदन नहीं आते हैं।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने ये टिप्पणियां तब कीं जब दो अधिवक्ताओं ने उनके समक्ष आवारा कुत्तों का मामला उठाया। एक अधिवक्ता ने बताया कि उन्होंने इस मामले में एक अंतरिम याचिका दायर की है। इस पर न्यायमूर्ति मेहता ने टिप्पणी करते हुए कहा, 'इनसानों से जुड़े मामलों में भी आमतौर पर इतनी अधिक संख्या में याचिकाएं नहीं आतीं। पीठ ने कहा कि आवारा कुत्तों के मामले में बुधवार को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई की जाएगी। जब एक अन्य अधिवक्ता ने इस मामले में स्थानांतरण याचिका का जिक्र किया, तो शीर्ष न्यायालय ने कहा कि बुधवार को कई याचिकाओं पर सुनवाई होगी और पीठ सभी अधिवक्ताओं की बात सुनेगी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारी की तीन-न्यायाधीशों वाली विशेष पीठ बुधवार को इस मामले की सुनवाई करेगी। शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की घटनाओं में 'चिंताजनक वृद्धि' को देखते हुए उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल सात नवंबर को आवारा कुत्तों को उचित नसबंदी और टीकाकरण के बाद तुरंत निर्धारित आश्रयों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने यह भी कहा कि इस प्रकार पकड़े गए आवारा कुत्तों को उस स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा जहां से उन्हें पकड़ा गया था। न्यायालय ने अधिकारियों को राज्य राजमार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से सभी मवेशियों और अन्य आवारा पशुओं को हटाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि खेल परिसरों सहित संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की घटनाओं की पुनरावृत्ति न केवल प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है, बल्कि इन परिसरों को रोके जा सकने वाले खतरों से सुरक्षित करने में 'प्रणालीगत विफलता' को भी उजागर करती है। न्यायालय ने आवारा कुत्तों के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए कई निर्देश जारी किए थे। यह न्यायालय राष्ट्रीय राजधानी में आवारा कुत्तों के काटने से, विशेष रूप से बच्चों में, रेबीज फैलने की मीडिया रिपोर्ट के संबंध में पिछले साल 28 जुलाई को शुरू किए गए स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही है।

# यूपी में ठंड हुयी प्रचंड, जमीन से आसमान तक कोहरे का पहरा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। राजधानी लखनऊ समेत समूचे उत्तर प्रदेश में गलन,शीतलहर और कोहरे की तिहरी मार से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है वहीं अधिसंख्य क्षेत्रों में हवा की सेहत भी खतरनाक स्थिति में पहुंच गयी है।

मौसम विभाग के अनुसार गलन भरी ठंड और शीतलहर से राहत की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं है। इस दौरान कुछ स्थानो पर घना कोहरा छाये रहने के आसार है। लखनऊ और कानपुर में मंगलवार दोपहर तक कोहरे और धुंध के चलते सूर्य देव के दर्शन नहीं हुये। सुबह 11 बजे तक दोनो ही महानगरों में अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा। कमोवेश यही हालात प्रयागराज, आगरा, इटावा, अलीगढ़, उन्नाव और बाराबंकी समेत तमाम शहरों में रहे। यहां अधिकतम तापमान 14-15 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक 146 से 164 के बीच रहा। बीती रात राज्य के अधिसंख्य क्षेत्रों में पारा 7-8 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। मौसम के तल्ख तेवरों को देखते हुये राज्य सरकार के निर्देश पर कक्षा आठ तक के विद्यालयों को आठ जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिये गये हैं जबकि नौवीं से 12वीं तक की कक्षाओं के खुलने और बंद करने का समय बदला गया है। चिकित्सकों ने मार्निंग वॉकर्स को सुबह की सैर से परहेज करने की सलाह दी है। विशेषकर बच्चे,बुजुर्ग और सीने व हृदय के रोगियों को सूर्य निकलने के बाद ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी ● शेष पेज 11 पर

# उप्र की मतदाता सूची, 2.89 करोड़ नाम हटाए गए

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




लखनऊ। निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश की मसौदा (ड्राफ्ट) मतदाता सूची जारी की जिसमें लगभग दो करोड़ 89 लाख नाम हटा दिये गये हैं।

अब एसआईआर ड्राफ्ट लिस्ट में कुल मतदाताओं की संख्या 15.44 करोड़ से घटकर 12.56 करोड़ हो गई है, जो लगभग 18.70 प्रतिशत कम है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को बताया कि 27 अक्टूबर को मतदाता सूची जारी करते समय प्रदेश में 15 करोड़ 44 लाख 30 हजार 92 मतदाता पंजीकृत थे। जिसमे मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार 25 गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत है। मंगलवार को लोकभवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि 27 अक्टूबर 2025 को पहले दौर की मतदाता सूची को फ्रीज किया गया था। उस समय उत्तर प्रदेश में कुल 15 करोड़ 44 लाख 392 मतदाता पंजीकृत थे। इसके बाद चार नवंबर 2025 से गणना चरण शुरू होकर 26 दिसंबर 2025 तक चली।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस दौरान मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत है। पुनरीक्षण में 46,23,796 लाख मतदाता मृत पाए गए, जो 2.99 प्रतिशत हैं। वहीं 79,52,190 मतदाता ट्रेस नही हो सके जबकि 12,97,74,72 करोड़ मतदाता अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके थे। इसके अलावा 25.47 लाख मतदाता ऐसे चिन्हित किए गए, जिनके नाम मतदाता सूची में एक से अधिक स्थानों पर दर्ज पाए गए। ऐसे मामलों में मतदाता का नाम केवल एक ही स्थान पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सुविधा और मानकों को ध्यान में रखते हुए एक मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता न हों, इसके लिए प्रदेश में 15,430 नए मतदेय स्थल बनाए गए हैं। विशेष पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का सक्रिय सहयोग रहा। प्रदेश के सभी 75 जिलों में दलों के साथ बैठकें की गईं और उन्हें मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी एवं प्रिंटेड कॉपी उपलब्ध कराई गई। अब तक 1546 बैठकें राजनीतिक दलों के साथ आयोजित की जा चुकी हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि, 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक दावा एवं आपत्ति की अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि में पात्र मतदाता फॉर्म-6, 6क, 7 एवं 8 के माध्यम से नाम जोड़ने, संशोधन कराने या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है, उन्हें बीएलओ के माध्यम से नोटिस भेजे जाएंगे और वे माताऽपिता का नाम सहित विवरण सही करा सकेंगे। अब ● शेष पेज 11 पर

### नाम हटने के मुख्य कारण

**46.23 लाख मतदाता (2.99%) मृत पाए गए**

**2.17 करोड़ मतदाता (14.06%) अनुपस्थित मिले या स्थानांतरित हो चुके थे**

**25.47 लाख मतदाता (1.65%) एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत पाए गए**

### दावा-आपत्ति का मौका

चुनाव आयोग ने 6 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक दावा और आपत्ति दर्ज कराने का समय दिया है। जिनका नाम ड्राफ्ट सूची में नहीं है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म-6 भरकर नाम जुड़वा सकते हैं।

### खण्ड स्नातक के पांच व खण्ड शिक्षक के छह निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड स्नातक के 05 तथा खण्ड शिक्षक के 06 निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। यह प्रकाशन अर्हता तिथि एक नवम्बर 2025 के आधार पर किया गया है। लोकभवन में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 12 सितम्बर 2025 को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 06 दिसम्बर 2026 को समाप्त होने के कारण निर्वाचक नामावलियों को नये सिरे से तैयार किए जाने का कार्यक्रम जारी किया गया था। इसके क्रम में 30 सितम्बर 2025 को सार्वजनिक नोटिस जारी कर निर्वाचक नामावली तैयार करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। जारी अंतिम प्रकाशन के अनुसार खण्ड स्नातक निर्वाचन ● शेष पेज 11 पर

# योगी सरकार का विज़न : ग्रीन एनर्जी से संचालित होगी लखनऊ की एआई सिटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**डेटा सेंटर्स और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए स्वच्छ ऊर्ज़ा होगी अनिवार्यता**

**सोलर के साथ ग्रीन हाइड्रोजन को ऊर्ज़ा मॉडल में दी जाएगी प्राथमिकता**

**सस्टेनेबल डेवलपमेंट के जरिए निवेश और तकनीक दोनों पर किया जायेगा फोकस**



लखनऊ। लखनऊ में प्रस्तावित एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) सिटी को पूरी तरह ग्रीन एनर्जी आधारित मॉडल पर विकसित किया जाएगा। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में ऊर्ज़ा की आपूर्ति सोलर और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ स्रोतों से की जाएगी। सरकार का उद्देश्य एआई और डेटा आधारित तकनीकों के विस्तार के साथ पर्यावरण संरक्षण को समान रूप से प्राथमिकता देना है।

प्रदेश सरकार के अनुसार एआई सिटी में स्थापित होने वाले डेटा सेंटर्स और हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की ऊर्ज़ा जरूरतें केवल पारंपरिक ईंधनों पर निर्भर नहीं होंगी। इसके लिए सौर ऊर्ज़ा आधारित सिस्टम विकसित किए जाएंगे, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और ऊर्ज़ा लागत भी नियंत्रित रहेगी। यह मॉडल भविष्य की तकनीकी परियोजनाओं के लिए एक मानक के रूप में काम करेगा। एआई परियोजना में ग्रीन हाइड्रोजन को भी अहम स्थान दिया जायेगा। उत्तर प्रदेश सरकार की योजना एआई सिटी के ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम, औद्योगिक संचालन और स्मार्ट सुविधाओं में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग की है। इससे उत्तर प्रदेश देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल होगा जो हाइड्रोजन आधारित स्वच्छ ऊर्ज़ा को व्यवहारिक स्तर पर अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ग्रीन हाइड्रोजन की बात की जाये तो उत्तर प्रदेश लीडर स्टेट के रूप में नजर आता है। एआई सिटी में डेटा सेंटर्स को वैश्विक पर्यावरण और ऊर्ज़ा दक्षता मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। ग्रीन एनर्जी आधारित डेटा सेंटर्स से प्रदेश को वैश्विक तकनीकी कंपनियों का भरोसा मिलेगा। प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के अनुसार निवेशक अब उन स्थानों को वरीयता दे रहे हैं, जहां पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का स्पष्ट रोडमैप हो और उत्तर प्रदेश इसी दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। एआई सिटी के विकास में ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट को अनिवार्य किया जाएगा। भवन निर्माण में ऊर्ज़ा कुशल सामग्री, प्राकृतिक रोशनी का अधिकतम उपयोग और जल संरक्षण से संबंधित प्रणालियों को शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही स्मार्ट मोबिलिटी को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे कि निजी वाहनों पर निर्भरता को घटाया जाए और प्रदूषण को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सके। योगी सरकार का प्रयास है कि एआई सिटी परियोजना के लाभ को केवल प्रोद्योगिकी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहने दिया जाए। स्वच्छ ऊर्ज़ा आधारित विकास से स्थानीय स्तर पर बेहतर पर्यावरण, स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। एआई सिटी को इस प्रकार से डिजाइन किया जा रहा है कि वह तकनीक, उद्योग और समाज तीनों के लिए टिकाऊ समाधान प्रस्तुत कर सके।

# राजभवन में 12वें दिन भी जारी रही परंपरागत खेल प्रतियोगिता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यासितों एवं बच्चों के लिए आयोजित परंपरागत खेल प्रतियोगिता 2025-26 के 12वें दिन मंगलवार को विभिन्न आयु वर्गों के पुरुष वर्ग में 100 मीटर एवं 50 मीटर दौड़, टेबल-टेनिस, गिल्ली-डंडा तथा कैरम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साह एवं उल्लास के साथ सहभागिता की।

राजभवन परिसर में आयोजित इन प्रतियोगिताओं की उपयोगिता इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि इसके माध्यम से अधिकारी, कर्मचारी, अध्यासित एवं बच्चे आपसी संवाद, टीम भावना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के जरिए एक-दूसरे के और निकट आते हैं। इन परंपरागत खेलों की प्रमुख विशेषता यह है कि ये सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयुक्त हैं। न्यूनतम संसाधनों में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करते हैं। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## तहसील कैंपस में की गई जल पान की व्यवस्था



**कोरांव प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नव वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में पूर्व में जमुनापार क्षेत्र के बार एसोसिएशन कोरांव अध्यक्ष पद के दो बार लड़ चुके प्रत्याशी विजय शंकर मिश्र वरिष्ठ अधिवक्ता के द्वारा तहसील कैंपस में मंगलवार हनुमान जी के शुभ दिन अवसर पर जल पान की व्यवस्था अधिवक्ताओं के लिए किया गया था अधिकांश अधिवक्तागण ने आपस के गिलवा शिकवा दूर कर जलपान ग्रहण किया इस अवसर पर एक दूसरे से गले मिले व हाथ मिलाए , इस तरह से आयोजन रखने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता विजय शंकर मिश्र को अधिवक्ताओं ने बधाई दी इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ जीके सिंह , पीर मोहम्मद , पूर्व बार के अध्यक्ष सुरेन्द्र द्विवेदी, एसके वर्मा, पूर्व बार के अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी समेत सैकड़ों अधिवक्ता ने प्रतिभाग किया

## अटल आवासीय विद्यालय में आवेदन प्रक्रिया शुरू


**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए श्रमिकों को अपने श्रमिक पंजीकरण कार्ड का नवीनीकरण कराना होगा। अपर श्रमायुक्त लखनऊ क्षेत्र कल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि श्रमिक अपने लेबर/श्रमिक कार्ड का नवीनीकरण नजदीकी सीएससी ई-डिस्ट्रिक्ट सेंटर, ए.ट्र.ए. द्र-द्रधप सेंटर अथवा बोर्ड की वेबसाइट फ्र्ध्धदब.द्वद्व के माध्यम से करा सकते हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा-06 एवं कक्षा-09 में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक संचालित की जा रही है। आवेदन कार्यालय में ऑफलाइन तथा बोर्ड की वेबसाइट फ्र्ध्धदब.द्वद्व के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है। इन योजनाओं में मिल रहा लाभ बोर्ड द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं में कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, सन्त रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना तथा अटल आवासीय विद्यालय योजना शामिल हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह के लिए आर्थिक सहायता, सन्तानों के जन्म पर पौष्टिक आहार के लिए सहयोग, कक्षा-01 से उच्च शिक्षा तक छात्रवृत्ति, गंभीर बीमारी की स्थिति में उपचार व्यय की प्रतिपूर्ति, मृत्यु अथवा दिव्यांगता की दशा में आश्रितों को सहायता तथा कक्षा-06 से कक्षा-12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा की सुविधा प्रदान की जाती है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति सहित विभिन्न समितियों की बैठक सम्पन्न



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जनपद में गठित जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति, जिला अनुश्रवण समिति, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र संचालन समिति एवं लोकल लेवल कमेटी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सदस्यों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अभियान चलाकर निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही शासन के निर्देशों के क्रम में मंडल मुख्यालय पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की स्थापना हेतु चिन्हित आईएएसई परिसर स्थित रेमेडियल (प्रशिक्षण हॉल) को अस्थायी रूप से हस्तगत कराते हुए उसके संचालन को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, संयुक्त निदेशक अभियोजन, जिला कार्यक्रम अधिकारी, प्राचार्य आईएसएसई, प्रधानाचार्य राजकीय महिला शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, डॉ. के.एन. मिश्र (प्रधानाचार्य, उत्तर प्रदेश मूक-बधिर विद्यालय), पूनम सिंह (सचिव, भाविनी वेलफ़ेयर सोसाइटी), लवलेश सिंह, पंकज श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रथम उत्तर प्रदेश बैंडी चैंपियनशिप का सफल समापन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के हिमाद्री आइस रिंग पर गत चार दिनों से चल रही प्रथम उत्तर प्रदेश बैंडी चैंपियनशिप का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता में लखनऊ की अंडर-14 बालक एवं बालिका टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों में खिताब अपने नाम कर इतिहास रच दिया।बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में लखनऊ की टीम ने गाजियाबाद को 2S0 से पराजित किया। टीम की स्टार खिलाड़ी शारिया खान ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दोनों गोल दागे। उनके साथ श्रव्या, अरु, इप्सिता, प्रियल तथा गोलकीपर धृति ने भी बेहतरीन खेल कौशल का परिचय दिया।बालक वर्ग में भी लखनऊ की टीम का प्रदर्शन दमदार रहा। रोमांचक फाइनल मुकाबले में लखनऊ ने मेरठ को 2S0 से शिकस्त देकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। टीम की ओर से हर्ष और आरुष ने एक-एक गोल किया। आरुष, हर्ष, सात्विक, विख्यात, अमय, शिवांग, अचिंत्य और वंश ने शानदार तालमेल और खेल भावना का परिचय दिया।समापन समारोह के अवसर पर विदेशी रूसी कोच मिस्टर डेनिस, इंडियन बैंडी संघ के कोऑर्डिनेटर विशाल सोलंकी एवं भारतीय बैंडी टीम के कोच प्रहलाद कौशिक का नीरज श्रीवास्तव, अंकुर गुप्ता एवं रवि वर्मा द्वारा स्वागत किया गया।लखनऊ टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रेसिडेंट प्रशांत पाण्डेय, मनोज वर्मा, हसीब खान, प्रकाश मिश्र, आदित्य बाजपेई, डॉ. अभय सिंह, सविता सिंह, सुनील शुक्ला, मनीष वर्मा, लक्ष्मी एवं विकास वर्मा ने खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विधवा महिला के साथ की मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव (प्रयागराज)। जमुनापार के खीरी थाना अंतर्गत नीबी गांव की रहने वाली विधवा महिला निर्मला देवी पत्नी स्वर्गीय बिजेंद्र सिंह चौहान सुबह अपने घर पर कुछ कार्य रही थी आरोप है कि इसी बीच गांव के ही कुछ लोग आए और घर में रखा झोला में नगद रुपए लेकर भागने लगे जब विधवा महिला ने चिल्लाई दौड़ी तो मारने पीटने लगे पीड़ित महिला के सभी लड़के बाहर परदेश रहते है जिसका फायदा उठाकर अभियुक्त इस तरह की घटना को अंजाम दे रहे थे पीड़ित महिला ई रेक्सा करके गांव के कुछ लोगों के साथ थाने पहुंचकर आप बीती बताई और प्रार्थना पत्र दी जिसपर खीरी थाना पुलिस ने मेडिकल कराने के लिए होमगार्ड के साथ सीएचसी कोरांव भेजा इसके बाद तहरीर के अनुसार राजा ,व राजा की पत्नी दामाद बेटी चार लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया पीड़ित महिला का लगभग साढ़े सात सौ रुपया ई रेक्सा भाड़ा में खर्च करना पड़ा फिलहाल अभी तक अभियुक्त पुलिस की पकड़ से बाहर है किसी का चालान पाबंद नहीं किया गया है जिस कारण पीड़ित महिला डरी सहमी है पुलिस उपायुक्त जमुनापार का ध्यान आकृष्ट पीड़ित महिला आरोपियों के विरुद्ध निष्पक्ष कड़ी कार्यवाही की माग की है इस मामले में प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह से वार्ता हुई तो उन्होंने बताया प्राप्त तहरीर के आधार मुकदमा पंजीकृत किया गया है अग्रिम कार्यवाही की जा रही।

# धार्मिक श्रद्धा और भव्यता के साथ निकाली गई भगवान गणेश की शोभा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। मंगलवार को नव युवक संघ के तत्वावधान में धार्मिक श्रद्धा और भव्यता के साथ भगवान गणेश की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी द्वारा बादशाही मंडी स्थित गणेश मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के पश्चात किया गया।

शोभा यात्रा गणेश मंदिर जॉनसेनगंज, दक्खी लाल चूना के पास से प्रारंभ होकर जॉनसेनगंज चौराहा, हिंदी साहित्य सम्मेलन मार्ग, राम भवन चौराहा, मोती पार्क, बहादुरगंज, बताशा मंडी, लोकनाथ, बजाजा पट्टी, घंटाघर होते हुए सायंकाल पुनः जॉनसेनगंज गणेश मंदिर पर संपन्न हुई।

शोभा यात्रा में पंजाबी ढोल-ताशा पार्टी, दर्जनों डीजे, रोड लाइट, एवं कलात्मक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। ल्लऐ गणेश की मम्मी, हमका पांव भर भांग खिला देनाङ्क जैसे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। महिलाएं भी भक्ति भाव में मग्न रहीं। सड़कों के दोनों ओर खड़े श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के दर्शन किए, वहीं ऊपर से पुष्प वर्षा की गई। झांकियों के प्रदर्शन ने भक्तों को भावविभोर कर दिया, जिन्हें तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत मिला। शोभा यात्रा में पंडित दिगंबर नाथ त्रिपाठी, गौरी शंकर वर्मा, सुनील वर्मा, भरत कनौजिया, अकरम, शगुन, शेरू, पन्नी, अनूप केसरवानी, विजय चौरसिया, सुशांत केसरवानी, मुसाब खान सहित सांसद, विधायक एवं दर्जनों पार्षद शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सुबह से ही मुस्तैद रहा। एसीपी रवि कुमार गुप्ता, कोतवाली प्रभारी संजय राय, शाहगंज थाना प्रभारी कपिल कुमार चहल सहित समस्त थानों व चौकियों की पुलिस ने शोभा यात्रा को सकुशल संपन्न कराया। एलआईयू एवं टीए की टीम ने भी अपने कर्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

# मेजा ऊर्ज़ा निगम द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान के शीतकालीन सत्र के उद्घाटन समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। मंगलवार को मेजा ऊर्ज़ा निगम द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण अभियान के शीतकालीन सत्र 2025-26 के उद्घाटन समारोह का आयोजन सेंट जोसफ स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजा ऊर्ज़ा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जी. श्रीनिवास राव रहे और उन्होने इस मौके पर सभी को शुभकामनायें दी और बालिकाओं को पढ़ने एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा कविता राव रही। कार्यक्रम का स्वागत भाषण मानव संसाधन विभागाध्यक्ष विवेक चंद्रा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का समापन उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), अजय सिंह के धन्यवाद प्रस्ताव से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान मेजा ऊर्ज़ा निगम के वरिष्ठ अधिकारिगण, अपराजिता महिला समाज की पदाधिकारी,एसोसियसन एवं यूनियन के पदाधिकारी , 40 बालिकाएँ एवं उनके अभिभावकगण मौजूद थे। बालिका सशक्तिकरण अभियान से लाभान्वित दो बालिकाओं ने अपना अनुभव भी सबसे साझा किया। कार्यक्रम के दौरान सभी बालिकाओं के लिए स्कूल बैग का वितरण किया गया।

इस एक सप्ताह की कार्यशाला का लक्ष्य बालिकाओं के रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को उभार कर आत्मविश्वास बढ़ाना एवं सामाजिक समानता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। मेजा ऊर्ज़ा निगम ने 2019 में बालिका सशक्तिकरण अभियान शुरू किया जो भारत सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पहल से प्रेरित है।

मेजा ऊर्ज़ा निगम द्वारा आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान का उद्देश्य लड़कियों को अधिक अवसर प्रदान कर लैंगिक असमानता को समाप्त करना है। इस अभियान के माध्यम से लड़कियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मरक्षा और जीवन कौशल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जागरूक किया जाता है।

# स्थानीय पत्रकारों ने गठित किया 'गोसाईगंज/सुशांत गोल्फ सिटी प्रेस क्लब'



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के कबीरपुर में स्थित एक ढाबे पर मंगलवार को स्थानीय पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में गोसाईगंज तथा सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के लगभग दो दर्जन पत्रकारों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय पत्रकारों को एकजुट करना और उनकी समस्याओं एवं चुनौतियों पर खुलकर चर्चा करना था।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान दौर में पत्रकारों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। पत्रकारिता क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों, जोखिमों और समस्याओं के बीच एकता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। इसी उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों की सर्वसम्मति से 'गोसाईगंज/सुशांत गोल्फ सिटी प्रेस क्लब' नामक समिति का गठन किया गया।

वरिष्ठ पत्रकार राजीव दीक्षित ने नवगठित प्रेस क्लब की सराहना करते हुए कहा कि यह क्लब स्थानीय पत्रकारों की आवाज को मजबूती से बुलंद करेगा और उनकी एकजुटता का प्रतीक बनेगा। वहीं, वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र सिंह ने पत्रकारिता को आज के समय में अत्यंत चुनौतीपूर्ण, जोखिम भरा तथा उद्देश्यपूर्ण कार्य बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि नई पीढ़ी के पत्रकारों का उत्साहवर्धन करना और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करना आवश्यक है, ताकि पत्रकारिता की परंपरा आगे बढ़ सके।

बैठक में सुमित श्रीवास्तव, फुरकान राईन, राजीव दीक्षित, अर्जुन तिवारी, सर्वेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अनिल प्रजापति, सत्येंद्र, गंगाचरण, दिव्यांशु त्रिपाठी, राम सुमिरन, अभिषेक यादव सहित कई अन्य स्थानीय पत्रकार उपस्थित रहे। सभी ने प्रेस क्लब के माध्यम से क्षेत्रीय मुद्दों को उठाने और पत्रकार हितों की रक्षा करने का संकल्प लिया। यह नवगठित क्लब गोसाईगंज एवं सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के पत्रकारों के लिए एक मजबूत मंच साबित होगा।

# कोरांव सीएचसी में पीडियाट्रिक टीबी पर ऑन-साइट प्रशिक्षण आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज । कोरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साथी संस्था के माध्यम से वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स द्वारा एक दिवसीय ऑन-साइट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में पीडियाट्रिक टीबी कार्यक्रम के अंतर्गत गैस्ट्रिक एस्पिरेट एवं इंड्यूस्ड स्पुटम सैंपल कलेक्शन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण स्टेट नर्स मेंटर दिलसाद बानो, जिला कार्यक्रम समन्वयक अतुल सिंह तथा एमओआईसी सीएचसी कोरांव डॉ. के.बी. सिंह द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में सीएचसी एवं ब्लॉक स्तर के स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर रजनीश मिश्रा, बीसीपीएम महेंद्र सोनकर, एनटीईपी के एसटीएस अभिषेक कुमार राय, लैब टेक्नीशियन अनिल तिवारी, सहित सीएचओ, एएनएम एवं स्टाफ नर्स उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में टीबी की समय पर पहचान, स्क्रीनिंग में वृद्धि तथा फील्ड स्तर से सीएचसी तक संदिग्ध मरीजों के सही रेफरल को सुनिश्चित करना रहा, जिससे बच्चों में टीबी नियंत्रण को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

## उरुली में पांच ट्रेनों का अस्थाई ठहराव

लखनऊ। श्री प्रयागधाम, उरुली में वार्षिक भंडारा उत्सव में जाने वाले श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए पांच ट्रेनों का एक मिनट का अस्थाई ठहराव मध्य रेलवे के उरुली स्टेशन पर दिया जाएगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूचि स0 | PYGS-SMU-26 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stalls at PYGS stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 13.01.2026 at 13:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने कि तिथि व समय | 13.01.2026 at 13:40 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहा पंजीकृत बोलिदातयो द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

**Details of catering stalls to be auctioned are as under:-**

| Sn | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Prayagraj Sangam | Catg-LKO-PYGS-SMU-49-24-1 | PYGS/PF-4-5/109/NEW | 13-01-2026 at 13:30 hrs | SMU | OBC |
| 2 | Prayagraj Sangam | Catg-LKO-PYGS-SMU-42-24-1 | PYGS/PF-1-/104/NEW | 13-01-2026 at 13:40 hrs | SMU | SC |

51/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दुबग्गा की बदहाली पर सिस्टम बेबस

## गंदे पानी में चलने को मजबूर बच्चे, शिकायतें काग़ज़ों में दफन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुबग्गा (लखनऊ)। राजधानी लखनऊ को स्मार्ट सिटी और स्वच्छता का मॉडल बताने वाले दावे दुबग्गा इलाके में आकर दम तोड़ देते हैं। दुबग्गा स्थित बेबी मार्टिन स्कूल के पास सड़क पर महीनों से भरा नाली का गंदा पानी न केवल प्रशासनिक उदासीनता को उजागर कर रहा है, बल्कि पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर रहा है। हालात इतने भयावह हैं कि सड़क अब रास्ता नहीं, बल्कि बदबूदार तालाब में तब्दील हो चुकी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नाली का गंदा पानी लगातार सड़क पर बह रहा है। तेज दुर्गंध के कारण लोगों का यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। मच्छरों और कीटों की भरमार से मलेरिया और अन्य सक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति स्कूल जाने वाले मासूम बच्चों की है। जिन्हें रोज़ इसी गंदे पानी से होकर आना-जाना पड़ता है। कई बार बच्चे फिसलकर गिर चुके हैं, लेकिन जिम्मेदारों की नींद आज तक नहीं खुली।



नागरिकों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर लखनऊ नगर निगम, जोन-6 कार्यालय और क्षेत्रीय पार्षद बादशाह गाज़ी से कई बार शिकायत की गई। हर बार सिर्फ आश्वासन मिला, समाधान नहीं। न नाली की सफाई हुई और न ही जलनिकासी की



स्थायी व्यवस्था बनाई गई। बारिश होते ही हालात और बदतर हो जाते हैं और सड़क पूरी तरह जलमग्न हो जाती है। शिकायतकर्ताओं का यह भी कहना है कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर कई बार शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन बिना मौके पर आए ही रिपोर्ट लगाकर प्रकरण बंद कर दिया गया। न कोई अधिकारी निरीक्षण के लिए पहुंचा और न ही जनता से संवाद किया गया। इससे जनसुनवाई जैसी व्यवस्था की पारदर्शिता और प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस दौरान नगर आयुक्त, मेयर और जोन-6 के अधिकारी बदलते रहे। लेकिन दुबग्गा की समस्या जस की तस बनी रही। इससे साफ है कि यह मामला किसी एक अफसर या जनप्रतिनिधि की लापरवाही नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की संवेदनहीनता का उदाहरण है। स्थानीय लोगों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नाली की सफाई और स्थायी जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो किसी भी दुर्घटना या बीमारी की जिम्मेदारी नगर निगम और जनप्रतिनिधियों की होगी। लोगों का सवाल है क्या आम जनता की तकलीफों की कोई सुनवाई नहीं? क्या जनसुनवाई सिर्फ फाइलों में निस्तारण का जरिया बनकर रह गई है? राजधानी के बीचोंबीच फैली यह बदहाली न सिर्फ सिस्टम की नाकामी उजागर कर रही है बल्कि शासन-प्रशासन के दावों पर भी करारा तमाचा साबित हो रही है।

# मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने किया कंबल वितरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कदम रसूल वार्ड के अंतर्गत आज जरूरतमंदों के बीच 1000 कंबलों का वितरण कार्यक्रम शाही ईमाम लखनऊ व सदर इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया हज़रत मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली साहब के करकमलों से सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक, पूर्व मंत्री एवं समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव मो. यामीन खान ने बताया कि ठंड के मौसम में गरीब और जरूरतमंद परिवारों की मदद के उद्देश्य से इस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।कदम रसूल वार्ड के पार्षद मो. नदीम खान ने भी इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग और योगदान दिया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने इस जनसेवा प्रयास की सराहना की।

## दूषित पेय जल सप्लाई से लोगों में खौफ



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अभी इंदौर मे दूषित जल से हुई लोगों की मौत का मामला लोगों के ज़हन से उतरा भी नही कि राजधानी लखनऊ के नगरिया मे भी ऐसी ही तस्वीर उभरने पर आमादा दिखाई दे रही है क्योंकि यहाँ भी जल विभाग दूषित जल का संचालन कर रहा है जिससे पूरा क्षेत्र सहमा दिखाई दे रहा है यहाँ कि जानकारी स्थानीय निवासी सुनील से प्राप्त हुई है जिन्होंने बताया कि पिछले 3 से 4 दिनों से नल मे आने वाला पानी देखने लायक नही है लेकिन मजबूरी मे उसी पानी से सारा काम करना पड़ रहा है उनका कहना था कि इस संबंध मे जल कल विभाग को सूचना दी गई है लेकिन अभी तक कोई संज्ञान नही लिया गया है और गंदे पानी की सप्लाई निरंतर जारी रखी गई है जिसके चलते पूरा क्षेत्र सहमा हुआ है कि कहीं दूषित जल से कोई अनहोनी ना हो जाये।अब देखना ये होगा कि हमारी खबर के बाद यहाँ जलकल विभाग द्वारा कोई सकारात्मक पहल की जाती है या किसी बड़े हादसे का इंतज़ार होता है।।

## शादी का झांसा देकर किशोरी से लंबे समय तक शोषण, बालिग होने पर मुकरा युवक, मुकदमा दर्ज

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी का भरोसा देकर एक किशोरी के साथ लंबे समय तक गलत व्यवहार किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता के बालिग होने के बाद जब उसने आरोपी युवक से शादी की बात कही तो वह मुकर गया और उसे धमकाकर भगा दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार करीब दो वर्ष पूर्व, जब वह नाबालिग थी, उसी दौरान गांव के ही एक युवक से उसकी पहचान हुई। बातचीत के दौरान नजदीकियां बढ़ीं और युवक ने शादी का आश्वासन देकर उसके साथ संबंध बनाए। आरोपी लगातार बालिग होने पर शादी करने का भरोसा देता रहा, जिस पर पीड़िता ने विश्वास किया। समय बीतने के साथ युवती बालिग हो गई और उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने साफ इंकार कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि युवक ने उसे धमकी देते हुए भगा दिया और इसी बीच किसी दूसरी महिला से कोर्ट मैरिज भी कर ली। घटना से आहत पीड़िता ने निगोहां थाने पहुंचकर तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी

## निगोहां किसान हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई: पुलिस रिमांड पर अहम साक्ष्य बरामद, मोबाइल के हिस्से मिले

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां थाना क्षेत्र के दखिना गांव के किसान शिव प्रकाश उर्फ कबीर की नृशंस हत्या कर शव जलाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए हैं। जेल में बंद मुख्य आरोपियों की 24 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड के दौरान हत्या में प्रयुक्त मोबाइल फोन के हिस्से बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार जमीन विवाद में मुकदमे में हार के डर से 15 नवंबर 2025 को किसान का अपहरण कर हत्या की गई और साक्ष्य मिटाने के लिए शव को उन्नाव ले जाकर जला दिया गया। इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है और घटना में प्रयुक्त दोनों कारें भी बरामद की जा चुकी हैं। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मास्टरमाइंड सुजीत कुमार श्रीवास्तव और दिलीप रावत की निशानदेही पर रायबरेली हाईवे के पास पुल के नीचे से मोबाइल के अहम हिस्से बरामद किए गए हैं, जिन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि विवेचना जारी है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अजय शुक्ल प्रमुख सचिव सहकारिता बने

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राज्य सरकार ने अजय कुमार शुक्ल को प्रमुख सचिव सहकारिता बनाया है। सौरभ बाबू के पास सहकारिता विभाग का अतिरिक्त प्रभार था। अजय कुमार शुक्ल सचिव नगर विकास के पद पर थे। प्रमुख सचिव के पद पर उनकी एक जनवरी को पदोन्नति हुई है। इसलिए उन्हें प्रमुख सचिव के पद पर सहकारिता विभाग में तैनाती दी गई है।

## विद्युत पेंशनर्स परिषद के महासचिव ने मांग की चिकित्सा

लखनऊ। माननीय अध्यक्ष महोदय एवं प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड शक्ति भवन लखनऊ महोदय से सादर अनुरोध है कि चिकित्सा भत्ता रुपया 200/प्रतिमाह 05तारीख तक पेंशनर्स को भुगतान करने के लिए बिजली बिल जमा करने की शर्त को वापस लिया जाए क्यों कि आर एम एस बिलिंग सभी पेंशनरों की हो रही है तथा सभी लोग निर्धारित समय पर अपना बिजली का बिल जमा कर रहे है। यदि कुछ लोग नही जमा कर रहे है तो उन्हें चिन्हित किया जाए लेकिन अधिकांश लोगों को चिकित्सा भत्ता भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। इसी प्रकार जिन पेंशनरों के आवास पर मीटर लग चुके है उनका मीटर फीड कर अधिकतम दो माह में सही विद्युत बिल जेनरेट करने का आदेश जारी किया जाए। वर्तमान में 06माह तक मीटर फीड होकर सही बिल कुछ लोगों को नही मिल रहा है। आशा एवं विश्वास है कि उपरोक्त पेंशनरों की दो प्रमुख समस्याओं का निस्तारण हेतु आप के स्तर से शीघ्र उचित कार्यवाही करने की कृपा की जाएगा।

# लखनऊ दर्शन : इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस को पर्यटन मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को राजधानी के 1090 चौराहे से लखनऊ दर्शन इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस देशी-विदेशी पर्यटकों एवं शहरवासियों को लखनऊ की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत से परिचित कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

लखनऊ दर्शन बस 1090 चौराहे से चलकर विधान सभा, हजरतगंज सहित प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराते हुए ऐतिहासिक रेजीडेंसी पहुंचेगी। यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई है, साथ ही उन्हें तुलसी का बीज भी प्रदान किया जाएगा। बस में प्रशिक्षित टूर गाइड तैनात रहेंगे, जो पर्यटकों को विभिन्न स्थलों के इतिहास और महत्व की जानकारी देंगे।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि




लखनऊ का अतीत गौरवशाली और परंपराएं अत्यंत समृद्ध हैं। राजधानी में अनेक ऐतिहासिक भवन और धार्मिक स्थल मौजूद हैं। नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने तथा विदेशी पर्यटकों को लखनऊ की गौरवगाथा से अवगत कराने के उद्देश्य से लखनऊ दर्शन बस सेवा की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि यह इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस राजधानी को एक नई पहचान देगी और पर्यटन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगी। उन्होने बताया कि यह सेवा सात जनवरी से नियमित रूप से संचालित की जाएगी। अगले चरण में इस सेवा को राष्ट्र प्रेरणा स्थल तक विस्तारित करने का प्रयास किया जाएगा, जिसे हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकार्पित किया गया है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए भविष्य में बसों की संख्या बढ़ाए जाने की भी संभावना है। उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार ने बताया कि यह बस सेवा प्रतिदिन दो पाली सुबह और शाम में संचालित होगी। वयस्कों (12 वर्ष से अधिक) के लिए टिकट दर 500 रुपये तथा 5 से 12 वर्ष के बच्चों के लिए 400 रुपये निर्धारित की गई है। अधिक से अधिक पर्यटकों को जोड़ने के उद्देश्य से 31 जनवरी 2026 तक टिकट बुकिंग पर 10 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। टिकट की बुकिंग यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट से ऑनलाइन तथा यात्रा स्थल पर ऑफलाइन भी की जा सकेगी। इस अवसर पर महानिदेशक पर्यटन राजेश कुमार द्वितीय, डॉ. वीरेन्द्र कुमार सहित पर्यटन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उप्र में लक्ष्य से अधिक 6.90 लाख टीबी मरीज मिले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) उन्मूलन की दिशा में उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर देश में अग्रणी प्रदर्शन किया है। बीते वर्ष प्रदेश में 6.75 लाख टीबी मरीजों की पहचान का लक्ष्य रखा गया था, जिसके सापेक्ष 6.90 लाख मरीजों की पहचान कर उनका इलाज सुनिश्चित किया गया।

इससे पहले वर्ष 2023 और 2024 में भी उत्तर प्रदेश टीबी मरीजों के चिन्हिकरण के निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर चुका है।

नेशनल टीबी टास्क फोर्स के वाइस चेयरमैन डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि टीबी उन्मूलन का सबसे प्रभावी तरीका अधिक से अधिक मरीजों की समय रहते पहचान और उपचार है। उत्तर प्रदेश ने इस दिशा में निरंतर बेहतर प्रयास किए हैं। बीते तीन वर्षों में हुए प्रयासों के चलते प्रति एक लाख आबादी पर टीबी के मामलों में कमी आई है और टीबी से होने वाली मौतों में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में प्रदेश में 27 लाख से अधिक मामलों की जांच नैट (नॉट) मशीन से की गई। विशेषज्ञों के अनुसार स्मियर माइक्रोस्कोपी से कई टीबी मरीज छूट जाते हैं, इसलिए नैट जांच को लगातार बढ़ाया जा रहा है। वर्ष 2024 में जहां 13 लाख मामलों की जांच नैट से हुई थी, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 27 लाख से अधिक हो गई। राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि प्रदेश में टीबी उन्मूलन के लिए बहुआयामी रणनीति पर काम किया जा रहा है। वर्ष 2015 की तुलना में नए टीबी रोगियों में 17 प्रतिशत और मृत्यु दर में भी 17 प्रतिशत की कमी आई है। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 7 दिसंबर 2024 से अब तक 2,18,986 लक्षणहीन टीबी रोगियों की पुष्टि की गई है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में प्रदेश के 5,367 ड्रग रेजिस्टेंट टीबी मरीजों को आधुनिक बी-पाल्म रेजीमेन दिया गया, जो देश में सर्वाधिक है।

# शिक्षा व्यवस्था की अनिवार्य कड़ी हैं शिक्षामित्र : संदीप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ एवं परिषदीय अनुदेशक संघ के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को लखनऊ स्थित विश्वेश्वरैया ऑडिटोरियम में एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षामित्र शिक्षा व्यवस्था की अनिवार्य कड़ी हैं। वे कोई समस्या नहीं, बल्कि समाधान हैं। बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार का निर्णय और दिशा दोनों साफ हैं। शिक्षामित्रों की तैनाती यथासंभव उनके स्थानीय क्षेत्र में की जाएगी, जिससे विद्यालय, समाज और शिक्षा के बीच स्वाभाविक और स्थायी जुड़ाव बने। उन्होंने स्पष्ट किया कि योगी सरकार का एजेंडा केवल कायाकल्प के नाम पर इमारतें खड़ी करना नहीं, बल्कि शिक्षा की नींव को मजबूत करना है। आज संसाधन बढ़े हैं, स्कूलों की संरचना सुधरी है और डिजिटल सुविधाएं गांव-गांव तक पहुंची हैं। सरकार का फोकस केवल आंकड़ों पर नहीं, बल्कि बच्चों की वास्तविक सीख, समझ और उपलब्धि पर है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक की भूमिका सिर्फ पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है। समाज को दिशा देना, कुरीतियों के खिलाफ चेतना जगाना और राष्ट्र के लिए जज्बा पैदा करना भी शिक्षक का अहम दायित्व है। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र नई पीढ़ी का भविष्य गढ़ रहे हैं और उनकी आवाज संगठन के माध्यम से ही प्रभावी ढंग से सरकार तक पहुंच सकती है। एकजुटता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि अलग-अलग संगठन होना गलत नहीं है, लेकिन उद्देश्य एक और सकारात्मक होना चाहिए। मंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि कुछ लोग शिक्षामित्रों की राजनीति कर उनके भविष्य को भ्रमित करने का प्रयास करते हैं, जिससे उन्हें कोई स्थायी लाभ नहीं मिलता। यदि शिक्षामित्र संगठित रहकर सीधे संवाद करते, तो कई समस्याएं अब तक सुलझ चुकी होतीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं। नई शिक्षा नीतिऽ2020 के तहत आगे और सकारात्मक परिवर्तन होंगे। डिजिटल युग में शिक्षा को तकनीक से जोड़ा गया है और उत्तर प्रदेश तेजी से देश में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनने की दिशा में बढ़ रहा है। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 में विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश का सपना इन्हीं शिक्षकों और शिक्षामित्रों के कंधों पर साकार होगा। मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों के लिए घोषित कैशलेस चिकित्सा सुविधा सरकार की संवेदनशीलता का प्रमाण है। उन्होंने दोहराया कि मानदेय, सम्मान, सुरक्षा और स्थायित्व जैसे मुद्दों पर सरकार गंभीरता और संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

# मिशन-2027 की तैयारी में भाजपा, संगठन में एकजुटता पर दिया गया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर संगठनात्मक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं से पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतरने का आह्वान किया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संगठन में किसी भी प्रकार का भी पक्षपात न कर सभी को एकजुट होकर पार्टी के लक्ष्य के लिए कार्य करना होगा।



रानीडीहा स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह एवं क्षेत्रीय कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा चुनाव में अब अधिक समय शेष नहीं है, ऐसे में सभी कार्यकर्ताओं को 'मिशनऽ2027' के लिए मोड में आ जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन की ताकत कार्यकर्ता होते हैं और उनकी सक्रियता ही चुनावी सफलता की कुंजी बनेगी। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार गोरखपुर पहुंचे पंकज चौधरी का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बाबा गोरखनाथ का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। बाद में संघ कार्यालय जाकर प्रांत प्रचारक से मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। बैठक में कार्यकर्ताओं को आपसी संवाद, समन्वय और सामूहिक कार्यशैली का मंत्र दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की एकजुटता और सक्रियता का संदेश सीधे प्रदेश नेतृत्व तक पहुंचे, यही इस दौरे का उद्देश्य है। कार्यसमिति की बैठक में आगामी राजनीतिक रणनीति और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी मंथन किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# स्तन स्वास्थ्य की निगरानी के लिए केजीएमयू को मिला वियरेबल डिवाइस का पेटेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के संयुक्त बायोडिज़ाइन कार्यक्रम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल बायोडिज़ाइन-सिंर्जाइजिंग हेल्थकेयर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (एसआईबी शाइन) को चिकित्सा नवाचार के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता मिली है।

एसआईबी शाइन को स्तन असामान्यता की निगरानी के लिए वियरेबल सेंसर पैच नामक अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस के लिए पेटेंट प्रदान किया गया है। यह उपकरण महिलाओं के स्तन स्वास्थ्य की प्रारंभिक पहचान और लगातार निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

यह वियरेबल सेंसर पैच एक हल्का, सुरक्षित और गैर-आक्रामक उपकरण है, जिसे स्तन पर कुछ घंटों तक आसानी से



लगाया जा सकता है। इसे सामान्य अंतर्वस्त्रों के नीचे आराम से पहना जा सकता है, जिससे महिलाओं की दिनचर्या प्रभावित नहीं होती। यह डिवाइस स्तन में होने वाले असामान्य बदलावों की निरंतर निगरानी कर सकती है, जिससे समय रहते बीमारी की पहचान और उपचार संभव हो सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तकनीक विशेष रूप से स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक जांच में उपयोगी सिद्ध हो सकती है।

इस अभिनव डिवाइस की परिकल्पना एसआईबी शाइन के पहले फ़ेलोशिप बैच के दौरान क्लिनिकल इमर्शन चरण में की गई थी। केजीएमयू के एंडोक्राइन सर्जरी विभाग की डॉ. पूजा रामाकांत के मार्गदर्शन में एसआईबी शाइन फ़ेलो श्रेया नायर ने इस अधूरी चिकित्सीय आवश्यकता को पहचाना। इसके बाद आईआईटी कानपुर के प्रोफ़ेसर डॉ. तुषार संधान के इंजीनियरिंग मार्गदर्शन में इस विचार को एक कार्यशील प्रोटोटाइप का रूप दिया गया। श्रेया नायर माइक्रोबायोलॉजी पृष्ठभूमि से हैं और उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत स्टार्टअप ब्रेला इनोवेशंस की भी स्थापना की है। एसआईबी शाइन के कार्यकारी निदेशक डॉ. ऋषि सेठी ने कहा कि इस संस्थान की स्थापना का उद्देश्य चिकित्सकों और इंजीनियरों को एक मंच पर लाकर रोगी-केंद्रित और व्यावहारिक समाधान विकसित करना है। यह पेटेंट केजीएमयू और आईआईटी कानपुर के बीच मजबूत सहयोग और नवाचार की सफलता को दर्शाता है। केजीएमयू की कुलपति प्रो. डॉ. सोनिया नित्यानंद ने इस उपलब्धि पर एसआईबी शाइन टीम और नवप्रवर्तकों को बधाई देते हुए इसे स्वदेशी चिकित्सा उपकरण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

गौरतलब है कि एसआईबी शाइन, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर का संयुक्त कार्यक्रम है, जिसे वर्ष 2022 में भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के मार्गदर्शन में शुरू किया गया था। अब तक यह कार्यक्रम दो फ़ेलोशिप बैच पूरे कर चुका है और चार मेडटेक स्टार्टअप्स को जन्म दे चुका है। एसआईबी शाइन के वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक सुमित कुमार वैष ने बताया कि जल्द ही तीसरे बैच के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

# सेक्रेटरी और सरपंच ने बिना काम कराए सरकारी खजाने को लगाया ठिकाने

**खंड विकास अधिकारी की निष्क्रियता से बड़े पैमाने पर पनप रहा भ्रष्टाचार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिधौली, सीतापुर। सिधौली ब्लाक की ग्राम पंचायत हुसैनगंज में इटरलांकिग कार्य के नाम पर भ्रष्टाचार की दास्तां ही कुछ अजीबो गरीब देखने को मिली। हुसैनगंज के प्रधान दयाशंकर पाल और सचिव ने विकास कार्यों के लिए आए सरकारी खजाने को ठिकाने लगा कर अपनी अपनी तिजोरियों में भर लिया है।

इंटरलॉकिंग कार्य के नाम पर भ्रष्टाचार की पूरी कहानी इतनी सफाई से लिख दी गई कि ब्लाक के अफसर जानकार भी अंजान बने हुए हैं। बिना इंटरलॉकिंग कार्य किए ही लाखों रुपए का बंदरबांट कर लिया।जानकार सूत्रों की मानें तो 2024 - 25 वर्ष के अगस्त माह में हुसैनगंज के मजरा गुरु बक्स पुर गांव में




## दिनेश के मकान से मेन खड़ंजा तक इटरलांकिग कार्य

ग्रामीणों ने बताया कि इस इंटरलॉकिंग कार्य के नाम पर कागजों पर 7 लाख से अधिक धनराशि निकाली गई लेकिन धरातल पर हकीकत कागजों के विपरीत है। दिनेश के मकान में लगभग बीस मीटर तक ही इटरलांकिग लगवाईं गई है।सात लाख रुपए की धनराशि खर्च होने के बाद भी खड़ंजे पर निकल रहें हैं। कागजों पर भले ही इटरलांकिग कार्य को प्रगति दे दी गई है लेकिन धरातल पर आज भी खड़ंजा लगा हुआ है। योगी सरकार जीरो टॉलरेंस की नितियों पर कार्य कर रही है लेकिन सिधौली ब्लाक में सेक्रेटरी और प्रधान के द्वारा सरकार की नितियों पर पानी फ़ेर कर तिजोरी भरी जा रही है। हुसैनगंज पंचायत में इतने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया आखिर इन भ्रष्टाचारियों को किसका संरक्षण मिल रहा है।जो विकास कार्यों को धरातल पर ना उतार कर सरकारी धनराशि का बंटवारा कर हजम कर जाते हैं।

## कार्य में हुआ भुगतान

दिनेश के मकान से मेन खड़ंजा तक इटरलांकिग कार्य पर खर्च की गई धनराशि 2/8/2025 को 5 लाख 33 हजार 525रु न्यू बाला जी कंट्रेक्टर एवं सप्लायर, 84945 प्रखर ब्रिक्र फील्ड ईट भट्ठा, 81636 मजदूरी भुगतान, 9768 इंजिनियर अंकुर वर्मा के नाम पर भुगतान किया गया।

# बिसवां में आयोजित हिंदू सम्मेलन में सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता पर दिया गया बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**हिन्दू सम्मेलनों के आयोजन का उद्देश्य भी सनातन संस्कृति, सनातन धर्म और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है, जिसकी प्राप्ति होती हुई दिख रही है**

बिसवां, सीतापुर। सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवा में सकल हिन्दू समाज आयोजक समिति द्वारा केशव बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जय प्रकाश क्षेत्र व्यवस्था प्रमुख एवं वरिष्ठ प्रचारक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दू सम्मेलनों में सकल हिन्दू समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा मिलकर किया जा रहा है जिससे समाज के समस्त अंगों में आपस में भाईचारा पुष्ट हो रहा है। छोटे छोटे आपसी मतभेद समाप्त हो रहे हैं एवं विशेष रूप से युवा नागरिकों को हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों से अवगत होने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

इन हिन्दू सम्मेलनों के आयोजन का उद्देश्य भी सनातन संस्कृति, सनातन धर्म और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है, जिसकी प्राप्ति होती हुई दिख रही है। भारत के भी आज विश्व के लगभग समस्त देशों के साथ दोस्ताना सम्बंध हैं, भारत ने कभी भी किसी देश की जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से किसी देश के साथ युद्ध नहीं किया है। भारत सदैव से ही ब्लजियो और जीने दोब्ल के सिद्धांत का अनुपालन करता आया है। बल्कि, विश्व के अन्य देशों के नागरिक, जैसे, शक, हूण, कुषाण, पारसी, यहूदी, ईसाई एवं मुस्लिम भी भारत आकर आसानी से यहां रच बस गए हैं। आज पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा देश है जिसमें मुस्लिम समाज के समस्त फिर्के पाए जाते हैं। संत रघुवंश शास्त्री ने कहा कि हिंदुत्व यदि सशक्त होता है तो यह न केवल भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के हित में होगा क्योंकि आज विश्व के विभिन्न देशों में फैली अशांति को दूर करने में केवल सनातन हिंदू संस्कृति ही सक्षम दिखाई दे रही है और इस विषय को विभिन्न देशों में फैले भारतीय मूल के नागरिकों के माध्यम से विकसित एवं अन्य देशों के नागरिक भलीभांति समझने लगे हैं क्योंकि इन देशों में निवासरत भारतीय मूल के नागरिक सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों का अनुपालन करते हुए दिखाई देते हैं जिनमें ब्लवसुधैव कुटुम्बकम का भाव दिखाई देता है।

इन देशों में समस्त भारतीय मूल के नागरिक शांतिपूर्वक अपना जीवन यापन करते हैं एवं वहां की स्थानीय अर्थव्यवस्था में अपना सशक्त योगदान देते हुए दिखाई देते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही समाजसेविका रजनी गुप्ता ने कहा कि हम सभी हिन्दू समाज के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि हिन्दू समाज मजबूती के साथ धार्मिक आयोजन में बढ़ चढ़ कर अपनी अपनी सहभागिता प्रस्तुत कर रहा है। आयोजन समिति के सभी सदस्यों को सफल हिन्दू सम्मेलन आयोजित करने के लिए साधुवाद देते हुए शुभकामनाएं देती हूं। कार्यक्रम का सफल संचालन साहित्यकार आनंद खत्री ने किया क्र इस अवसर पर काफ़ी संख्या में हिंदू जन एकत्र हुए ।

# लापरवाही पर जिलाधिकारी सख्त, शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव व टीकाकरण के निर्देश

**खैराबाद व एलिया के प्रभारी चिकित्साधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने कार्यों में गम्भीरता लायें।

सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सालयों की व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाये तथा साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने संबंधित प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराया जाये। प्रसव के दौरान समस्त सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि गैर पंजीकृत चिकित्सालयों एवं घरों में कोई प्रसव न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।




उन्होंने कहा कि ड्यू लिस्ट समय से अपडेट करायी जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ई कवच पोर्टल एवं आरसीएच पोर्टल पर डाटा फीडिंग का कार्य पूरी शुद्धता के साथ किया जाये।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र व्यापक रूप से आयोजित किये जायें तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

सभी सत्रों का नियमानुसार सुपरवाईजरी विजिट भी सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर कम किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले सी0एच0ओ0 को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाये। उन्होंने टेलीकंसल्टेंसी में सुधार के निर्देश भी दिये। ?जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को सुचारू रूप से संचालित किया जाये। फैमिली प्लानिंग हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। एन0आर0सी0 में रेफरल बढ़ाये जाने के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि कम्युनिटी रेफरल को प्रोत्साहित किया जाये।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के बाहर आकर्षक बोर्ड लगाते हुये ब्रान्डिंग की जाये तथा इन इकाईयों में उपलब्ध सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जाये। क्षेत्र की जनता में यह विश्वास उत्पन्न किया जाये कि स्वास्थ्य केन्द्र में उत्कृष्ट कोटि की सेवाएं उपलब्ध हैं। मरीजों एवं तीमारदारों से अच्छा व्यवहार किया जाये तथा उन्हें समस्त प्रकार की जानकारियां उपलब्ध करायी जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई फैसिलिटी बिना पर्याप्त कारण के रिफरल न करें तथा रिफरल के उपरान्त मरीजों का फीडबैक अवश्य लिया जाये।

मातृ सुरक्षा केन्द्र के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि बार रूम के माध्यम से निर्धारित प्रारूप पर सूचनाएं संकलित की जायें तथा समय से गर्भवती महिलाओं दूरभाष के माध्यम से टीकाकरण, जांच, सलाह आदि से संबंधित सूचनाएं प्रदान की जायें।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि व्यापक अभियान चलाते हुये टी0बी0 मरीजों को चिन्हीकरण किया जाये तथा चिन्हित मरीजों को समुचित उपचार तथा शासन द्वारा दी जा रही सुविधाएं प्रदान की जायें। मैसरेटेड फीटस के खैराबाद एवं एलिया में अधिक मामले मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी खैराबाद एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी एलिया का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये।बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेश कुमार सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# खैराबाद के शांतिनगर में धूमधाम से मनाई गई स्वर्गीय बाबू कल्याण सिंह जी की जयंती

**कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके पश्चात स्वर्गीय बाबू कल्याण सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद, सीतापुर । खैराबाद नगर के शांतिनगर मोहल्ले में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, हिंदू हृदय सम्राट परम श्रद्धेय स्वर्गीय बाबू कल्याण सिंह जी की जन्म जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगर पालिका परिषद खैराबाद की अध्यक्ष एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके पश्चात स्वर्गीय बाबू कल्याण सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत समाजसेवा के उद्देश्य से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा श्री अनूप गुप्ता जी, हिंदू हृदय सम्राट महंत बजरंगमुनि जी, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य श्री राकेश त्रिपाठी जी सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में समाजसेवी गौरव अग्रवाल, गौरव गुप्ता, कुलदीप जायसवाल सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने स्वर्गीय बाबू कल्याण सिंह जी के राष्ट्रवादी विचारों, राम मंदिर आंदोलन में उनके योगदान और जनसेवा को याद करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

# ड्राफ्ट मतदाता सूची पर 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे-आपत्तियां

**महिला मतदाता 10.75 लाख के पार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एवं राज्यीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन (ड्राफ्ट मतदाता सूची) की प्रतियां उपलब्ध कराईं।प्रारूप प्रकाशन के आंकड़ों के अनुसार जनपद की आठों विधानसभा क्षेत्रों पलिया, निघासन, गोला गोकर्णनाथ, श्रीनगर, धौरहरा, लखीमपुर, कस्ता एवं मोहम्मदी में कुल 13,08,140 पुरुष मतदाता और 10,75,881 महिला मतदाता पंजीकृत हैं। इसके साथ ही जिले में 49 थर्ड जेंडर मतदाता भी दर्ज हैं। सर्वाधिक मतदाता लखीमपुर विधानसभा क्षेत्र में पाए गए, जहां कुल 3,22,931 मतदाता पंजीकृत हैं।निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद आम नागरिकों को 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर दिया गया है। इस अवधि में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम में संशोधन कराने अथवा स्थानांतरण के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिन युवाओं की आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूरी हो चुकी है या होने वाली है, वे फॉर्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। फॉर्म-6 के साथ अनुलग्नक-4 (घोषणा पत्र) एवं आवश्यक अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा।मतदाता सूची में पहले से दर्ज मतदाताओं के विवरण में सुधार या एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 तथा मतदाता सूची से नाम विलोपन के लिए फॉर्म-7 का उपयोग किया जाएगा। विदेश में निवास करने वाले प्रवासी भारतीयों के लिए फॉर्म-6ए के माध्यम से आवेदन की व्यवस्था की गई है।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि किसी नागरिक का या उनके माता-पिता/दादा-दादी का नाम विशेष गहन पुनरीक्षण-2003 की निर्वाचक सूची में दर्ज नहीं है, तो ऐसे मामलों में संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके अंतर्गत सरकारी पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर, भूमि अथवा मकान आवंटन प्रमाण पत्र सहित अन्य मान्य अभिलेख स्वीकार किए जाएंगे। आधार से संबंधित निर्देश भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पत्र संख्या 23/2025-ईआरएस दिनांक 09.09.2025 के अनुसार लागू होंगे।जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे मतदाता सूची के परीक्षण में सक्रिय सहयोग करें और अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहभागिता निभाएं।

# मतदाता सूची का ड्राफ्ट पब्लिकेशन जारी उत्कृष्ट बीएलओ व सुपरवाइजर सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जनपद मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र गुरुनानक इंटर कॉलेज में मतदाता सूची का ड्राफ्ट पब्लिकेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डिप्टी डीईओ/एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के साथ सभी बूथों की ड्राफ्ट मतदाता सूची जनमानस के अवलोकन हेतु जारी की। कार्यक्रम का संयोजन ईआरओ/एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह ने किया।इस अवसर पर डीएम ने विशेष गहन पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच बूथ लेवल ऑफिसर (उख्र्ग) और तीन सुपरवाइजर को माला पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि कर्मियों की दिन-रात की मेहनत से मतदाता सूची को अधिक सटीक और त्रुटिरहित बनाया जा सका है। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं से फॉर्म-6 भरकर मतदाता बनने का आह्वान करते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि देश सेवा का प्रथम कदम है।डीएम ने बताया कि ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन के साथ नागरिकों को नाम, पता व अन्य विवरणों में सुधार का पूरा अवसर दिया गया है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने इसे लोकतंत्र में नागरिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अहम प्रक्रिया बताते हुए उख्र्ग व सुपरवाइजरों की सराहना की।कार्यक्रम के दौरान 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के लिए मैन्युअल व ऑनलाइन फॉर्म-6 भरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर तहसीलदार मुकेश कुमार, स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, उख्र्ग, सुपरवाइजर तथा बड़ी संख्या में युवा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अवैध शस्त्र सहित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार



सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता । एसपी अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी महोली के निकट पर्यवेक्षण में व थाना प्रभारी महोली जेबी पांडे के कुशल नेतृत्व मे महोली पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शातिर अभियुक्त मनीराम पुत्र परशुराम निवासी नेकपुर थाना महोली जनपद सीतापुर को 01 अदद नाजायज तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु0अ0सं0 11/26 धारा 25(1-उ) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया।

## महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 07 को करेंगी जनसुनवाई

लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण और उत्पीड़न की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 07 जनवरी को जिले के दौरे पर रहेंगी।कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक महिला जनसुनवाई करेंगी। इस दौरान पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायतें सीधे आयोग सदस्य के समक्ष रख सकेंगी और न्याय की राह को आसान बना सकेंगी। बताते चलें कि महिला आयोग के निर्देशानुसार यह जनसुनवाई उन महिलाओं के लिए आयोजित की जा रही है जिन्हें उत्पीड़न के मामलों में न्याय पाने में कठिनाई हो रही है।

## 84 कोसी होली परिक्रमा की तैयारी को लेकर बैठक

मिश्रित, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। 84 कोसीय विश्व विख्यात होली परिक्रमा की तैयारी को लेकर आज तहसील मिश्रित के सभागार में एक बैठक का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । बताते चलें कि महर्षि दधीचि की पौराणिक तपो भूमि के नाम से सुबिख्यात मिश्रिख तीर्थ की पावन वसुंधरा पर त्रेता युग में हुए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की स्मृति में प्रत्येक वर्ष फाल्गुन मास के दौरान 84 कोशिका धार्मिक होली परिक्रमा मेले का आयोजन अतीत काल से होता चला आ रहा है । इस परिक्रमा के विषय में प्राचीन मान्यता यह है । कि बृत्तासुर नामक राक्षस के आतंक से परेशान आम मानव के अतिरिक्त देवी देवताओं ने भारी दहशत का माहौल व्याप्त था । इससे छुटकारा पाने के लिए देवताओं की अनुभूति पर दुरदांत रारक्षस का वध करने के लिए आपस में मंत्रणा करके देवताओं ने ऐतिहासिक देवासुर संग्राम के बाद धरोहर के रूप में महर्षि दाधीचि के पास अपने दिव्यास्त्र धरोहर के रूप में रख छोड़े थे । जिनकी देवताओं ने जब काफी लंबे अंतराल तक शुध नहीं ली तो महर्षि दाधीच ने इन दिव्यांग वस्त्रो का तेज एक जगह सहेज कर आंजमानी जल से इसलिए पान कर लिया । कि कहीं असुर इन दिव्य अस्त्रो का हरण करके उनका दुरुपयोग ना कर सके । देवासुर संग्राम के बाद वृत्रासुर के आतंक से पीड़ित देवताओं को जब इन दिव्यास्त्रों की शुधि आई । तो यह उन्हें लेने के लिए महर्षि दधीचि के पास आए जिस पर । दधिचि ने कहा कि मैं उन्हें दिव्यांग अस्त्रों का तेज आजमनी जल से अपने शरीर में समांहित कर लिया है । तो देवताओं ने यह सोचकर की दधीचि जी की अस्थियां बज्र के समान हो गई हैं । उनकी अस्थियों की याचना उनसे की जिस पर दधीचि ने उन्हें यह जवाब दिया कि मैं त्रैलोक्य के सभी तीर्थो के भ्रमण और दर्शन का संकल्प ले चुका हूं । थोड़ा इंतजार करें मैं तीर्थाटन के बाद लोक कल्याण के लिए अपनी अस्थियों का दान कर दूंगा । क्योंकि वृत्तासुर राक्षस का आतंक चरम पर था । इस लिए देवताओं ने विश्व के समस्त तीर्थो का आवाहन करके देवताओं ने उन्हें यहां बुलाया और वह यहां आकर 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में ठहरे जिन । स्थानों पर वह ठहरे वहीं 84 कोसी ऐतिहासिक परिक्रमा के पड़ाव स्थल के रूप में जाने जाते हैं । इसी की हर वर्ष फाल्गुन मास में परिक्रमार्थी , साधु , सन्यासी , संत , महंत पीठाधीश्वर और आमजन सामान्य के लोग परिक्रमा करते हैं । सीतापुर और हरदोई जनपद के 10 बाहरी पड़ीवो का भ्रमण करता हुआ । यह परिक्रमा दशमी तिथि को मिश्रित तीर्थ आ जाता है ।

# एसपी ने पैदल गश्त कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थाना सदर बाजार क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रमुख मार्गों, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण किया और मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहकर प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर विशेष निगरानी रखने तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गश्त के दौरान उन्होंने आमजन से संवाद स्थापित कर उनसे शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। साथ ही नागरिकों को किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में नियमित गश्त, सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई के माध्यम से जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए, ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरूण, क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत, क्षेत्राधिकारी सदर प्रयांक जैन, क्षेत्राधिकारी पुवायां, क्षेत्राधिकारी तिलहर, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं नगर सर्किल के समस्त प्रभारी निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# मतदाता रजिस्ट्रेशन का हुआ शुभारंभ, नए मतदाताओं से फॉर्म-6 भरने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जीएफ कालेज में मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ गुब्बारे उड़ाकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने वोटर रजिस्ट्रेशन कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया।

डीएम ने बताया कि मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक चलेगा, यदि किसी मतदाता का नाम सूची से कट गया है, तो वह आपत्ति दर्ज करा सकता है और जिन लोगों को अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है, वे 6 फरवरी तक फॉर्म-6 ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन भर सकते हैं। बताया कि 92 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं या उनके संबंधियों का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान हो चुका है, जबकि जिन 01 लाख 70 हजार मतदाताओं का नाम मैच नहीं हुआ है, उन्हें एसडीएम के माध्यम



से नोटिस भेजा जाएगा। कहा कि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी युवा फॉर्म-6 भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा करें अथवा ऑनलाइन आवेदन कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं। सूची में नाम होने पर ही मतदान का अधिकार मिलता है। डीएम ने विद्यार्थियों से अपील की है कि 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह चल रहा है, जिसके अंतर्गत सभी बच्चे रील, वीडियो, पोस्टर, स्लोगन आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। अच्छा कार्य करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने नए मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ने की प्रक्रिया विस्तार से बताई। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा अलवीरा खान ने मतदाता जागरूकता विषय पर प्रभावशाली भाषण दिया। साथ ही अन्य विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, जीएफ कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर मोहसिन हसन खां सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने निर्वाचक नामावलियों का आलेख प्रकाशन कर मतदाता पंजीकरण का किया शुभारम्भ

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने 5 छात्राओं को फार्म-06 प्रदान कर मतदाता पंजीकरण का शुभारम्भ किया**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2025-26 के अन्तर्गत अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में जनपद में अवस्थित 06 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 177-बछरावां (अ0जा0) 179-हरचन्दपुर, 180-रायबरेली, 181-सलोन (अ0जा0), 182-सरेनी एवं 183-ऊँचाहार के मतदेय स्थलों पर निर्वाचनक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन किया गया।

इसी क्रम में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोरा बाजार रायबरेली में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

आईटीआई की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने 5 छात्राओं को फार्म-06 प्रदान कर मतदाता पंजीकरण का शुभारम्भ किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त कार्य ससमय पूर्ण किये गये है। इसी क्रम में आज जनपद की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचनक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन कर मतदाता पंजीकरण का शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि जो भी युवा है जिन्होंने 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है वह सभी अपना मतदाता पंजीकरण अवश्य कराये, आज का युवा हमारा भविष्य है। इसलिये मतदाता, पंजीकरण कराकर अपने मताधिकार को सुरक्षित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, उप जिलाधिकारी विवेक राजपूत, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, तहसीलदार सदर आकृति श्रीवास्तव, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज अहमद सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत का संज्ञान लेकर जारी कराया मृत्यु प्रमाण पत्र

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में लालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिवाकान्त यादव पुत्र स्व0 राज किशोर यादव नि चहोतर, तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली ने प्रार्थना पत्र देकर अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने का अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि मृतक राज किशोर यादव लेखपाल के पद पर कार्यरत थे, जो कि 7 दिसम्बर 2015 को झांसी से लापता हो गये थे। न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) डलमऊ द्वारा दिनांक 04 नवम्बर 2025 को अपने आदेश में सिविल मृत्यु घोषित किया गया था, लेकिन मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नही हो पा रहा था। जिलाधिकारी ने प्रकरण का संज्ञान लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को तत्वरित आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये, जिसके क्रम में उसी दिन दिनांक 05 जनवरी 2026 को मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर उनके पुत्र शिवाकान्त को उपलब्ध करा दिया गया। इसी प्रकार जनसुनवाई में स्व राम कृष्ण पकरा गिरिप्ता बेलाखारा डलमऊ रायबरेली का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराये जाने हेतु प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया गया था, जिसका भी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करवाकर उपल्ब्ध करा दिया गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में उर्वरक की उपलब्धता वितरण एवं प्रवर्तन को लेकर बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। जिलाधिकारी के अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने उर्वरक की उपलब्धता वितरण एवं प्रवर्तन को लेकर जिला कृषि अधिकारी , ए आर कोऑपरेटिव के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में कोआपरेटिव के सचिव निजी कम्पनी प्रतिनिधि एवं थोक विक्रेता उपस्थित थे।

जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में यूरिया 14501 मेट्रिक टन , डी.ए.पी. 4091 मेट्रिक टन, एन. पी.के. 9095 मेट्रिक टन उपलब्ध है, जनपद में इस वर्ष 1 दिसम्बर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक 50010 मेट्रिक टन यूरिया बेचा जा चुका है जो गत वर्ष के उक्त समय के अपेक्षा 5759 मेट्रिक टन जायदा है सहकारी पाक्स के माध्यम से भी लगातार विक्रय किया गया है गत सात दिनों का औसत यूरिया विक्रय 592 मेट्रिक टन है। जनपद में गेहूं की फसल हेतु टॉप ड्रेसिंग के लिए नाइट्रोजन का प्रयोग किया जा रहा है कृषक भाइयों से यह आग्रह है कि बल्क फर्टिलाइजर की जगह नैनो यूरिया का भी प्रयोग करे जो एक प्रभावकारी विकल्प के रूप में हैं। इसके अलावा उर्वरक विक्रेताओं हेतु निर्देशित किया गया की सभी विक्रेता खतौनी प्राप्त कर ही यूरिया वितरण करे । कृषकों को 1 हेक्टेयर पर 5 बैग तक, 1 एकड़ भूमिधारक को 2 बैग और 1 एकड़ से कम भूमि धारक को 1 बैग देना सुनिश्चित करे । साथ ही जनपद में टॉप 20 यूरिया बायर्स के रूप किसी भी क्रेता अथवा विक्रेता का नाम गत दो माह से परीलक्षित नहीं हुआ है । अधिकारियों के द्वारा निजी और सहकारिता पर उपस्थित हो कर उर्वरकों का विक्रय कराया जा रहा है । सभी विक्रेता स्टॉक बोर्ड के अतिरिक्त अपनी दुकान पर बैनर के माध्यम से उर्वरक की उपलब्धता , मात्र और मूल्य का विवरण अंकित करना सुनिश्चित किया गया हैं । सभी विक्रेताओं को कृषकों के जोत और वैज्ञानिक संस्तुति के आधार पर उर्वरक देने हेतु निर्देशित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने सहकारी समितियों को नियमानुसार उर्वरक वितरण हेतु निर्देशित किया गया किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो और ना तो पक्षपात पूर्ण वितरण किया जाए अन्यथा एफ. आई. आर. की करवाई की जाएगी । जनपद में सहकारिता के उर्वरक वितरण में भागीदारी को बड़ाया गया है इसके लिए सहकारिता इफ़को का उर्वरक का वितरण तो कर ही रहा है साथ ही निजी क्षेत्र का कुछ हिस्सा भी सहकारिता को दे दिया गया है ताकि सहकारिता पैक्स के माध्यम से उर्वरकों का वितरण करा सके। विनिर्माता कंपनियों और थोक विक्रेता को उत्पाद टैग ना करने के निर्देश दिए गए अगर ऐसा पाया जाता है तो थोक विक्रेता के साथ विनिर्माण कंपनी पर भी एफआईआर की जाएगी ।

# डीएम ने शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर सई नदी में किया दीपदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। किसान आन्दोलन में शहीद हुए किसानों की याद में शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा सई नदी के तट पर दीप-दान एवं भारत माता मंदिर में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सई नदी के पुनीत तट पर अंग्रेजों की नीतियों के खिलाफ किसानों ने एक बड़ा आन्दोलन किया जिसमें कई किसान शहीद हुए। उन्होंने कहा कि यह आजादी हमारे पूर्वजों के अथक संघर्षो के बाद मिली है। हम सभी को इसका महत्व समझना चाहिए। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी की कीमत हम सबको समझनी चाहिए। हमें अपने पूर्वजों द्वारा दिये गये बलिदान का सम्मान करना चाहिए। शहीद श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन 07 जनवरी 2026, को पूर्वान्ह 11:30 बजे शहीद स्मारक स्थल मुंशीगंज में मुख्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें अमर शहीदों को जिलाधिकारी/गणमान्य नागरिकों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पण कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मान आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, पीडी डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार व अनिल कुमार मिश्रा अध्यक्ष जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन, अमित मिश्रा, शिव नारायण मिश्रा, अनूप कुमार मिश्र, पी0के0 शर्मा, जी0सी0 सिंह चौहान, मोहम्मद उमर, पूनम तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारी आदि लोगों उपस्थित रहें।

# ई-रिक्शा व बाइक की टक्कर, बाइक सवार से मारपीट, तीन गिरफ्तार

**दो समुदाय को होने पर हिन्दू संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता तथा दूसरे समुदाय के लोग आमने सामने आ गए**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना रोजा क्षेत्र के लोधीपुर क्षेत्र में बीती शाम तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने एक बाइक में टक्कर मार दी। विरोध करने पर ई-रिक्शा चालक ने अपने साथियों के साथ बाइक सवार से मारपीट की। यही नहीं, आरोप है कि बाइक सवार को डंडे से पीटा गया और उसकी चोटी खींचकर जान से मारने की धमकी दी गई।

मामला दो समुदाय को होने पर हिन्दू संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता तथा दूसरे समुदाय के लोग आमने सामने आ गए। रोड पर जाम लगा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। पुलिस ने आज बाइक सवार से मारपीट करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।जानकारी के अनुसार, बीती शाम थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला नई वस्ती रेती निवासी अंकित अवस्थी बाइक से खिरनीबाग जा रहा था। इसी दौरान लोधीपुर में एक ई-रिक्शा चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अंकित की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक सवार अंकित का आरोप है कि विरोध करने पर ई-रिक्शा चालक और उसके मोहल्ले के रहने साथियों ने अंकित की चोटी खींचकर लाठी-डंडों से उसको मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। मामला दो समुदाय को होने पर हिन्दू संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता तथा दूसरे समुदाय के लोग आमने सामने आ गए। कई घंटों रोड पर जाम लगा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। इस मामले में बाइक सवार अंकित की तहरीर पर ई-रिक्शा चालक, कामरान, शाहरूख, चन्दू और इमरान समेत 22 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई। इसी क्रम में आज पुलिस ने लोधीपुर से अभियुक्त शाहरूख, राकिब और शहबाज को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रोजा के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ एसआई सतवीर सिंह, राजकुमार गौतम आदि मौजूद रहे।

## आशा कर्मियों की हड़ताल 23वें दिन भी रही जारी

बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर आशा कर्मियों की राज्यव्यापी हड़ताल शुक्रवार को 23वें दिन भी जारी रही। मालवीय मैदान में चल रहे धरना- प्रदर्शन में बड़ी संख्या में आशा कर्मियों ने भाग लिया। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। आशा कर्मियों ने मानदेय बढ़ाने, नियमित करने और लंबित मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग की। हड़ताल के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

## शाम ढलते ही अस्वच्छ फास्ट फूड के सजजे है ठेले, जिम्मेदार मौन

बदायूँ , कैनविज टाइम्स संवाददाता। उझानी कस्बे में स्टेशन रोड, कछला रोड, बरी बाइपास, बिल्सी रोड व पंखा रोड पर शाम ढलते ही अस्वच्छ फास्ट फूड के ठेले सज जाते हैं। मोमोज, बर्गर, नूडल्स और चाऊमीन की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ती है, लेकिन खाद्य विभाग व नगर पालिका के खाद्य निरीक्षक की कोई कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही। चिकित्सकों का कहना है कि फास्ट फूड में प्रयुक्त दूषित चटनियां, कृत्रिम रंग और बार-बार इस्तेमाल किया गया तेल बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। सरकारी अस्पताल में पेट दर्द, उल्टी-दस्त और बुखार की शिकायत लेकर पहुंचने वाले बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से फास्ट फूड ठेलों की जांच, सैंपलिंग और साफ-सफाई के नियमों को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

## महिला महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन

बदायूँ, , कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय महिला महा विद्यालय, बदायूँ में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली काआयोजन किया गया। रैली का संयोजनरसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश कुमार द्वारा किया गया। रैली में महाविद्यालय की छात्राओं मधु, महक, इकरा फरीन, हिमांशी यादव सहित अनेक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। छात्राओं ने वाहन धीमा चलाएँ, अपना कीमती जीवन बचाएँ और यातायात नियम अपनाएँ, सुरक्षित जीवन पाएँ जैसे प्रभावशाली नारों के माध्यम से राहगीरों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. अर्चना पांडेय, डॉ. भावना सिंह, एनएसएस प्रभारी डॉ. ऋषभ भारद्वाज एवं रेंजर प्रभारी डॉ. सरिता गौतम ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन सड़क सुरक्षा शपथ के साथ हुआ, जिसमें प्राध्यापकगण, कार्यालय स्टाफ एवं छात्राओं ने भाग लेकर यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया।

## राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण

बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को एनएसएस एवं एनसीसी इकाइयों द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं ने यातायात नियमों के पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग व लापरवाही से वाहन न चलाने की शपथ ली। प्राचार्य ले. डॉ. श्रद्धा गुप्ता ने सड़क सुरक्षा को जीवन सुरक्षा से जोड़ते हुए युवाओं से जागरूक नागरिक बनने की अपील की।

## नव वर्ष पर एडी बेसिक व बीएसए से शिष्टाचार भेंट, शिक्षकों की समस्याओं से कराया अवगत

बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जूनियर शिक्षक संघ के मण्डल उपाध्यक्ष यतेंद्र सिंह ने कैन्विज टाइम्स के रिपोर्टर को बताया कि नव वर्ष के अवसर पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने आदरणीय एडी बेसिक, बरेली मंडल एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बरेली से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों के समायोजन, चयन वेतनमान सहित अन्य लंबित समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया और उनके शीघ्र समाधान की मांग की।शिष्टाचार भेंट के अवसर पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष दिनेश गंगवार, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष यतेंद्र कुमार सिंह, मंडल महामंत्री अरविंद कुमार गंगवार, मंडल लेखाकार राकेश कुमार मिश्रा, राजेश मिश्रा, आय-व्यय निरीक्षक रमेश चंद्र, मंडल उपाध्यक्ष त्रिभुवन नाथ, मंडलीय संयुक्त मंत्री हरपाल, मंडल उपाध्यक्ष सुनील कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिपाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे अधिकारियों ने शिक्षकों की समस्याओं पर सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया।

## कांग्रेस चलाएगी 'यूथ फॉर इंडिया' अभियान

बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में बदायूँ जिला कांग्रेस द्वारा 'यूथ फॉर इंडिया' अभियान चलाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर ओमवीर दद्दा को यूथ फॉर इंडिया अभियान का जिला कोऑर्डिनेटर तथा अनूप यादव को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अभियान के तहत आगामी 18 जनवरी को बदायूँ में जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि युवाओं को बदलाव के लिए आगे आना होगा। उन्होंने युवाओं से संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए संगठित होने का आह्वान किया। युवा संवाद में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं युवा मौजूद रहे।

## महिला अस्पताल में शुरू हुई व्हाट्सएप पर जांच रिपोर्ट भेजने की सुविधा

बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीएमएस डॉक्टर शोभा अग्रवाल ने बताया कि महिला अस्पताल में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक जनवरी 2026 से जांच रिपोर्ट अब व्हाट्सएप के माध्यम से भेजने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। इस नई पहल से मरीजों को रिपोर्ट के लिए अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और समय की भी बचत होगी।अस्पताल प्रशासन के अनुसार, जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट सीधे मरीज के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप के जरिए भेजी जाएगी। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और रिपोर्ट मिलने में होने वाली देरी भी खत्म होगी। मरीजों और उनके तीमारदारों ने इस व्यवस्था का स्वागत किया है और इसे डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि आगे चलकर अन्य सुविधाओं को भी ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराने की योजना है।

# चोरी के आभूषण, नकदी व दो मोटर साइकिलों समेत दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना निगोही पुलिस ने चोरी के आभूषण, नकदी व चोरी की दो मोटर साइकिलों समेत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

30 दिसम्बर 2025 को थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम जिन्दापुरा निवासी हामिद हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर अपने भांजे पीलीभीत जिले के थाना बीसलपुर के मोहल्ला ग्यासपुर निवासी अरसान पुत्र शोएब और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसके भांजे अरसान ने अपने दो साथियों के साथ उसके घर में घुसकर बक्से का ताला तोड़ा और बक्से में रखे 68 हजार रूपए, दो जोड़ी पायल और एक जोड़ी खड़वा चोरी कर लिया। इसी क्रम में निगोही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अरसान और साथी शोएब पुत्र जान मोहम्मद निवासी ग्राम गौटिया नूर मोहम्मद थाना शेरगढ जनपद बरेली को सृजनी मिल्क डेयरी के आगे सिद्ध बाबा मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी किए गए 14 हजार 07 सौ रुपए नगद, एक जोड़ी खड़वा और दो मोटरसाइकिलें बरामद की। पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने उन्होंने अपने तीसरे साथी शहबाज के साथ हामिद के घर में चोरी की थी और तीनो ने रूपया और जेबर आपस में बांट लिया था। बरामद मोटर साइकिलों के संबंध में बताया कि उन तीनों ने 24 दिसम्बर 2025 को थाना सदर बाजार के मोहल्ला गदियान से एक मोटर साइकिल और दूसरी मोटर साइकिल 19 दिसम्बर को थाना कोतवाली के मोहल्ला खलील गर्वी से चोरी की थी। निगोही पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है और उनके तीसरे साथी शहबाज की तलाश में है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना निगोही के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह के साथ एसएसआई अमित कुमार, एसआई लालबहादुर सिंह और ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# सतावं और डलमऊ को हराकर महराजगंज की टीम पहुंची फाइनल्स में

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में जिला स्तरीय टीचर्स क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता के आज दो मैच खेले गए। इस दौरान पहला मैच सतावं और महराजगंज की टीम के बीच खेला गया। सतावं की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 91 रन बनाएं। उसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी महराजगंज की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को 8 ओवर में हासिल कर मैच जीत लिया। 3 विकेट लेकर और 25 रन बनाकर महराजगंज टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सुवेश गौतम रहे। दूसरा मैच डलमऊ और महराजगंज की टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी डलमऊ की टीम ने जो विकेट खोकर 83 रन का लक्ष्य दिया। बल्लेबाजी करने उतरी महराजगंज की टीम ने मात्र पांच विकेट के नुकसान पर 9 ओवर 4 गेंद में लक्ष्य को हासिल कर मैच जीत लिया।2 विकेट लेकर और 20 रन बनाकर मैन ऑफ़ द मैच का खिताब हरिहर शरन ने जीता। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव,प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष विनोद अवस्थी, जवाहर नवोदय विद्यालय उप प्रचार वी के पाठक, मधुकर सिंह,संजय कनौजिया,सुवेश कुमार,संदीप कुमार, दिलीप कुमार,सुनील कुमार,राहुल,प्रशांत वर्मा मौजूद रहे।

# श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ नौ दिवसीय रामकथा सम्पन्न

**कथा में भगवान श्रीराम के वनवास, लंका विजय के पश्चात अयोध्या आगमन और राज्याभिषेक का मार्मिक वर्णन किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। बिसौली के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया के मैदान पर आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का समापन भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक राम राज तिलक के भव्य प्रसंग के साथ हुआ। कथा वाचक प्रेममूर्ति पंकज मिश्र ने रामायण के उत्तरकांड का सजीव और भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

कथा में भगवान श्रीराम के वनवास, लंका विजय के पश्चात अयोध्या आगमन और राज्याभिषेक का मार्मिक वर्णन किया गया। कथा वाचक ने बताया कि श्रीराम के राजतिलक से तीनों लोकों में सुख-शांति की स्थापना होती है, सभी शोक दूर होते हैं और रामराज्य का उदय होता है। कथा के अंतिम दिवस पर मुख्य यजमान सत्य देव मिश्रा व गोविंद मिश्रा सहित पं. श्याम पाल पाठक, बृजेश शंखधार, सत्य पाल शर्मा, सुभाष चौधरी, पंकज शर्मा, टिंकू कटिया, रामबहादुर शंखधार, मनोहर गुप्ता, विनीत कटिया, हरद्वारी लाल नेताजी, राजेश शंखधार, शैलेश पाराशरी, श्रीकृष्ण फूल माली, अवनीश पाठक, संजीव पाठक, निर्भय सक्सेना, हरविलास शर्मा, आयुष कटिया, विवेक काकुष्ठ, नीरज शर्मा, उषा मिश्रा, शिवि शर्मा, पूनम शर्मा, चंद्रमुखी, प्रसुनिका शर्मा, नेहा शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना रहा।

# बेटियों के सुनहरे भविष्य के लिए योगी सरकार की 'डिजिटल स्ट्राइक', ऑनलाइन शपथ से टूटेगी बाल विवाह की बेड़ियां

**संभल समेत प्रदेश भर में 'युद्ध स्तर' पर छिड़ी जंग, पोर्टल पर शपथ लेते ही मिलेगा सर्टिफिकेट; जिलों के बीच रैंकिंग की होड़**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर प्रदेश में सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ प्रशासन ने कमर कस ली है। 'बाल विवाह मुक्त भारत' के संकल्प को जन-आंदोलन बनाने के लिए अब गांव-गांव अभियान चलाया जाएगा। खास बात यह है कि इस मुहिम में पारदर्शिता लाने के लिए डिजिटल पोर्टल का सहारा लिया जा रहा है, जहां हर नागरिक न केवल शपथ लेगा, बल्कि अपनी भागीदारी का सर्टिफिकेट भी प्राप्त कर सकेगा।

इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सरकार ने नया दांव चला है। शपथ लेने वालों की संख्या के आधार पर जिलों की रैंकिंग तय की जाएगी। इससे जिला प्रशासन के बीच अपने जनपद को बाल विवाह मुक्त श्रेणी में शीर्ष पर लाने की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई है। अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे चौपालों और ग्रामीण बैठकों के जरिए लोगों को ऑनलाइन शपथ के लिए प्रेरित करें।कैसे बनें मुहिम का हिस्साः स्टेप-बाय-स्टेप गाइडप्रशासन ने शपथ लेने की प्रक्रिया को बेहद सरल रखा है, ताकि तकनीक से दूर रहने वाले लोग भी आसानी से जुड़ सकें। सबसे पहले stopchildmarriage.wcd.gov.in पर लॉग-इन करें। मेनू सेक्शन में जाकर Take Pledge' पर क्लिक करें। अपना नाम, मोबाइल नंबर और जिले की जानकारी दर्ज करें। शपथ पूरी करते ही डिजिटल सर्टिफिकेट जनरेट होगा, जिसे तुरंत डाउनलोड किया जा सकता है।संभल में एक्शनः तीन शादियां रुकवाईं, योजनाओं से जोड़ाजिला बाल संरक्षण अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण ने बताया कि जनपद प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। जिले में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच कुल 5 बाल विवाह को रुकवाया गया, वहीं अप्रैल 2025 से अब तक बाल विवाह के 3 मामले सामने आए, जिन्हें पुलिस के सहयोग से मौके पर ही रुकवाया गया। साथ ही बच्चियों के माता-पिता को कानूनी कार्रवाई का डर दिखाने के बजाय उनकी नियमित काउंसिलिंग कर जागरूक किया जा रहा है। इन बच्चियों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना समेत अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनके भविष्य को सुरक्षित किया गया है।हमारा लक्ष्य केवल शादी रोकना नहीं, बल्कि बेटियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से हम रियल-टाइम मॉनिटरिंग कर रहे हैं ताकि कोई भी मासूम कुरीतियों की भेंट न चढ़े। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पेन्सिया

# राहुल गांधी को कोर्ट ने किया तलब, 19 जनवरी को पेश होने का आदेश

**करीब 40 मिनट तक चली सुनवाई में राहुल गांधी के वकील काशी शुक्ला ने गवाह रामचंद्र दुबे से जिरह पूरी की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मंगलवार को सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद अदालत ने राहुल गांी को ाारा 313 सीआरपीसी के तहत तलब किया है। उन्हें 19 जनवरी को खुद कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

करीब 40 मिनट तक चली सुनवाई में राहुल गांधी के वकील काशी शुक्ला ने गवाह रामचंद्र दुबे से जिरह पूरी की। वह शिकायतकर्ता विजय मिश्रा के वकील संतोष पांडेय ने अदालत को बताया कि अब उनकी ओर से कोई और गवाह पेश नह किया जाएगा। कोर्ट क्यों तलब कर रही है राहुल गांी को एमपी/एमएलए कोर्ट के जज शुभम वर्मा ने राहुल गांी को इसलिए तलब किया है ताकि वे अपने खिलाफ आए सबूतों पर सफाई दे सकें। कानून के अनुसार, किसी भी आरोपी को दोषी ठहराने से पहले उसका पक्ष सुना जाना जरूरी होता है। यह पूरा मामला 2018 के कर्नाटक विाानसभा चुनाव से जुड़ा है। चुनाव प्रचार के दौरान बेंगलुरु में एक प्रेस कन्फ्रेंस में राहुल गांी ने कहा थाःजो पार्टी ईमानदारी की बात करती है, उसका अयक्ष हत्या का आरोपी है। सुप्रीम कोर्ट ने खुद लोया मामले में इसका उल्लेख किया है, इसलिए मुझे नह लगता कि अमित शाह की कोई विश्वसनीयता है। इस बयान के बाद सुल्तानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 4 अगस्त 2018 को राहुल गांी के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था। जज लोया केस से जुड़ा विवाद बता दें कि जस्टिस बी.एच. लोया दिसंबर 2014 में नागपुर में एक शादी समारोह के दौरान मृत पाए गए थे। वे उस समय सोहराबुद्दीन शेख एनकाउंटर केस की सुनवाई कर रहे थे, जिसमें अमित शाह आरोपी थे। हालांकिःलोया के बेटे ने पिता की मौत को स्वाभाविक बताया थासुप्रीम कोर्ट ने भी मामले की एसआईटी जांच की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। राहुल गांी 20 फरवरी 2024 को गैर-जमानती वारंट के बाद कोर्ट में पेश हुए थे। उन्होंने कहा थाःमैं निर्दोष हूं, मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई है। मेरी और मेरी पार्टी की छवि खराब करने की कोशिश की गई है। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो बन्ड पर जमानत दी थी। शिकायतकर्ता विजय मिश्रा का कहना है कि राहुल गांी के बयान से उनकी भावनाएं आहत हुईं क्योंकि वे भाजपा से जुड़े हैं और समाज में उनकी छवि को नुकसान पहुंचा। उन्होंने यूट्यूब और अन्य वेबसाइट्स पर मौजूद वीडियो को सबूत के तौर पर पेश किया है। साथ ही रामचंद्र और अनिल मिश्रा को गवाह बनाया गया है। राहुल गांी पर ाारा 499आईपीसी मानहानि ाारा 500 आईपीसी मानहानि के लिए सजाइन ााराओं के तहत दो साल तक की जेल का प्रावाान है। मानहानि केस और संसद सदस्यता गौरतलब है कि मार्च 2023 में सूरत कोर्ट द्वारा मानहानि केस में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद राहुल गांी की संसद सदस्यता रद्द कर दी गई थी। हालांकि बाद में सजा पर रोक लगने के बाद उनकी सदस्यता बहाल हो गई।

## शेरपुर कलां ग्राम पंचायत में मतदाता सूची का ड्राफ्टिंग प्रकाशन

**बीएलओ के कार्यों की सराहना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। मंगलवार को ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में मतदाता सूची के ड्राफ्टिंग (प्रारूप) का विधिवत प्रकाशन किया गया। इस अवसर पर शेरपुर कलां के सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उच्च प्राथमिक विद्यालय शेरपुर कलां में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को ड्राफ्टिंग मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया, जिससे वे अपने नाम, विवरण एवं अन्य प्रविष्टियों की सही जानकारी प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ पदाधिकारी हाजी रियाजत नूर खान ने स्वयं मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया और उपस्थित बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की खुले मंच से सराहना की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का सही और पारदर्शी होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है और बीएलओ इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।इस मौके पर बहुजन समाज पार्टी से शगुन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की निगरानी कर रहे सुपरवाइजर मोहम्मद फुरकान ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि ड्राफ्टिंग मतदाता सूची में किसी भी मतदाता को कोई आपत्ति, त्रुटि या संशोधन कराना हो, तो वह निर्धारित समय के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। उन्होंने कहा कि समय रहते आपत्ति दर्ज कराने से मतदाता अपने वोट को सुरक्षित रख सकता है और अंतिम मतदाता सूची में नाम सही रूप से शामिल हो सकेगा।कार्यक्रम में बूथ लेवल अधिकारी अमानत रसूल, हुमैरा बी, सविया खान, अज़रा बी, शहनाज, शमशाद, परवीन तथा हुमारा अंसारी मौजूद रहीं। सभी बीएलओ ने मतदाताओं को सूची से संबंधित आवश्यक जानकारी दी और आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया।ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से मतदाताओं में जागरूकता बढ़ती है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती मिलती है।

## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग का सघन अभियान

**बड़ी मात्रा में कच्ची शराब व लहन नष्ट**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कलीनगर मे अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है उत्तर प्रदेश आयुक्त के आदेशों के बाद, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में एक बड़ा प्रवर्तन अभियान चलाया गया इस संयुक्त कार्रवाई में आबकारी विभाग और पुलिस की टीम ने दबिश देकर अवैध शराब बरामद की और चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा यह अभियान जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में 06 जनवरी 2026 को चलाया गया आबकारी निरीक्षक (क्षेत्र 1, 4 और 5) ने अपने स्टाफ और थाना माधोटांडा पुलिस के साथ मिलकर कलीनगर क्षेत्र में सघन चेकिंग की टीम ने कलीनगर और भैरों खुर्द कलां के विभिन्न संदिग्ध ठिकानों पर अचानक छापेमारी की टीम ने लगभग 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की मौके पर शराब बनाने की कई भट्टियों को नष्ट किया गया इसके अतिरिक्त, लगभग 300 किलोग्राम लहन (कच्चा माल) भी बरामद कर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया इस मामले में आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत तीन अभियोग पंजीकृत किए गए हैं पुलिस ने मौके से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पूरनलाल पुत्र राममूर्तिलाल, गेंदनलाल पुत्र स्व. छोटेलाल, रामवती पत्नी रमेश और मायादेवी पत्नी स्व. डोरीलाल के रूप में हुई है पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी जानकारी को तत्काल विभाग को सूचित करें जिला आबकारी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं अवैध शराब से संबंधित गतिविधियों की जानकारी हो तो प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### महर्षि वाल्मीकि मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

पूरनपुर। नववर्ष 2026 के प्रथम मंगलवार के अवसर पर मोहल्ला कायस्थान स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाला जी महाराज के नाम से श्रद्धालुओं के लिए हलवा-चाय का प्रसाद वितरण किया गया ठंड के मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं भक्त मंदिर पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने गर्म चाय और हलवे का आनंद लिया। कार्यक्रम के समय मंदिर परिसर में शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय माहौल बना रहा आयोजकों के अनुसार इस प्रकार के आयोजन सामाजिक सौहार्द एवं धार्मिक आस्था को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहल्ला कायस्थान के श्रद्धालुओं एवं सेवाभावी लोगों का विशेष योगदान रहा।

## फोरलेन निर्माण की आड़ में कापर केबल की संगठित चोरी

**विभाग को लाखों का नुकसान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। गोलाघाट से टेढ़ूई तक बन रही फोरलेन सड़क परियोजना अब विकास से ज्यादा भ्रष्टाचार और लूट की कहानी कह रही है। सड़क निर्माण के दौरान जमीन में पहले से बिछी करोड़ों रुपये मूल्य की मोटी कापर केबल को योजनाबद्ध तरीके से निकालकर चोरी-छिपे बेचा जा रहा है। यह खेल न सिर्फ खुलेआम चल रहा है, बल्कि इसमें निर्माण कार्य से जुड़े कर्मचारियों की सीाी संलिप्तता की भी चर्चा है।

सूत्रों के मुताबिक, जेसीबी मशीन से जमीन खोदकर केबल निकाली जाती है और फिर उसे स्थानीय कबाड़ी को बेच दिया जाता है। हैरानी की बात यह है कि यह सब काम दिनदहाड़े किया जा रहा है, फिर भी जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। बताया जा रहा है कि निर्माण में लगे कर्मचारी बसोढ़ी इलाके में किराये के कमरों में रहते हैं, जहां रोज सुबह इन केबलों को जलाकर कापर अलग किया जाता है। इसके बाद उसी दिन यह कापर बाजार में बेच दिया जाता है। सूत्र बताते हैं कि इस अवैा ाी से रोजाना 30 से 40 हजार रुपये की कमाई हो रही है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतना बड़ा खेल आखिर किसके इशारे पर चल रहा है? क्या संबंाित विभाग की मिलीभगत है या फिर यह गंभीर लापरवाही का नतीजा है? अगर समय रहते कार्रवाई नह हुई, तो यह मामला करोड़ों के घोटाले में बदल सकता है। जनता जानना चाहती है कि दोषियों पर कब शिकंजा कसेगा और कब इस लूट का पर्दाफाश होगा।

## वन विभाग के 8 आईएफएस अधिकारियों को मिला प्रमोशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**रमेश चन्द्र बने मुख्य वन संरक्षक मनीष सिंह को भी मिला सिलेक्शन ग्रेड**

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश सरकार ने वन विभाग में आठ भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों को पदोन्नत किया है 2008 बैच के रमेश चंद्र को मुख्य वन संरक्षक बनाया गया है। 2012 बैच के संजय कुमार विस्वाल और सूरज को वन संरक्षक के पद पर पदोन्नति मिली है 2013 बैच के पांच अधिकारियों को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड से चयन ग्रेड में पदोन्नत किया गया है, जिसका लाभ उन्हें एक जनवरी से मिलेगा।

प्रदेश सरकार ने वन विभाग में भारतीय वन सेवा (आइएफएस) के आठ अधिकारियों की पदोन्नति कर दी है वर्ष 2008 बैच के अधिकारी रमेश चन्द्र को वन संरक्षक से मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है उनकी पदोन्नति भी एक जनवरी 2026 या कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी मानी जाएगी।

इसी प्रकार वर्ष 2012 बैच के दो अधिकारी संजय कुमार विस्वाल और सूरज को चयन ग्रेड (पे मैट्रिक्स लेवल-13) से पदोन्नत करते हुए वन संरक्षक (पे मैट्रिक्स लेवल-13ए) के पद पर पदोन्नति दी गई है। इन दोनों अधिकारियों की तैनाती के संबंध में अलग से आदेश जारी किए जाएंगे।वर्ष 2013 बैच के पांच अधिकारियों को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (लेवल-12) से चयन ग्रेड (लेवल-13) में पदोन्नति दी गई है। इनमें दिव्या, ईशा तिवारी, दीक्षा भंडारी, मनीष सिंह और सुन्दरेशा शामिल हैं इन सभी अधिकारियों को चयन ग्रेड का लाभ एक जनवरी गुरुवार से मिलेगा।

## एसआईआर अभियान के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली का हुआ आलेख्य प्रकाशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन छह जनवरी 2026 को कर दिया गया है।

उक्त आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावलियां कार्यालय समय में जनपद के समस्त मतदान केंद्रों, तहसील कार्यालयों, जिला निर्वाचन कार्यालय, अमेठी तथा जनपद की वेबसाइट पर निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगी। इसी क्रम में आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा आलेख्य प्रकाशन के उपरांत आलेख्य निर्वाचक नामावली एएसडी सूची सहित उपलब्ध कराई गई। साथ ही शिक्षक निर्वाचन नामावली की अंतिम प्रकाशित सूची एवं मतदेय स्थलों की सूची भी राजनीतिक दलों को प्रदान की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण चार नवम्बर 2025 से छब्बीस दिसम्बर 2025 तक घर घर गणना अवधि के माध्यम से किया गया। इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के पश्चात छह जनवरी 2026 को फोटो युक्त निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन किया गया है, जिसका अवलोकन निर्धारित स्थलों पर किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि दावे एवं आपत्तियां छह जनवरी 2026 से छह फरवरी 2026 तक प्राप्त की जाएंगी तथा प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण सत्फताइस रवरी 2026 तक किए जाने हेतु आयोग द्वारा समय सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा विभिन्न अर्हता तिथियां (एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई एवं एक अक्टूबर 2026) निर्धारित की गई हैं। ऐसे मतदाता जो इन तिथियों को अठारह वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु फॉर्म छह (घोषणा पत्र सहित) भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त निर्वाचन नामावली में किसी प्रविष्टि में संशोधन, मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रतिस्थापन, दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन, निवास परिवर्तन आदि के लिए फॉर्म-8 (घोषणा पत्र सहित) भरकर संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराया जा सकता है। वहीं, मतदाता सूची से मृतक, स्थानांतरित, डुप्लीकेट अथवा अनुपस्थित मतदाताओं के नाम हटाने हेतु भी निर्धारित फॉर्म भरकर जमा किए जा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता पंजीकरण अथवा किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म छह एवं फॉर्म आठ (घोषणा पत्र सहित) भी भरे जा सकते हैं।

## सड़क पर सख्ती, सुरक्षा पर जोर, राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में प्रशासन का बड़ा एक्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मीरजापुर। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (01 से 31 जनवरी) को प्रभावी बनाने के लिए मंडलायुक्त विंध्याचल मंडल राजेश प्रकाश और पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह ने आयुक्त कार्यालय सभागार में मंडल के तीनों जनपदों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक जनजागरूकता, सख्त प्रवर्तन और अंतरविभागीय समन्वय पर जोर दिया गया।मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रमुख मार्गों, हाईवे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्लोगन साइनेज लगाए जाएं। आपदा मित्रों के साथ-साथ होमगार्ड, पीआरडी, एनसीसी, एनएसएस और सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों में शामिल कर प्रशिक्षित किया जाए। स्कूली वाहनों, डग्गामार बसों पर सख्त कार्रवाई, वैध परमिट व फिटनेस जांच अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए। दोपहिया वाहनों पर स्टंट करने वालों के खिलाफ वाहन चालान, लाइसेंस जब्ती और पुनरावृत्ति पर वाहन जब्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।पुलिस महानिरीक्षक ने निर्देश दिया कि किसी भी दशा में हाईवे पर वाहन खड़े न होने पाएँ। ढाबा मालिकों के साथ बैठक कर सख्ती से पालन कराया जाए। नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान, सीट बेल्ट व हेलमेट की जांच, सीसीटीवी की क्रियाशीलता और ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्यवाही के भी निर्देश दिए।

## राजनैतिक द्वेष के चलते भाजपा नेता की नववर्ष शुभकामना फ्लेक्सी फाड़ी गई

पूरनपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा मनोज पासवान द्वारा नववर्ष के अवसर पर सिरसा चौराहा, पूरनपुर पर आमजन को शुभकामनाएं देने हेतु एक फ्लेक्सी लगाई गई थी, जिसे अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा राजनैतिक द्वेषवश फाड़ दिया गया इस संबंध में भाजपा नेता मनोज पासवान ने पूरनपुर कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उन्होंने दिनांक 04 जनवरी को उक्त फ्लेक्सी को क्षतिग्रस्त अवस्था में देखा। उन्होंने कहा कि यह कृत्य न केवल उनकी नववर्ष की शुभकामनाओं को बाधित करने का प्रयास है, बल्कि उनके मान-सम्मान को ठेस पहुँचाने एवं छवि धूमिल करने की साजिश भी है मनोज पासवान ने कानून-व्यवस्था पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन से अज्ञात शरारती तत्वों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है घटना के बाद से सोशल मीडिया पर भी उनके सहयोगियों एवं समर्थकों में भारी रोष व्याप्त है। सभी ने एक स्वर में दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो

### सर्दियों को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अलाव की सेवा निरंतर चालू

पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर में संदीप खंडेलवाल ने अपने पिता नारायण दास खंडेलवाल की याद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महीने के लिए अलाव की व्यवस्था की थी सर्दियों को देखते हुऐ जिसे अभी लगातार चालू रखा जायेगा समाजिक सरोकार से जुड़े रहने वाले संदीप खंडेलवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अभी आगे तक चलते रहने के लिए अलाव की व्यवस्था शुरू करा दी जिसे इसे पुनीत कार्य बताया इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, सुमित सचदेवा और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे है।

### पीलीभीत के अपर पुलिस अधीक्षक ने माघ मेले की तैयारियों का लिया जायजा, कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि

पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसपी पीलीभीत के निर्देशन पर प्रस्तावित माघ मेला पर शान्ति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत चिन्हित स्थान का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थाना हजारा के धानाराघाट पर लगने वाले माघ मेला की अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने तैयारियों का जायजा लिया मेले की ड्यूटी में लगने वाले पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये आपातकालीन योजनाओं का नियमित अभ्यास कराया जाए और फुट पेट्रोलिंग और रात्रि गश्त नियमित रूप से करेंगे उन्होंने मेला क्षेत्र के ड्यूटी प्वाइंट्स पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने का निर्देश दिया साथ ही निरंतर चेकिंग अभियान चलाने के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि माघ मेला2026 का सफल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन हम सभी के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण लगन, निष्ठा एवं टीमवर्क के साथ निभाएंगे माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ सेवा-भाव के साथ मृदु व्यवहार करें इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, पूरनपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया आदि मौजूद रहे।

### सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाना तहसील प्रशासन के लिए बना टेढ़ी खीर

सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले की बल्दीराय तहसील क्षेत्र में सरकारी भूमि से अवैा कब्जा हटवाना तहसील प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। तालाब, खलिहान, नाली, चकरोड, घूर, गड्ढा, नवीन परती सहित अन्य सरकारी भूमि पर दबंगों का कब्जा वर्षों से बना हुआ है, लेकिन प्रशासन प्रभावी कार्रवाई करने में असफल नजर आ रहा है। स्थिति यह है कि योगी सरकार और उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद तहसील प्रशासन कब्जेदारों को पूरी तरह बेदखल कराने में नाकाम साबित हो रहा है। कई मामलों में न्यायालय अथवा राजस्व न्यायालय से आदेश होने के बाद भी मौके से अवैा कब्जा नह हटाया जा सका है।जानकारी के अनुसार पहले तहसील क्षेत्र में 217 गांव थे, जो अब 160 गांवों में सीमित हैं, लेकिन अाकांश गांवों में सरकारी भूमि पर अवैा कब्जे जस के तस बने हुए हैं। ग्रामीणों द्वारा बार-बार शिकायतें की गईं, मुकदमे भी दर्ज हुए और कई मामलों में कब्जेदारों को बेदखल करने के आदेश भी पारित हुए, बावजूद इसके दबंगों का कब्जा हट नह सका। ग्रामीणों का आरोप है कि जहां दबंगों के पक्के कब्जे पर प्रशासन हाथ डालने से बचता रहा, वह गरीबों की झोपड़-पट्टी पर कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी कर दी गई। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि तहसील क्षेत्र के प्रत्येक गांव की सरकारी भूमि का निष्पक्ष और पारदर्शी सर्वे कराया जाए, तो वर्षों से चली आ रही प्रशासनिक शिथिलता और उदासीनता स्वतः उजागर हो सकती है।

### बिना जनसमर्थन और सामाजिक सरोकार के होर्डिंगों के सहारे चुनावी तैयारी में जुटे भावी प्रत्याशी

सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। चुनावी माहौल बनते ही कई भावी प्रत्याशियों ने अपने नाम और फोटो वाली होर्डिंगें लगाकर मैदान में उतरने का दावा शुरूकर दिया है।हालांकि जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। क्षेत्र में चर्चा है कि कई ऐसे भावी प्रत्याशी हैं, जिन्होंने न तो कभी गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से संवाद किया और न ही समाज के किसी मुद्दे पर सक्रिय भूमिका निभाई। इसके बावजूद होर्डिंगों और प्रचार मायमों के सहारे खुद को मजबूत दावेदार बताने में लगे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ चुनिंदा लोगों से सीमित संवाद कर भावी प्रत्याशी होने का दावा करना जनता के बीच स्वीकार्य नह है। चुनाव के समय जब ये प्रत्याशी गरीबों और वंचितों के मसीहा बनकर सामने आते हैं, तब जनता उनके पूर्व कार्यों और सामाजिक योगदान को परखती है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि केवल प्रचार और होर्डिंगों के दम पर चुनावी सफलता हासिल करना आसान नह है। अंततः जनता उन्ह को समर्थन देती है, जो जमीन पर रहकर लोगों के सुख-दुख में सहभागी रहे हों। अब देखना यह होगा कि आगामी चुनाव में जनता दिखावटी प्रचार को तरजीह देती है या फिर जमीनी काम और जनसरोकार को अपना मापदंड बनाती है।

### इन्हौना में पुलिस ने दो सौ पांच वाहनों का किया चालान

तिलोई,अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के छठवें दिवस पर थाना क्षेत्र इन्हौना में यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया और कोहरे को देखते हुये वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टर लगाये गये। पुलिस ने दो सौ पांच वाहनों का चालान कर दो लाख पैंतालिस हजार रुपये का जुर्माना योजित किया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु मंगलवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के छठवें दिवस पर यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर इन्हौना चौराहा थाना इन्हौना में आमजनमानस को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाने व निर्धारित सीमा से अधिक सवारी न बैठाने की अपील की गयी तथा जागरूकता संबंधी पंफ्लेट वितरित किये गये । कोहरे व धुंध को देखते हुए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये ।। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल दो सौ पांच वाहनों का चालान कर दो लाख पैंतालिस हजार रुपया जुर्माना योजित किया गया।

### कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा बचाओ संग्राम के कोआर्डिनेटर का किया भव्य स्वागत

अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता। गौरीगंज स्थित केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को नवनियुक्त ल्लमनरेगा बचाओ संग्रामङ्क अमेठी के कोआर्डिनेटर राम लखन शुक्ला का जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि मनरेगा देश की ग्रामीण जनता और श्रमिकों की जीवनरेखा है लेकिन वर्तमान जनविरोधी सरकार द्वारा इसे कमजोर करने के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इन नीतियों के खिलाफ पूरी मजबूती के साथ संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राम लखन शुक्ला के नेतृत्व में अमेठी जनपद में मनरेगा बचाओ संग्राम को नई ऊर्ज़ा, दिशा और मजबूती प्राप्त होगी।अपने सम्बोधन में रामलखन शुक्ला ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि वे मनरेगा योजना और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।बैठक में एसआईआर विषय पर भी विशेष चर्चा हुई जिसमें एसआईआर के जिला समन्वयक, विधानसभा एवं ब्लॉक प्रभारी मौजूद रहे।कार्यक्रम का समापन संगठन की एकजुटता और संघर्ष के संकल्प के साथ हुआ।

## सम्पादकीय

# वेनेजुएला: ट्रंप का असली चेहरा सामने आया

शांति का नोबेल पुरस्कार हासिल करने की तमन्ना लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व चलाकर वेनेजुएला पर शनिवार स्थानीय समय के अनुसार 02.01 बजे हमला करके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस समेत गिरफ्तार कर लिया और उन्हें हवाई मार्ग से अमेरिका ले आया गया। अमेरिकी विमान से मादुरो को जब उतारा जा रहा था तो उनकी आंखों पर पट्टी बंधी थी और हथकड़ियां भी लगी थीं। यह दृश्य देखकर इतिहास खुद को दोहराता है, वाली मिसाल याद आ गई। लेकिन यह नहीं पता था कि इतिहास इतनी जल्दी दोहराया जाएगा। अभी 21वीं सदी शुरु ही हुई थी कि इराक पर अमेरिका ने विनाशकारी हथियारों की तलाश के नाम पर आक्रमण किया और तत्कालीन शासक सद्दाम हुसैन को गिरफ्तार कर फांसी पर भी चढ़ा दिया। फिर पता चला कि ऐसे कोई हथियार इराक में थे ही नहीं। शायद अमेरिका को हथियारों की तलाश थी भी नहीं, उसे इराक के प्राकृतिक संसाधनों का कब्जा चाहिए था, जो उसे मिल गया। यही खेल अब वेनेजुएला में खेला गया है। डोनाल्ड ट्रंप ने निकोलस मादुरो पर गलत तरीके से सत्ता हथियाने का आरोप लगाने के साथ ड्रग्स तस्करी के गंभीर आरोप भी लगाए हैं और उनका कहना है कि अब मादुरो को पत्नी समेत अमेरिका की कड़ी न्याय व्यवस्था का सामना करना पड़ेगा। मानो सारी दुनिया का ठेका अमेरिका को मिल चुका है कि उसका राष्ट्रपति जब चाहे किसी संप्रभु देश पर आक्रमण कर दे और वहां के नेता को अमेरिकी कटघरे में खड़ा कर दे। और अंतरराष्ट्रीय कानूनों, स्त्री अधिकार को ठेंगा दिखाते हुए राष्ट्र प्रमुख के साथ उनकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर ले। चिंता की बात यह है कि दूसरे विश्वयुद्ध के बाद जिन उद्देश्यों के साथ संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्था को बनाया गया था, वह पूरी तरह नख-दंत विहीन और लाचार बन चुकी है। घर के अशक्त बूढ़े बुर्जुग उपद्रवी बच्चों को मत लड़ो-मत लड़ो जैसी लाचारगी भरी नसीहत देते हैं, वैसा ही हाल संरा का हो चुका है। पूरी दुनिया में अमेरिका समर्थित हमले हो रहे हैं और संरा बयान जारी करने से आगे बढ़ ही नहीं पा रहा है। इससे बेहतर है कि संरा को मिटा कर नए सिरे से कोई ऐसी वैश्विक संस्था बनाई जाए, जो वाकई दुनिया में शांति स्थापना का काम कर सके। लेकिन इसकी पहल कौन करेगा ये भी विचारणीय है। एक वक्त था जब भारत में प.जवाहरलाल नेहरू जैसे नेता थे, जिन्होंने गुटनिरपेक्षता का सिद्धांत दिया तो तीसरी दुनिया के देशों को अपने अस्तित्व और सम्मान को बचाए रखने के लिए नया मंच मिला। आज के भारत का हाल तो ऐसा है कि ट्रंप पचासों बार पाकिस्तान के समकक्ष हमें रखते हुए युद्धविराम के दावे कर चुके हैं और प्रधानमंत्री मोदी माई डियर फ्रेंड ट्रंप का नाम ही जपते रहे। अब भी वेनेजुएला के घटनाक्रम पर नरेन्द्र मोदी की कोई सीधी टिप्पणी देखने नहीं मिली है, बल्कि एस जयशंकर का बयान आया है कि हम सभी संबंधित पक्षों से अपील करते हैं कि मुद्दों का समाधान बातचीत के जरिए और शांतिपूर्ण तरीत्क्के से किया जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। भारत को बताना चाहिए कि सभी संबंधित पक्षों से उसका तात्पर्य क्या है। क्यों मोदी पहले चीन का नाम लेने से कतरा रहे थे और अब अमेरिका को सीधे नहीं कह रहे कि उसका इस तरह आक्रमण करना गलत है। मान लें कि निकोलस मादुरो ने अपने देश में कुछ गलत किया है या वैश्विक स्तर पर किसी अपराध में संलग्न हैं, तो उन पर कार्रवाई के लिए उनके अपने देश की न्याय व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय अदालत है। ट्रंप यहां किस हैसियत से घुसे हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने बिल्कुल ठीक कहा है कि वेनेजुएला के नेता को हिंसक तरीके से पकड़ना श्पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक और बेहद खतरनाक मिसाल है। क्यूबा ने कहा कि वेनेजुएला पर किए गए आपराधिक हमले की निंदा करता है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तुरंत कार्रवाई की मांग करता है।

# वेनेज़ुएला संकट: अमेरिकी निरंकुशता और वैश्विक कानूनों का हनन

वेनेज़ुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था वास्तव में नियम-कानूनों से संचालित होती है या फिर ताकतवर राष्ट्रों की इच्छा ही वैश्विक न्याय का नया मानदंड बन चुकी है। निश्चित तौर पर वेनेज़ुएला पर अमेरिकी हमला महाशक्तियों की निरंकुशता को दर्शा ही रहा है, यह वैश्विक कानूनों का अतिक्रमण भी है, जो अमेरिकी दादागिरी का त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण संकेत है, वह केवल लैटिन अमेरिका तक सीमित घटना नहीं है, बल्कि समूची दुनिया के लिये एक खतरनाक मिसाल है। अमेरिका ने जिस तरह से वेनेज़ुएला में सैन्य कार्रवाई करके वहां के राष्ट्रपति को गिरफ्तार किया है, उससे जुड़े कूटनीतिक, राजनीतिक और अन्तराष्ट्रीय कानून संबंधी सवाल जो खड़े हुए ही हैं, पर अमेरिका को हस्तक्षेप का अवसर देने के लिये मादुरो की नीतियां भी चर्चा में आई हैं। वेनेज़ुएला पर अमेरिकी हमले की वजहें हो सकती है, लेकिन ट्रंप को यह तो सुनिश्चित करना ही होगा कि यह राष्ट्र अस्थिरता का अड्डा न बन जाये। अमेरिका और उसके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप स्वयं को वैश्विक शांति का मसीहा घोषित करते नहीं थकते, लेकिन उनकी नीतियां और कार्रवाइयाँ बार-बार युद्ध, हस्तक्षेप और सत्ता परिवर्तन की मानसिकता को उजागर करती हैं। यह वही अमेरिका है जो एक ओर लोकतंत्र, मानवाधिकार और संप्रभुता की दुहाई देता है, तो दूसरी ओर एक संप्रभु राष्ट्र पर आक्रमण और उसके राष्ट्रपति को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाना अंतर्राष्ट्रीय दादागिरी का दुर्लभ उदाहरण है। उससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि ट्रंप ने ऐलान किया है कि सत्ता परिवर्तन होने तक वाशिंगटन इस लैटिन अमेरिकी देश का संचालन करेगा। यह एक खतरनाक परंपरा है, जिसकी पुनरावृत्ति अमेरिकी महाद्वीप से बाहर होने की आशंका भी बलवती हो सकती है। इसमें दो राय नहीं कि निकोलस मादुरो के पतन के बाद वेनेज़ुएला में मिश्रित प्रतिक्रिया होगी। अंतर्राष्ट्रीय साजिशों से मादुरो को लगातार खलनायक बनाने की कोशिशों में एक वैश्विक तंत्र लगा हुआ था। इस तरह की दोहरी नीतियां केवल विडंबनापूर्ण नहीं, बल्कि वैश्विक शांति के लिये घातक है। वेनेज़ुएला संकट को केवल मादुरो बनाम अमेरिका के टकराव के रूप में देखना वास्तविकता को सरलीकृत करना होगा। इसमें संदेह नहीं कि मादुरो सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन, दमनकारी नीतियों, चुनावी अनियमितताओं और मानवाधिकार हनन जैसे गंभीर आरोप रहे हैं। लाखों वेनेज़ुएलावासी देश छोड़ने को मजबूर हुए, अर्थव्यवस्था चरमरा गई और जनता त्रस्त हुई। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि किसी देश की आंतरिक विफलताओं को आधार बनाकर बाहरी सैन्य हस्तक्षेप को वैध ठहराना अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की आत्मा के विरुद्ध है। यदि यही मापदंड हो, तो दुनिया के अनेक देशों में बाहरी हस्तक्षेप का अंतहीन सिलसिला शुरू हो सकता है। दरअसल, वैश्विक कूटनीति के जानकारों का मानना है कि वेनेज़ुएला के मामले में अमेरिका की असली चिंता न लोकतंत्र है और न ही मानवाधिकार, बल्कि वहां के विशाल तेल भंडार हैं। वेनेज़ुएला विश्व के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक पर बैठा देश है और ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण की अमेरिकी भूख कोई नई बात नहीं है। इराक, लीबिया और अफगानिस्तान इसके उदाहरण हैं, जहां 'लोकतंत्र स्थापना' के नाम पर हस्तक्षेप हुआ, लेकिन परिणामस्वरूप अस्थिरता, गृहयुद्ध और मानवीय संकट ही पैदा हुआ। ट्रंप का यह बयान कि मादुरो को पकड़ने के अभियान का खर्च वेनेज़ुएला के तेल राजस्व से वसूला जाएगा, इस पूरे घटनाक्रम की मंशा को बेनकाब करता है। यह कथन स्पष्ट करता है कि यह कार्रवाई न्याय या नैतिकता से नहीं, बल्कि संसाधनों पर नियंत्रण की साम्राज्यवादी सोच से प्रेरित है। किसी देश के प्राकृतिक संसाधनों पर इस तरह दावा करना उपनिवेशवादी मानसिकता का आधुनिक संस्करण है। इस अमेरिकी कार्रवाई के भू-राजनीतिक परिणाम भी गहरे और दूरगामी होंगे। रूस और चीन ने इसे नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के लिये गंभीर खतरा बताया है। मादुरो के आलोचक रहे कुछ अमेरिकी सहयोगी देश भी अब खुलकर चिंता जता रहे हैं। यह संकट वैश्विक ध्रूवीकरण को और तेज कर सकता है। विशेष रूप से चीन को इस घटनाक्रम से अपनी क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं, विशेषकर ताइवान पर अमेरिकी आलोचना को कमजोर करने का अवसर मिल सकता है। यदि अमेरिका स्वयं संप्रभुता का उल्लंघन करता है, तो वह दूसरों को किस नैतिक आधार पर संयम की सलाह देगा? वेनेज़ुएला संकट का एक और चिंताजनक पहलू वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाला प्रभाव है। तेल उत्पादन और आपूर्ति में किसी भी प्रकार की अनिश्चितता का सीधा असर अंतर्राष्ट्रीय बाजारों पर पड़ता है। तेल कीमतों में उछाल पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को झकझोर सकता है, विशेषकर विकासशील देशों को। भारत जैसे देशों के लिये यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है, जहां ऊर्जा आयात पर निर्भरता अधिक है। यही कारण है कि भारत ने इस घटनाक्रम पर संतुलित रुख अपनाते हुए चिंता व्यक्त की है और दोनों पक्षों से संवाद व कूटनीतिक समाधान की वकालत की है। भारत का यह दृष्टिकोण न केवल व्यावहारिक है, बल्कि नैतिक रूप से भी अधिक जिम्मेदार है। युद्ध और हस्तक्षेप किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकते। इतिहास गवाह है कि इराक और अफगानिस्तान में सैन्य हस्तक्षेप के बाद अमेरिका को अंततः अपमानजनक विदाई का सामना करना पड़ा, लेकिन वे देश आज भी स्थिरता और शांति से कोसों दूर हैं। युद्ध शुरू करना भले आसान हो, लेकिन शांति और सुशासन स्थापित करना अत्यंत कठिन होता है- यह सत्य अमेरिका बार-बार भूलता रहा है। ट्रंप प्रशासन की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि वह स्वयं को शांति का अग्रदूत बताता है, लेकिन उसकी हर बड़ी विदेश नीति पहल टकराव और दबाव की राजनीति पर आधारित दिखती है। यह दोहरी मानसिकता न केवल अमेरिका की विश्वसनीयता को कमजोर करती है, बल्कि संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की प्रासंगिकता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि शक्तिशाली राष्ट्र अपने हितों के अनुसार नियम तोड़ने लगें, तो वैश्विक व्यवस्था अराजकता की ओर बढ़ेगी। वेनेज़ुएला का संकट पूरी दुनिया के लिये एक चेतावनी है। यह बताता है कि आज भी शक्ति-राजनीति मानवता, शांति और कानून से ऊपर रखी जा रही है। जरूरत इस बात की है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय एकजुट होकर इस तरह के एकतरफा हस्तक्षेपों का विरोध करे और संवाद, कूटनीति तथा बहुपक्षीय समाधान को प्राथमिकता दे। किसी भी देश में सत्ता परिवर्तन का निर्णय वहां की जनता को करना चाहिए, न कि विदेशी सेनाओं को। अंततः, अमेरिका को यह समझना होगा कि किसी 'निरंकुश शासक' को हटाना शायद सैन्य शक्ति से संभव हो जाए, लेकिन किसी देश को स्थायी शांति, स्थिरता और समृद्धि देना केवल टैंकों और बमों से नहीं हो सकता। इसके लिये धैर्य, संवेदनशीलता और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के प्रति सम्मान आवश्यक है। यदि अमेरिका वास्तव में वैश्विक शांति का पक्षधर है, तो उसे अपनी दोहरी नीति त्यागनी होगी। अन्यथा, वेनेज़ुएला जैसी घटनाएँ बार-बार दोहराई जाएंगी और दुनिया एक और अस्थिर, असुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ती जाएगी। **-ललित गर्ग**

**अमेरिका और उसके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप स्वयं को वैश्विक शांति का मसीहा घोषित करते नहीं थकते, लेकिन उनकी नीतियां और कार्रवाइयाँ बार-बार युद्ध, हस्तक्षेप और सत्ता परिवर्तन की मानसिकता को उजागर करती हैं। यह वही अमेरिका है जो एक ओर लोकतंत्र, मानवाधिकार और संप्रभुता की दुहाई देता है, तो दूसरी ओर एक संप्रभु राष्ट्र पर आक्रमण और उसके राष्ट्रपति को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाना अंतर्राष्ट्रीय दादागिरी का दुर्लभ उदाहरण है। उससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि ट्रंप ने ऐलान किया है कि सत्ता परिवर्तन होने तक वाशिंगटन इस लैटिन अमेरिकी देश का संचालन करेगा। यह एक खतरनाक परंपरा है, जिसकी पुनरावृत्ति अमेरिकी महाद्वीप से बाहर होने की आशंका भी बलवती हो सकती है। इसमें दो राय नहीं कि निकोलस मादुरो के पतन के बाद वेनेज़ुएला में मिश्रित प्रतिक्रिया होगी। अंतर्राष्ट्रीय साजिशों से मादुरो को लगातार खलनायक बनाने की कोशिशों में एक वैश्विक तंत्र लगा हुआ था। इस तरह की दोहरी नीतियां केवल विडंबनापूर्ण नहीं, बल्कि वैश्विक शांति के लिये घातक है। वेनेज़ुएला संकट को केवल मादुरो बनाम अमेरिका के टकराव के रूप में देखना वास्तविकता को सरलीकृत करना होगा। इसमें संदेह नहीं कि मादुरो सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन, दमनकारी नीतियों, चुनावी अनियमितताओं और मानवाधिकार हनन जैसे गंभीर आरोप रहे हैं। लाखों वेनेज़ुएलावासी देश छोड़ने को मजबूर हुए, अर्थव्यवस्था चरमरा गई और जनता त्रस्त हुई। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि किसी देश की आंतरिक विफलताओं को आधार बनाकर बाहरी सैन्य हस्तक्षेप को वैध ठहराना अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की आत्मा के विरुद्ध है। यदि यही मापदंड हो, तो दुनिया के अनेक देशों में बाहरी हस्तक्षेप का अंतहीन सिलसिला शुरू हो सकता है।**




# निरंतर श्रम,संयम और संकल्प लक्ष्य प्राप्ति के सच्चे और मौन साधक

**आदित्य नारायण**

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैं। जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3% नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

## सेहत मंत्र

# लोअर बैक में दर्द से रहते हैं परेशान तो नियमित रूप से करें योगासन

आज के समय में कमर में दर्द की समस्या बेहद आम होती जा रही है। खासतौर से, जब से वर्क फ्रॉम होम शुरू हुआ है, तब से लंबे समय तक लैपटॉप पर बैठने या फिर सही बॉडी पॉश्चर ना होने के कारण यह कमर दर्द की समस्या अधिक बढ़ने लगी है। वैसे तो इसे बेहद आम दर्द समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन वास्तव में यह आपके लिए काफी परेशानी भरा हो सकता है। अगर आप दर्द को दूर करने के लिए दवाई लेने का विचार बना रहे हैं तो बेहतर होगा कि आप इसकी जगह योगासनों का सहारा लें। पवनमुक्तासनः यह आसन आपको ना सिर्फ पेट में गैस आदि समस्या से राहत दिलाता है, बल्कि कमर दर्द को दूर करने के लिए बेहद प्रभावी माना गया है। योगागुरू कहते हैं कि इसके लिए आप मैट बिछाकर पीठ के बल लेट जाएं। अब आप अपने दोनों पैरों को मोड़ लें और हाथों की मदद से उसे होल्ड करें। साथ ही धीरे?धीरे गर्दन को उपर उठाएं और घुटने को नाक से छूने की कोशिश करें। कुछ देर इस स्थिति में रूकें और फिर वापिस सामान्य अवस्था में लौट आएं। मर्कटासनः योगागुरू के अनुसार, इस आसन का अभ्यास करने से कमर दर्द में पहले दिन से राहत महसूस होने लगती है। इतना ही नहीं, इस आसन का अभ्यास करने से आपके पेट की चर्बी भी कम होती है। मर्कटासन का अभ्यास करने के लिए आप सबसे पहले मैट पर पीठ के बल लेट जाएं। अब आप अपने दोनों पैरों को घुटने से मोड़ें और दोनों हाथों को सीधा फैला लें। ध्यान रखें कि आपकी हथेलियां खुली हों और आकाश की तरफ हों। इसके बाद आप अपने पैरों को दाईं तरफ मोड़ें और गर्दन को बाईं तरफ ले जाएं। इससे आपको अपनी कमर में एक ट्विस्ट महसूस होगा। अब आप पैरों को बाईं तरफ मोड़ें और गर्दन को दाईं तरफ ले जाएं। यह एक ऐसा आसन है, जो कमर दर्द में रामबाण की तरह काम करता है।

## धर्म मंत्र

# हनुमानजी में दो हृदयों को आपस में जोड़ने की ग़ज़ब की कला है

विगत अंक में हमने देखा कि श्री हनुमान जी प्रभु श्री राम जी को सुग्रीव तक ले जाने हेतु पूरी तरह कमर कसे हुए हैं। और बातों ही बातों में यह नींव रख दी कि हे प्रभु ! आप सुग्रीव को अपना मित्र बना लीजिए। अन्यथा वह दास तो आपका है ही। श्रीराम जी हनुमान जी को निहार कर अपनी किसी विशेष सोच में डूबे हैं। वह सोच यह कि क्यों अनेकों जीव जोड़ने की बजाय सिर्फ तोड़ने में ही विश्वास रखते हैं। हमारी अयोध्या नगरी को ही ले लीजिए। मंथरा को आखिर किस बात की कमी थी। हमने उसे शिशु काल से ही बांचा है। दुराव व विलगता के भाव तो उसमें संस्कारों से ही थे। और अपनी कपट कला का प्रदर्शन वह कितना समय पहले ही कर देती। लेकिन इसके लिए उसे माता कैकेई जैसा उपयुक्त पात्र ही नहीं मिला। उसकी जीवों को मुझसे तोड़ने की कला में महारत तो देखिए कैसे?कैसे उसने कद्रू व विनीता की पौराणिक कथा में भी सौतन भाव वाला विष घोल कर माता कैकेई के मस्तिष्क में भी विष घोल दिया। और इधर श्री हनुमान जी सुग्रीव के हृदय से मेरे प्रति समस्त प्रकार के विष हरने को आतुर हैं। और कैसे हनुमान जी सुग्रीव को मुझे मेरे मित्र के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। क्योंकि मित्रता तो प्रायः बराबर वालों में ही होती है। तो हनुमान जी ने मुझमें और सुग्रीव में आखिर समानता ढूंढ़ ही ली। यह ठीक भी तो है। क्योंकि मुझमें और सुग्रीव में तो अनेकों ही समानताएं विद्यमान भी हैं। हम दोनों ही थोड़ा अधिक सम्मान के हकदार हैं।

## पर्यटन



# भारत में स्कीइंग के शौकीनों के लिए बेहतरीन गंतव्य स्थल

स्कीइंग, मनोरंजन, खेल, और परिवहन का एक तरीका है, जिसमें एक जोड़ी लंबे, सपाट रनर्स का उपयोग करके बर्फ पर चलना शामिल होता है, जिसे स्की कहा जाता है और यह आपके जूते या बूट से जुड़ा होता है। प्रतिस्पर्धी स्कीइंग को अल्पाइन, नॉर्डिक और फ्रीस्टाइल घटनाओं में विभाजित किया गया है। स्पीड स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग जैसी प्रतियोगिताओं में भी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। सीधे शब्दों में स्कीइंग बर्फ पर फिसलने के लिए स्की का उपयोग करके परिवहन का एक साधन है। कई प्रकार की स्कीइंग स्पर्धाओं को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और अंतर्राष्ट्रीय स्की महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त है। उत्तरी भारत में शक्तिशाली हिमालय है, जो लोगों को यहां स्कीइंग करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करता है। भारत में प्रमुख स्कीइंग गंतव्य हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और जम्मू और कश्मीर में स्थित हैं। यदि आप बर्फ से प्यार करते हैं और स्कीइंग का आनंद लेना चाहते हैं, तो हम आपको भारत के शीर्ष स्कीइंग स्थलों के बारे में बताते हैं, जो आपको एक अद्भुत और साहसिक अनुभव प्रदान करते हैं। पहलगाम जम्मू और कश्मीर में अनंतनाग जिले का एक ख़ूबसूरत शहर है। यह शहर हिमालय के पश्चिमी क्षेत्र से घिरा हुआ है। पहलगाम यहाँ के शानदार मार्गों के कारण ट्रेकर्स के लिए प्रसिद्ध है। सर्दियों के दौरान भारी बर्फबारी होती है, जो इसे एक आदर्श स्कीइंग स्पॉट में बदल देती है। पहलगाम में मुख्य स्कीइंग बिंदु अरु है जो थोड़ी दूरी पर स्थित है और यहां स्कीइंग करते समय परमानंद को महसूस करने के लिए एक आदर्श स्थान है। गुलमर्ग एक शहर, एक हिल स्टेशन, एक लोकप्रिय स्कीइंग गंतव्य और भारत के जम्मू और कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित एक अधिसूचित क्षेत्र समिति है। यह शहर पश्चिमी हिमालय में पीर पंजाल रेंज में स्थित है और गुलमर्ग वन्यजीव अभ्यारण्य की सीमाओं के भीतर स्थित है। गुलमर्ग भारत में सर्वश्रेष्ठ स्कीइंग की पेशकश के लिए जाना जाता है और यह एशिया में 7 वें सर्वश्रेष्ठ स्कीइंग गंतव्य के रूप में शुमार है।

# 20 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटकता मिला, कोहराम

## घर से निकलने के बाद लापता हुआ था युवक, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी : क्षेत्र में सोमवार देर शाम एक हृदयविदारक घटना सामने आई। घर से निकले 20 वर्षीय युवक का शव मंगलवार को उसके घर के पीछे स्थित आम की बाग में एक पेड़ से लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर भवानीपुर निवासी महेश दीक्षित का पुत्र शौरभ दीक्षित सोमवार की देर शाम घर से निकला था। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका।

मंगलवार को पुनः तलाश के दौरान ग्रामीणों की नजर घर से कुछ दूरी पर स्थित आम की बाग में लगे चिलवल के पेड़ पर पड़ी, जहां युवक का शव लटकता दिखाई दिया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान शौरभ दीक्षित के रूप में की, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

मौके पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# महाकुंभ 2025 में उत्कृष्ट सेवा पर सीओ गरिमा पंत सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। प्रयागराज में आयोजित विश्वप्रसिद्ध महाकुंभ 2025 के सफल, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण आयोजन में उल्लेखनीय योगदान देने पर जनपद बाराबंकी में तैनात क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत को महाकुंभ सेवा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

महाकुंभ जैसे विराट और चुनौतीपूर्ण आयोजन के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुचारु यातायात प्रबंधन तथा कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में गरिमा पंत ने जिस कुशल नेतृत्व, त्वरित निर्णय क्षमता और अद्वितीय कार्यकुशलता का परिचय दिया, वह अत्यंत सराहनीय रहा। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और मानवीय संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण प्राप्त हुआ।

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात और शांति व्यवस्था में अहम भूमिका निभाने पर मिला महाकुंभ सेवा मेडल**

पुलिस कार्यालय बाराबंकी में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने गरिमा पंत को महाकुंभ सेवा मेडल प्रदान करते हुए उनके उत्कृष्ट कार्यों की खुले मंच से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि गरिमा पंत जैसे कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित अधिकारी पुलिस बल की वास्तविक शक्ति हैं, जिनके प्रयासों से विभाग की छवि और अधिक सुदृढ़ होती है। इस सम्मान से न केवल गरिमा पंत का मनोबल बढ़ा है, बल्कि यह जनपद बाराबंकी पुलिस बल के लिए भी गर्व का विषय है। उनका यह सम्मान भविष्य में अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा।



## मुख्य मार्ग पर लगी झाड़ी हुई जानलेवा

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महादेवा चौकाघाट मार्ग पर विभागीय लापरवाही के चलते आवागमन खतरनाक हो गया है।चेतावनी संकेतकों के अभाव व दोनो ओर की चौड़ी पटरी पर फैली झाड़ियों के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं।नववर्ष के दिन हुए एक हादसे में एक किशोर की मौत और तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।श्रीलोधेश्वर महादेवा आने जाने का मार्ग होने के कारण इस सड़क से रोजाना हजारों श्रद्धालु गुजरते हैं।ग्रामीणों ने पटरी की मरम्मत व सफाई की मांग की है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने जांच कर शीघ्र कार्य कराने का आश्वासन दिया है।

## 15 लाख की पेस्टिसाइड चोरी

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के चंदनापुर मोड़ स्थित वर्मा बीज भंडार में अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर करीब 15 लाख रुपये का पेस्टिसाइड व अन्य कृषि सामग्री चोरी कर ली।घटना की जानकारी सुबह दुकान खोलने पर हुई जिसके बाद दुकानदार अंकुल वर्मा ने पुलिस को सूचना दी।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने रात में घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज कर दी है।घटना से डरे व्यापारियों ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

## घरेलू कलह में आत्महत्या

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर भवानीपुर रामपुर निवासी सौरभ दीक्षित पुत्र महेश का शव घर से करीब 300 मीटर दूर एक बाग में चिलवल के पेड़ से लटकता मिला । उसका मोबाइल फोन, टोपी और चप्पल शव से लगभग 150 मीटर दूर मिले। पुलिस ने मोबाइल को अपने कब्जे में ले लिया और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। थानाध्यक्ष सफदरगंज अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घरेलू कलह की बात सामने आई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## दहेज हत्या का मामला दर्ज, पुलिस की सक्रियता

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तीन दिन पूर्व विवाहिता की मौत के मामले में बदोसराय पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज एक व्यक्ति को जेल भेज दिया है। वहीं अन्य आरोपी फरार हो गए हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। बदोसरांय पुलिस ने 22 वर्षीय विवाहिता रूबी की हत्या के आरोप में पति समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुख्य आरोपी पति इस्तखार उर्फ चांदबाबू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग बताया गया है।मृतका 22 वर्षीय रूबी के भाई मुमताज ने पुलिस को बताया कि रूबी की शादी 8 फरवरी 2025 को ग्राम शहरी निवासी इस्तखार उर्फ चांदबाबू से हुई थी।

मुमताज के अनुसार, शादी के बाद से ही ससुराल वाले लगातार स्विफ्ट डिजायर कार की मांग कर रहे थे। इस मांग को लेकर रूबी काफी परेशान रहती थी और उसने कई बार अपने पिता व भाई को इसकी जानकारी दी थी। मुमताज ने तहरीर में बताया कि 3 जनवरी 2026 को दोपहर 2 बजे रूबी ने फोन पर सूचित किया था कि यदि कार नहीं दी गई तो ससुराल वाले उसे मार डालेंगे। उसी दिन शाम 5:17 बजे रूबी के पति इस्तखार उर्फ चांदबाबू ने फोन कर मुमताज को रूबी की मृत्यु की सूचना दी और बताया कि वे उसका अंतिम संस्कार करने जा रहे हैं।मुमताज ने आरोप लगाया है कि स्विफ्ट कार न देने के कारण इस्तखार उर्फ चांदबाबू, परवीन पत्नी गुफरान, रिहाना पत्नी इसरार, इसरार पुत्र मो. शमी, एजाज पुत्र मो. शमी, बेबी पत्नी एजाज, नियाज पुत्र मो. शमी और साहिबा पुत्री गुफरान ने मिलकर उसकी बहन रूबी को मारा–पीटा और गला दबाकर हत्या कर दी।वहीं इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि मुमताज की तहरीर पर पति समेत नौ लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मृतका के पति इस्तखार उर्फ चांदबाबू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## श्रद्धालु पर जानलेवा हमला

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कई महीनों से कोटवाधाम में रह रहे एक भक्त को अज्ञात लोगों ने पीट पीट कर लहुलुहान कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अभरन सरोवर के पास श्रद्धालु की अज्ञात लोगों ने पिटाई कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया जिसे कोतवाली बदोसरांय के उपनिरीक्षक हिमांशू पान्डेय ने स्थानीय लोगों के सहयोग से संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में उपचार के लिए भर्ती कराया जंहा इमरजेंसी में मौजूद डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर–कर दिया है।मामला कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के कोटवाधाम का है जहां अभरन सरोवर के समीप एक मन्दिर के पास बाबू पुरवा मोहना थाना परसपुर गोन्डा के 70 वर्षीय रामनरायन पुत्र कन्धई को रात में किसी अज्ञात व्यक्ति ने पीट पीट कर लहुलुहान कर दिया । स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली बदोसरांय के उपनिरीक्षक हिमांशू पान्डेय ने अस्पताल पहुंचाया।इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों ने रामनरायन का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर–कर दिया है। उपनिरीक्षक हिमांशू पान्डेय ने बताया है कि चोटिल वृद्ध के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## आलेख निर्वाचक नामावली का प्रकाशन

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल द्वारा रामनगर विधानसभा क्षेत्र 267 की आलेख्य निर्वाचक नामावली का विधिवत प्रकाशन किया।उन्होंने मतदाता सूची को त्रुटिरहित रखने पर जोर देते हुए आम जनता से आपत्ति व दावे समय पर दर्ज कराने की अपील की। कार्यक्रम में तहसीलदार विपुल सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि नए मतदाताओं के पंजीकरण मृत व स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा संशोधन के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। निर्वाचक नामावली अब तहसील सभागार व संबंधित बूथों पर निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।



# 500 जरूरतमंदों को मिला ठंड से राहत का सहारा

## त्रिवेदीगंज के पूरे देवीदास मजरे मंझूपुर में एडवोकेट शिव कैलाश दीक्षित के कंबल वितरण कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी : तहसील क्षेत्र अंतर्गत त्रिवेदीगंज के पूरे देवीदास मजरे मंझूपुर में सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शिव कैलाश दीक्षित द्वारा गरीबों व जरूरतमंदों को भीषण ठंड से बचाने के उद्देश्य से भव्य कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पुनीत सेवा कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य रितु शाही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि क्षेत्रीय भाजपा विधायक दिनेश रावत, प्रधान त्रिवेदीगंज अरुण शुक्ला, अंबर शरण जायसवाल, भाजपा नेता सुशील पटेल लंबरदार, प्रधान मंझूपुर भुईयादीन, प्रधान नरदही तारा चंद्र पटेल, प्रधान रामराज वर्मा, लवकुश पांडेय, पूर्व प्रधान गनहरी गरीबे लाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान करीब 500 गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए, कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी साफ झलकती नजर आई। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य रितु शाही ने अपने संबोधन में कहा कि कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को कंबल वितरण जैसे कार्य करना मानवता की सच्ची सेवा है। जब समाज का सक्षम वर्ग गरीब और असहाय लोगों के साथ खड़ा होता है, तभी एक सशक्त, संवेदनशील और समृद्ध भारत का निर्माण संभव होता है। उन्होंने इस पुनीत आयोजन के लिए एडवोकेट शिव कैलाश दीक्षित की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। साथ ही उन्होंने सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

अपने संबोधन में श्रीमती शाही ने आम जनमानस को यह भरोसा भी दिलाया कि यदि किसी को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा या महिला उत्पीड़न से संबंधित कोई भी समस्या हो, तो वे उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य होने के नाते पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी हैं और 24 घंटे सेवा के लिए तत्पर हैं।

इस मौके पर क्षेत्रीय भाजपा विधायक दिनेश रावत ने कहा कि नर सेवा को नारायण सेवा का दर्जा दिया गया है और गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा करने से ईश्वर भी प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि ठंड से बचाव के लिए आयोजित यह कंबल वितरण कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है और इससे बड़ा कोई दूसरा पुण्य कार्य नहीं हो सकता।

कार्यक्रम से पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम आयोजक एडवोकेट शिव कैलाश दीक्षित द्वारा किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार नम्रता दुबे भी उपस्थित रहीं। प्रधान त्रिवेदीगंज अरुण शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि शिव कैलाश दीक्षित द्वारा किया गया यह आयोजन अत्यंत प्रशंसनीय है और गरीबों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है।

कार्यक्रम के अंत में एडवोकेट शिव कैलाश दीक्षित ने कहा कि गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा का उनका संकल्प आगे भी इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर ललित कुमार दीक्षित, रमन चौधरी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# निजी होल्डिंग से पटी पड़ी हैं सरकारी सार्वजनिक संपत्तियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। आसन्न पंचायत चुनाव तथा अगले वर्ष प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसी क्रम में नववर्ष, मकर संक्रांति, गणतंत्र दिवस एवं महाशिवरात्रि जैसे पर्वों की शुभकामनाओं के माध्यम से कस्बों और प्रमुख चौराहों पर होर्डिंग्स लगाकर सम्भ संभावित प्रत्याशी भोकाल जमा रहे हैं। कस्बा टिकैतगंज, कुर्सी, बाबागंज और निंदूरा सहित क्षेत्र के लगभग सभी प्रमुख चौराहों पर विभिन्न व्यक्तियों द्वारा लगाए गए होर्डिंग्स नजर आ रहे हैं। इनमें सामाजिक संदेशों के साथ शुभकामनाएं दी गई हैं, जिनमें संबंधित व्यक्तियों के नाम और चित्र भी अंकित हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इन दिनों चौराहों पर होर्डिंग्स की संख्या पहले की तुलना में अधिक दिखाई दे रही है। शुभकामना होर्डिंग्स का उद्देश्य - जानकारों की माने तो ऐसे होर्डिंग्स के माध्यम से लोग समाज के बीच अपनी पहचान मजबूत करने का प्रयास करते हैं। बार-बार नाम और चित्र दिखाई देने से लोगों में परिचय बढ़ता है। त्योहारों के अवसर पर शुभकामनाएं देना जनसंपर्क का एक सामान्य माध्यम माना जाता है। इससे संबंधित व्यक्ति की सामाजिक सक्रियता का संदेश भी जाता है। कुछ होर्डिंग्स में सहयोगियों अथवा समर्थकों के नाम शामिल होने से संगठनात्मक जुड़ाव भी प्रदर्शित होता है। वहीं, सार्वजनिक स्थलों पर अधिक संख्या में लगे होर्डिंग्स के कारण यातायात व्यवस्था, दृश्य स्वच्छता और सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतने की आवश्यकता है। कुछ स्थानों पर बिजली के खंभों और तारों के आसपास होर्डिंग्स लगाए जाने से संभावित जोखिम की ओर भी ध्यान दिलाया जा रहा है। वर्तमान में चुनाव आचार संहिता लागू न होने के कारण इस संबंध में कोई विशेष कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। जानकारों का मानना है कि जैसे-जैसे चुनाव प्रक्रिया नजदीक आएगी, नियमों के अनुसार संबंधित गतिविधियों पर प्रशासन की निगरानी और स्पष्ट हो सकती है।

# छात्र–छात्राओं व वाहन चालकों में जागरुकता लाने हेतु कार्यशाला का आयोजन

## एआरटीओ अंकिता शुक्ला ने दिलाई नियमों के पालन करने की शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा नन्दलाल प्रभुदेवी प्रोफ़ेशनल इंस्टीट्यूट परिसर मे सड़क सुरक्षा के प्रति स्कूली छात्र-छात्राओ व वाहन चालको मे जागरुकता लाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव, यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला मे एआरटीओ श्रीमती शुक्ला ने छात्र-छात्राओ को कहा कि सड़क दुर्घटनाएँ केवल एक व्यक्ति या परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की क्षति होती हैं। जिन्हें यदि हम थोड़ी सी सावधानी, अनुशासन एवं जागरूकता से रोक सकते हैं।




एआरटीओ ने हेलमेट एवं सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा रोड़ सेफ्टी नियमों का पालन करने पर विशेष जोर दिया। तथा सड़क पर अनुशासन बनाए रखने, गलत दिशा में गाड़ी न चलाने और धैर्यपूर्वक नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया। सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक श्री यादव ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि युवा वर्ग समाज का सबसे सशक्त माध्यम है जो न केवल स्वयं नियमों का पालन करे। बल्कि अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करे। यातायात प्रभारी श्री यादव ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। सुरक्षित ड्राइविंग, पैदल यात्रियों के अधिकारों का सम्मान, यातायात संकेतों का पालन और धैर्यपूर्ण व्यवहार ही सुरक्षित सड़कों की नींव है। इसके उपरान्त सभी को हमेशा सतर्क, जागरूक व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यशाला मे प्रबन्धक सुशील कुमार, प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, योगेश, शमशद अली, शिवम, संजय, अंशुमान, सपना, अनामिका, नेहा सहित छात्र-छात्रायें व शिक्षक मौजूद रहे।

# प्रभात फ़ेरी के साथ याद किए गए गुरु गोविंद सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। साहिबे कमाल सरबशंदानी मानवता के पुंज श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा प्रबंधक कमेटी द्वारा लाजपत नगर बाराबंकी में बड़ी धूमधाम से मनाया गया कई दिनों से गुरुद्वारे में प्रभातफ़ेरिया निकाली जा रहीं थी जिसमें संगत के द्वारा गुरु जसगायन भजन कीर्तन किया जा रहा था प्रकाश पर्व को लेकर श्री अखंड पाठ साहिब की अरम्भ्ता हुई जिसकी समाप्ति आज हुई जिसके उपरांत आज सुबह नितनेम साहिब का पाठ किया गया कीर्तन दीवान सवेरे 7 बजे से हजूरी रागी जत्था भाई तीरथ सिंह सोढ़ी जी के द्वारा जस गायन किया गया उसके उपरांत विशेष कीर्तन दीवान सजाया गया जिसमें दिल्ली से आय भाई रविंदर सिंह के जत्थे द्वारा जस गायन किया गया वाह-वाह गोविंद सिंह आपे गुरु चेला !

गुर सिमर मनाई कालका खंडे की वेला
वाह-वाह गोविंद सिंह आपे गुरु चेला !
पिवो पाहुल खंडे धार होए जनम सुहेला
गुरु संगत कीनी खालसा मनमुखी दुहेला
! ... इसके उपरांत आनंद साहिब का पाठ कर अरदास कर समाप्ति की गई समाप्ति उपरांत गुरु का अटूट लंगर वरताया गया जिसे सभी धर्मों के लोगों ने एक साथ बैठकर एक पंगत में प्रसाद ग्रहण किया रात में 7 बजे कीर्तन दरबार सजाया गया समाप्ति के उपरान्त दूध का लंगर संगत में बांटा गया और गुरुद्वारा परिसर में भव्य आतिशबाजी हुई जिसमें एससी एसटी आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत,तनुज पुनिया, एस पी अर्पित विजयवर्गिय,गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भूपेंदर सिंह, अरविन्द सिंह गोप,विधायक सुरेश यादव,पूर्व एमएलसी राजू यादव, चेयरमैन शीला सिंह, अवधेश श्रीवास्तव,सरदार चरनजीत सिंह,सरदार प्रेमपाल सिंह पल्ले, संदीप गुप्ता, ,जिला अल्पसंख्यक कल्याण संजय मिश्रा,सुरेन्दर सिंह, सीओ सिटी संगम कुमार, सीओ यातायात अलोक कुमार पाठक,कोतवाल सुधीर सिंह, विनोद गाबा,डॉ विवेक वर्मा,नवीन सिंह, पवन सिंह, चरनजीत गाबा,रविनन खजांची,दीपक जैन, सतनाम सिंह, सुमित्रा कौर,रंजीत कौर, नरेंद्र कौर,सुरजीत कौर, इंदरजीत कौर, कवलजीत कौर, अधिवक्ता सरदार रविन्द्रपाल सिंह,सरदार राजदीप सिंह,विपुल सिंह, सरदार मोहन सिंह, तनमीत सिंह, सरदार हरप्रीत सिंह, सरदार गोबिंद सिंह, सिंह,तनप्रीत सिंह, सरदार हरपाल सिंह,सनी सिंह,मलकीत सिंह,प्रीत सिंह, सरदार रविंदर सिंह,सरदार तेजपाल सिंह रौनक सिंह गोविंद सिंह मलकीत सिंह, रणबीर सिंह सरदार जसवीर सिंह सरदार मनमीत सिंह सोनू सहित सैकडो श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# हिन्दू राष्ट्र शक्ति टीम द्वारा क्षेत्राधिकारी का नागरिक अभिनंदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के ऐतिहासिक और सफल सम्पूर्णता में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया गया है। इसी क्रम में जनपद बाराबंकी के क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्र को प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात और शांति व्यवस्था में उनकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता, समर्पण और विशिष्ट सेवाओं के लिए महाकुंभ सेवा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। व शुक्रवार को पुलिस कार्यालय हिन्दू राष्ट्र शक्ति प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह अन्नू अपने टीम के साथ पहुंचकर रामसनेहीघाट क्षेत्राधिकारी को माला पहनाकर शुभकामनाएं दी जितेंद्र सिंह अन्नू ने बताया कि अधिकारी बहुत देखे लेकिन ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करने वाले और समाज में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में रामसनेहीघाट क्षेत्राधिकारी जी की एक अलग पहचान है साथ में पहुंचे आशीष मिश्रा हिमांशु यादव दिलीप कुमार ने क्षेत्राधिकारी को शुभाकामनाएं देते हुए खुशी जताई

# विजय हजारे ट्रॉफी में अमन राव का दोहरा शतक चोट से वापसी पर श्रेयस अय्यर का अर्धशतक

एजेंसी



नई दिल्ली। विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में मंगलवार को कई शानदार प्रदर्शन देखने को मिले। हैदराबाद के ओपनर अमन राव के शानदार दोहरे शतक और चोट से वापसी कर रहे मुंबई के कप्तान श्रेयस अय्यर की आक्रामक 82 रन की पारी टूर्नामेंट में सबसे बड़े आकर्षण रहे।

हरियाणा बनाम आंध्र प्रदेशः हरियाणा के लिए एचजे राणा की बेहतरीन 112 रन की पारी की बदौलत टीम ने 324 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। पार्थ वत्स ने 60 गेंदों पर 69 रन बनाए, जिसमें पांच चौके शामिल थे। आंध्र प्रदेश की ओर से राजू ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 9.5 ओवर में 44 रन देकर पांच विकेट झटके, जबकि साकेत राम ने 3/61 विकेट लिए। आंध्र को जीत के लिए 325 रन का लक्ष्य मिला। सौराष्ट्र बनाम सर्विसेजः पहले बल्लेबाजी करते हुए सौराष्ट्र ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 349 रन बनाए। एच. देसाई ने 114 गेंदों पर 110 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 13 चौके शामिल रहे। सर्विसेज के लिए पुलकित नारंग ने तीन विकेट चटकाए। मुंबई बनाम हिमाचल प्रदेशः चोट के बाद वापसी करते हुए मुंबई के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 53 गेंदों पर 82 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 10 चौके और तीन छक्के शामिल थे। हालांकि सूर्यकुमार यादव (21) और यशस्वी जायसवाल (15) बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। खबर लिखे जाने तक मुंबई 32.3 ओवर में 7 विकेट पर 298 रन बना चुकी थी। उत्तर प्रदेश बनाम विदर्भः उत्तर प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 339 रन बनाए। ओपनर अभिषेक गोस्वामी ने 109 गेंदों पर 103 रन की शतकीय पारी खेली। उनके अलावा ध्रुव जुरेल (56), प्रियम गर्ग (67) और कप्तान रिंकू सिंह (57) ने अहम योगदान दिया। हैदराबाद बनाम बंगालः हैदराबाद के अमन राव ने टूर्नामेंट की सबसे यादगार पारी खेलते हुए 154 गेंदों पर 200 रन ठोक दिए। उनकी पारी में 12 चौके और 13 छक्के शामिल थे। अमन के दोहरे शतक की बदौलत हैदराबाद ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 352 रन बनाए। बंगाल की ओर से मोहम्मद शमी ने 3/70 विकेट लिए। कर्नाटक बनाम राजस्थानः कर्नाटक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 324 रन बनाए। मयंक अग्रवाल ने 107 गेंदों पर 100 रन और देवदत्त पडिक्कल ने 82 गेंदों पर 91 रन की शानदार पारी खेली। पडिक्कल इस टूर्नामेंट के इतिहास में तीन अलग-अलग सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए।

# वैभव सूर्यवंशी ने पंत का रिकॉर्ड तोड़ा, सबसे तेज भारतीय यूथ वनडे अर्धशतक बनाया

एजेंसी

बेनोनी। क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को विलोमूर पार्क में दक्षिण अफ्रीका अंडर 19 के खिलाफ दूसरे यूथ वनडे के दौरान यूथ वनडे इंटरनेशनल में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज़ फिफ्टी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रेगुलर कप्तान आयुष म्हात्रे की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी करते हुए, 14 साल के सूर्यवंशी ने पावर-हिटिंग का शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ़ 15 गेंदों में अपना हाफ सेंचुरी पूरा किया, जिससे उन्होंने सीनियर भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 18 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। युवा ओपनर आखिरकार 24 गेंदों पर शानदार 68 रन बनाकर आउट हो गए, इस पारी में क्लीन स्ट्राइकिंग का बोलबाला था। उन्होंने 10 छक्के और सिर्फ़ एक चौका लगाया, जिसमें से 64 रन बाउंड्री से आए, जिससे साउथ अफ्रीकी गेंदबाज़ों को उन्हें रोकने में मुश्किल हुई। इससे पहले,



साउथ अफ्रीका अंडर19 ने पहले बैटिंग करने का फैसला किया और 49.3 ओवर में 245 रन पर आउट हो गई। बाद में बारिश की रुकावट के कारण बदले हुए हालात में भारत का टारगेट 27 ओवर में 174 रन कर दिया गया। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत की, जिसमें ओपनर एरॉन जॉर्ज और सूर्यवंशी ने मेजबान टीम पर अटैक किया। दोनों ने सिर्फ़ 4.1 ओवर में टीम का पचास रन पूरा किया। जॉर्ज सबसे पहले आउट हुए, उन्होंने 19 गेंदों पर 20 रन बनाए, और भारत का स्कोर 6.1 ओवर में एक विकेट पर 67 रन था। सूर्यवंशी ने अपना अटैक जारी रखा, लेकिन 8.1 ओवर में माइकल क्रुइसकैंप ने उन्हें आउट कर दिया, और तब भारत का स्कोर 10 ओवर में दो विकेट पर 103 रन था। इसके बाद, वेदांत त्रिवेदी और अभिज्ञान कुंडू ने लक्ष्य का पीछा आसानी से खत्म किया। त्रिवेदी 31 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि कुंडू ने नाबाद 48 रन बनाकर पारी को संभाला और भारत ने बिना किसी और नुकसान के जीत हासिल कर ली।

## संक्षिप्त समाचार

### पडिक्कल ने 600 रन बनाकर विजय हजारे में इतिहास रचा

**बेंगलुरु।** देवदत्त पडिक्कल ने विजय हजारे ट्रॉफी में एक बार फिर इतिहास रच दिया है, क्योंकि वह भारत की प्रमुख घरेलू एक दिवसीय प्रतियोगिता के तीन अलग-अलग सीजन में 600 या उससे ज़्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। पडिक्कल ने यह उपलब्धि मंगलवार को गुजरात कॉलेज ग्राउंड में राजस्थान के खिलाफ कर्नाटक के एलीट ग्रुप ए मैच के दौरान हासिल की। राजस्थान के खिलाफ, पडिक्कल ने एक और अहम भूमिका निभाई, 82 गेंदों में 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 91 रन बनाए, और कप्तान मयंक अग्रवाल के साथ 184 रन की शानदार ओपनिंग पार्टनरशिप करके कर्नाटक की पारी को संभाला। इस जोड़ी ने कर्नाटक को एक मजबूत शुरुआत दी, जब राजस्थान ने फील्डिंग करने का फैसला किया तो एक मज़बूत प्लेटफॉर्म तैयार किया। चल रहे 2025-26 सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन में 147, 124 और 113 के शतक शामिल हैं, जो अलग-अलग मैदानों और परिस्थितियों में उनकी निरंतरता को दिखाता है। अपने असाधारण फॉर्म के बावजूद, पडिक्कल को हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम से बाहर कर दिया गया था, जिससे क्रिकेट जगत में हैरानी हुई। इस अनदेखी ने घरेलू क्रिकेट में दबदबा बनाने और राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए एक मजबूत दावा पेश करने के उनके दृढ़ संकल्प को और बढ़ा दिया है। पडिक्कल ने पहले 2019-20 सीजन में 11 मैचों में 609 रन बनाकर विजय हजारे चार्ट में टॉप किया था और 2020-21 में सिर्फ सात पारियों में 147.40 की औसत से 737 रन बनाकर बेंचमार्क बढ़ाया था, जिसमें चार शतक शामिल थे, जब कर्नाटक सेमीफाइनल में पहुंचा था। पडिक्कल, जिन्होंने भारत के लिए दो टेस्ट और दो टी20 में भी खेला है, 2026 इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलेंगे। पिछले सीजन के बीच में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर होने के बावजूद फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन किया था। एक मज़बूत विजय हजारे सीजन के साथ, पडिक्कल का लक्ष्य भारतीय टीम में अपनी जगह वापस पाना और अपने शानदार फॉर्म को जारी रखना होगा।

### डी कॉक और बेयरस्टो की तूफानी पारियाँ सनराइजर्स की सेंचुरियन में रिकॉर्ड जीत

**प्रिटोरिया।** बेटवे एसए20 सीजन 4 रिकॉर्ड्स का सीजन बनता जा रहा है और सोमवार शाम सेंचुरियन में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने प्रिटोरिया कैपिटल्स के खिलाफ पहली ऐतिहासिक जीत दर्ज कर इसका ताज़ा उदाहरण पेश किया। सनराइजर्स ने कैपिटल्स के 176/7 के स्कोर को बिना कोई विकेट गंवाए पार कर लिया, जो बेटवे एसए20 इतिहास में उनका सबसे बड़ा सफल रन-चेज है। इस शानदार जीत के साथ ट्रिस्टन स्टब्स की टीम 17 अंकों के साथ अंकतालिका में फिर से शीर्ष पर पहुँच गई। ओपनर्स क्विंटन डी कॉक (नाबाद 79 रन, 41 गेंद, 5 चौके, 6 छक्के) और जॉनी बेयरस्टो (नाबाद 85 रन, 44 गेंद, 8 चौके, 6 छक्के) ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए कैपिटल्स के गेंदबाज़ों को चारों ओर बिखेर दिया। डी कॉक ने पावरप्ले में लुंगी एनगिडी की गेंदों पर कवर के ऊपर लगातार दो छक्के जड़ते हुए आक्रमण की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने लिज़ाड विलियम्स को भी नहीं बख्शा और सनराइजर्स को मज़बूत स्थिति में पहुँचा दिया। शुरुआत में बेयरस्टो ने डी कॉक को खुलकर खेलने दिया, लेकिन जैसे ही स्पिनर केशव महाराज गेंदबाज़ी पर आए, उन्होंने गियर बदल दिया। पूर्व इंग्लैंड विश्व कप विजेता बेयरस्टो ने महाराज के एक ही ओवर में पाँच छक्के और एक चौका लगाकर 34 रन बटोर लिए, जो अब बेटवे एसए20 इतिहास का सबसे महँगा ओवर बन गया है। प्लेयर ऑफ द मैच के लिए क्विंटन डी कॉक, कॉनर एस्टरह्यूज़न, एनरिच नॉर्टजे और शरफ़ेन रदरफोर्ड दावेदार थे, जिसमें डी कॉक को फैन वोट का 91.2 प्रतिशत समर्थन मिला। इससे पहले, सनराइजर्स ने सधी हुई गेंदबाज़ी और बेहतरीन फील्डिंग के दम पर कैपिटल्स को औसत से कम स्कोर पर रोक दिया था। हालाँकि नए ओपनर कॉनर एस्टरह्यूजन (52 रन, 33 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) और मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज़ शरफ़ेन रदरफोर्ड (नाबाद 47 रन, 22 गेंद, 3 चौके, 4 छक्के) ने पारी को संभाला, लेकिन सनराइजर्स ने पूरे समय मुकाबले पर अपनी पकड़ बनाए रखी। एनरिख नॉर्खिये ने अपने पुराने घरेलू मैदान पर 150 किमी/घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाज़ी करते हुए 3/32 के आंकड़े दर्ज किए, जबकि लुईस ग्रेगरी ने बेहद किफायती गेंदबाज़ी करते हुए चार ओवर में 1/18 रन दिए। एडम मिल्ने ने अंतिम से पहले ओवर में 22 रन खाने के बावजूद 2/36 के आंकड़े हासिल किए, जिसमें कैपिटल्स के नए वेस्टइंडीज़ी स्टार आंद्रे रसेल का अहम विकेट भी शामिल था। मैच का आकर्षण क्विंटन डी कॉक का शानदार एक हाथ से लिया गया डाइविंग कैच रहा, जिसने इस मुकाबले में सनराइजर्स के वर्चस्व को पूरी तरह स्थापित कर दिया।

### स्टीव स्मिथ शतक लगाकर एशेज में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने मंगलवार को एक शानदार शतक लगाकर एशेज के इतिहास में अपना नाम और मजबूती से दर्ज कराया। वह इंग्लैंड के महान खिलाड़ी जैक हॉब्स को पीछे छोड़कर एशेज इतिहास में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने अपना 37वां टेस्ट शतक बनाया, जब उन्होंने ट्रैविस हेड के शानदार 163 रनों की बदौलत मिली मजबूत नींव पर पारी को आगे बढ़ाया। इससे मेजबान टीम इंग्लैंड के पहली पारी के कुल स्कोर को पार करने में सफल रही और सीरीज़ के आखिरी टेस्ट में एक महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। इस प्रक्रिया में, स्मिथ ने हॉब्स के 3,636 एशेज रनों के आंकड़े को पार कर लिया और अब वह ऑल-टाइम लिस्ट में सर डॉन ब्रैडमैन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। 36 वर्षीय खिलाड़ी एशेज शतकों की सूची में भी दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, इंग्लैंड के खिलाफ उनके 13 शतकों से ज़्यादा सिर्फ ब्रैडमैन के 19 शतक हैं। स्मिथ का एशेज का सफर 2010 में पर्थ में शुरू हुआ था, हालांकि इस मशहूर प्रतिद्वंद्विता में अपना पहला शतक लगाने में उन्हें 15 पारियां लगीं, जो 2013 में द ओवल में आया था। तब से, वह इंग्लैंड के गेंदबाजों के लिए लगातार परेशानी का सबब बने हुए हैं, उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 2019 में इंग्लैंड में हुए एशेज के दौरान आया था, जहां उन्होंने 110.57 के शानदार औसत से 774 रन बनाए थे। सिडनी में बनाया गया शतक स्मिथ का मौजूदा सीरीज का पहला और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के तौर पर 18वां शतक था। खास बात यह है कि कप्तान के तौर पर उनके छह शतक इंग्लैंड के खिलाफ आए हैं, जो किसी भी विरोधी टीम के खिलाफ कप्तान के तौर पर बनाए गए सबसे ज़्यादा शतक हैं। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन की शुरुआत दो विकेट पर 166 रन से की, हेड ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखा और अपना 12वां टेस्ट शतक पूरा किया।

# आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग में हरमनप्रीत कौर को फायदा, दीप्ती शर्मा ने गंवाया शीर्ष स्थान

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टी20आई सीरीज के पांचवें और अंतिम मुकाबले में शानदार प्रदर्शन का फायदा उठाते हुए आईसीसी महिला टी-20आई बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाई है। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ती शर्मा को गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवाना पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बताया गया कि तिरुवनंतपुरम में खेले गए आखिरी टी-20आई में हरमनप्रीत कौर ने 43 गेंदों पर 68 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस प्रदर्शन के बाद वह बल्लेबाजी रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं और अब टॉप-10 के करीब हैं। दीप्ती शर्मा गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड से पीछे खिसककर दूसरे स्थान पर चली गई हैं। दीप्ती का एक विकेट पर 28 रन का प्रदर्शन उन्हें शीर्ष पर बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं रहा। सदरलैंड ने 736 रेटिंग अंकों के साथ फिर से नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है, जबकि दीप्ती उनसे एक अंक पीछे हैं। सदरलैंड इससे पहले अगस्त 2025 में भी नंबर-1 बनी थीं, जब पाकिस्तान की स्पिनर सादिया इकबाल ने शीर्ष स्थान गंवाया था। सीरीज में भारत की 5-0 की क्लीन स्वीप जीत के बाद अन्य खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी सुधार देखने को मिला है। अमनजोत कौर सात स्थान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 78वें स्थान पर पहुंच गई हैं। श्रीलंका की बल्लेबाज हसिनी परेरा 31 पायदान ऊपर चढ़कर 40वें और इमेशा दुलानी 77 स्थान की बड़ी छलांग के साथ 84वें स्थान पर पहुंच गई हैं, दोनों ने सीरीज में अर्धशतक जमाए थे। गेंदबाजी रैंकिंग में भारत की बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरानी ने भी पांच स्थान की बढ़त के साथ 47वां स्थान हासिल किया है। श्रीलंका की ओर से कविशा दिलहारी एक स्थान ऊपर चढ़कर 32वें और कप्तान चमारी अथापथ्थु तीन स्थान की प्रगति के साथ 48वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# जोकोविच एडिलेड से हटे, ऑस्ट्रेलियन ओपन पर फोकस

एडिलेड। नोवाक जोकोविच ने अगले हफ्ते होने वाले एडिलेड इंटरनेशनल से अपना नाम वापस ले लिया है, उन्होंने फिटनेस की चिंताओं का हवाला दिया है क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी जारी रखे हुए हैं। एडिलेड में फैंस को संबोधित करते हुए एक इंस्टाग्राम स्टोरी में, 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने कहा कि वह एटीपी 250 इवेंट में ''शारीरिक रूप से प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं'', और इस फैसले को ''व्यक्तिगत रूप से बहुत निराशाजनक'' बताया। जोकोविच ने कहा कि एडिलेड उनके लिए खास महत्व रखता है, क्योंकि उन्होंने दो साल पहले वहां खिताब जीता था, और कहा कि शहर में वापस आकर ''सच में घर जैसा महसूस हुआ''। हालांकि, सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि उनकी तत्काल प्राथमिकता सीजन के पहले ग्रैंड स्लैम के लिए तैयार होना है।

# घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में मंगलवार को तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोने के भाव में आज 810 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 830 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी भी आज दिल्ली में 1,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगी हो गई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,38,230 रुपये से लेकर 1,38,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,26,710 रुपये से लेकर 1,26,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। भाव में उछाल आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी 2,48,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,38,380 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,26,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,38,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,26,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,38,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,26,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,38,230 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,26,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,38,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,26,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,38,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,26,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,38,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,26,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,38,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,26,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# एयर इंडिया के लिए नए सीईओ की तलाश में टाटा समूह, हटेंगे कैंपबेल विल्सन

एजेंसी

नई दिल्ली। टाटा समूह ने विमानन कंपनी एयर इंडिया की अगुवाई करने के लिए मौजूदा प्रमुख कैंपबेल विल्सन की जगह नए मुख?य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) की तलाश शुरू की दी है। विल्सन का कार्यकाल 2027 में खत्म होने वाला है, लेकिन उससे पहले भी कैंपबेल विल्सन को हटाया जा सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पिछले साल जून में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के बाद एयरलाइन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इससे टाटा समूह अब नए हाथों में एयर इंडिया कमान सौंपना चाहता है।?इस बीच समूह अपनी अनुषंगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए भी एक नए प्रबंध निदेशक (एमडी) की नियुक्ति पर विचार कर रहा है। इस पद पर कार्यरत आलोक सिंह का कार्यकाल 2027 में पूरा होने वाला है। अहमदाबाद विमान हादसे के बाद आए उतार-चढ़ाव और




विमानन कंपनी के निजीकरण के बावजूद एयरलाइन की कमजोर वित्तीय स्थिति इसकी मुख्य वजह मानी जा रही है। टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन इस पद के लिए कई अनुभवी एयरलाइन अधिकारियों से बातचीत कर चुके हैं। इस बीच एयर इंडिया बोइंग 787-8 विमान दुर्घटना की अंतिम रिपोर्ट जून के आसपास आने की उम्मीद है। विल्सन सोमवार को एक निर्धारित बैठक में शामिल होने के लिए टाटा हाउस में मौजूद थे। विल्सन को जुलाई 2022 में एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) के रूप में नियुक्त किया गया था। टाटा समूह ने जनवरी 2022 में सरकार से एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था।

# कैट 1-4 मई तक भारत मंडपम में 'भारतीय व्यापार महोत्सव' आयोजित करेगा : खंडेलवाल

एजेंसी

नई दिल्ली। कारोबारी संगठन कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) 1 से 4 मई तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'भारतीय व्यापार महोत्सव 2026' का आयोजन करेगा। यह पहल आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल एवं लोकल टू ग्लोबल के आह्वान के अनुरूप शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य देश के घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार को सुदृढ़ करना तथा भारत के व्यापारिक परचम को अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्थापित करना है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में चार दिवसीय 'भारतीय व्यापार महोत्सव 2026' के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में टैरिफ और वैश्विक संघर्षों के चलते विश्व में बड़े परिवर्तन आए हैं। कैट इसे भारत की सामूहिक क्षमताओं को सशक्त करने के एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखता है। इसी क्रम में देशभर में भारतीय व्यापार मूवमेंट शुरू किया जा रहा है, जिसकी पहली प्रमुख पहल के रूप में 1 मई से 4 मई तक भारत मंडपम में इसका आयोजन करेगा, जो भारत का अबतक का सबसे बड़ा राष्ट्रीय व्यापार एक्सपो होगा। खंडेलवाल ने मीडिया से कहा कि भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 (बीवीएम 2026) भारतीय कॉमन मार्केट का उत्सव होगा और वन नेशन-वन मार्केट की भावना के तहत भारतीय व्यापार, विनिर्माण, सेवाओं एवं उद्यमिता की सामूहिक शक्ति, विविधता और एकता को प्रदर्शित करेगा। इसमें भारत की पुरातन संस्कृति एवं सभ्यता से व्यापार के जुड़ाव को भी प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। इस महोत्सव को देशभर में लोकप्रिय बनाने के लिए एक वीडियो गीत भी लॉन्च किया गया। खंडेलवाल ने बताया कि बीवीएम 2026 का आयोजन पूरी तरह मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड की परिकल्पना के अनुरूप किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय व्यापारियों, एमएसएमई, महिला एवं युवा उद्यमियों,



निर्माताओं एवं सेवा प्रदाताओं की वास्तविक क्षमता को एक राष्ट्रीय एवं वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा। कैट महामंत्री ने बताया कि भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 में देशभर से 2000 से अधिक प्रदर्शनी स्टॉल, '2 लाख से अधिक व्यापारी तथा लगभग' 10 लाख लोगों के चार दिनों में भाग लेने का लक्ष्य तय किया गया है। व्यापार महोत्सव में बड़ी मात्रा में व्यापार सौदों, साझेदारियों एवं भारतीय उत्पादों में निवेश होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस स्वदेशी एक्सपो में एमएसएमई, महिला उद्यमी, कारीगर, स्टार्टअप्स, युवा स्टेट ऊप्स, कोआपरेटिव संस्थाएं, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), पारंपरिक एवं विरासत आधारित उत्पादों के प्रदर्शन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही निर्यात विस्तार के साथ आयात प्रतिस्थापन को भी सशक्त रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। यह प्रदर्शनी 24 से अधिक क्षेत्रों एवं वर्टिकल्स में फैली होगी और इसे आठ जोनों बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) ज़ोन, प्रदर्शनी एवं उत्पाद प्रदर्शन ज़ोन, निवेश एवं वित्त ज़ोन, पर्यटन, संस्कृति एवं हस्तशिल्प ज़ोन, शिक्षा, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण ज़ोन, टेस्ट्स ऑफ इंडिया (क्षेत्रीय खाद्य) ज़ोन, वुमेन और यूथ, कौशल विकास और ट्रेनिंग में बांटा जायेगा। उन्होंने बताया कि बीवीएम 2026 की प्रमुख विशेषताओं में बायर-सेलर मीट्स, स्टार्टअप पिचिंग प्लेटफॉर्म, ऑन-द-स्पॉट ऋण एवं फंडिंग सहायता, निवेशक बैठकें, उत्पाद लॉन्च, निर्यात सुविधा डेस्क, बिजनेस शोकेस तथा व्यापार सुधार, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस एवं घरेलू व्यापार को सुदृढ़ करने पर केंद्रित एक सशक्त नीति संवाद मंच शामिल होगा। खंडेलवाल ने आगे कहा कि भारतीय कॉमन मार्केट लेन-देन और विनिमय के लिहाज से संभवतः दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है, जिसका प्रमाण हमारा विश्वस्तरीय यूपीआई डिजिटल इकोसिस्टम है। इस जीवंतता को बनाए रखना और और अधिक सशक्त करना हम सभी की जिम्मेदारी है। भारतीय व्यापार महोत्सव और इसके बाद की पहलें इसे सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने बताया कि कैट इस महोत्सव में विदेशी व्यापार प्रतिनिधिमंडलों, अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठनों, एनआरआई/ओसीआई, निवेशकों, वैश्विक खरीदारों एवं देशभर के चैंबर ऑफ कॉमर्स तथा ट्रेड एसोसिएशन्स को आमंत्रित करने के लिए भी सक्रिय प्रयास कर रहा है, ताकि भारत को एक विश्वसनीय एवं प्रतिस्पर्धी वैश्विक व्यापार भागीदार के रूप में स्थापित किया जा सके। कैट महामंत्री ने दोहराया कि भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय मेगा व्यापार उत्सव है, जो व्यापार, संस्कृति, नवाचार एवं विरासत का समन्वय करता है और भारतीय व्यवसायों को देश के भीतर तथा वैश्विक बाजारों में विस्तार का सशक्त मंच प्रदान करता है।

# एआई सेक्टर में जॉब ग्रोथ रेट 33 फीसदी, इसकी पांचों लेयर में आ रहा बड़ा निवेश: अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत एआई के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और देश के सभी पांच एआई लेयर्स में बड़े निवेश आ रहे हैं। इस वर्ष ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट भारत में आयोजित होगा, जो पहले ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया और फ्रांस में हो चुका है। मोदी सरकार ने भारत को दुनिया भर में एक बड़ा टेक्नोलॉजी हब बनाया है।

वैष्णव ने मंगलवार को जयपुर में आयोजित रीजनल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि ग्लोबल समिट की तैयारियों के तहत जी20 की तर्ज पर देश के सभी राज्यों में रीजनल एआई समिट आयोजित किए जा रहे हैं। हाल ही में मेघालय और ओडिशा में ऐसे समिट सफलतापूर्वक हुए और आज राजस्थान में यह रीजनल समिट संपन्न हो रहा है। इस दौरान राजस्थान की एआई पॉलिसी का शुभारंभ किया गया साथ ही युवाओं को टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए एक नए स्किलिंग प्रोग्राम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और छोटे उद्यमियों को एआई स्किल्स प्रदान करना है ताकि वे अपनी जिंदगी में, खासकर लघु उद्योगों में, एआई का उपयोग कर प्रोडक्टिविटी बढ़ा सकें और लाभ उठा सकें। इसी क्रम में 10 लाख युवाओं और छोटे उद्यमियों को एआई स्किल्स देने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे अगले एक साल में हासिल कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तकनीक को सभी तक पहुंचाने के संकल्प के तहत एआई मिशन में 38 हजार एआई जीपीयू यानी एआई कंप्यूटर्स उपलब्ध



कराए गए हैं। इससे देश में बहुत कम कीमत पर सभी को एआई सुविधाएं मिल रही हैं। भारत में एआई क्षेत्र में लगभग 70 बिलियन डॉलर का निवेश हो रहा है, जो एक बहुत बड़ा निवेश है। इस मिशन में कई नए प्रयोग, नए एप्लिकेशन और नई टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट शामिल हैं। वैष्णव ने एआई के आर्किटेक्चर की पांच लेयर्स का जिक्र करते हुए बताया कि सबसे ऊपर एप्लिकेशन लेयर है। इस लेयर के लिए देश की सभी आईटी कंपनियों को जोड़कर एआई के उपयोग और एप्लिकेशंस विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है, जिससे इंडस्ट्री में एआई का इस्तेमाल बढ़ेगा और इसमें काफी सफलता मिली है। एआई क्षेत्र में नौकरियों की ग्रोथ रेट 33 प्रतिशत है। दूसरी लेयर मॉडल्स की है। इस लेयर में दुनिया भर के 10 लाख से ज्यादा ओपन सोर्स मॉडल्स का उपयोग कर प्रोडक्टिविटी बढ़ाने पर काम हो रहा है। तीसरी लेयर सेमीकंडक्टर चिप्स की है, जिसमें तेज प्रगति हो रही है। चौथी लेयर डेटा सेंटरों की है, जहां 70 बिलियन डॉलर का निवेश आ रहा है। आने वाला युग एआई का है और इसमें एनर्जी की बड़ी भूमिका होगी, इसलिए प्रधानमंत्री द्वारा लाए गए शांति बिल से परमाणु ऊर्जा को खोलकर इसे एआई का बड़ा स्रोत बनाया जा रहा है। इन सभी पांच लेयर्स में बड़े निवेश के साथ भारत एआई के क्षेत्र में मजबूत स्थिति बना रहा है। उल्लेखनीय है कि वैश्विक एआई इम्पैक्ट समिट 19 एवं 20 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है। इसका मुख्य केंद्र प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम होगा, जहां प्रधानमंत्री मोदी उद्घाटन करेंगे। समिट की गतिविधियां पूरे दिल्ली में फैली होंगी, जिसमें द्विपक्षीय बैठकें हैदराबाद हाउस और सुषमा स्वराज भवन में, अन्य आयोजन विज्ञान भवन, अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर और प्रमुख पांच सितारा होटलों में होंगे। सार्वजनिक गतिविधियां और प्रदर्शनियां कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क तथा दिल्ली हाट में आयोजित की जाएंगी। विदेशी मेहमान राजघाट, कुतुब मीनार, लाल किला, हुमायूं का मकबरा और महरौली आर्कियोलॉजिकल पार्क का दौरा भी करेंगे। यह समिट भारत की एआई नेतृत्व क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेगा।

## वाराणसी रोप-वे को असुरक्षित बताने वाले वीडियो के दावे भ्रामक : सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने वाराणसी रोपवे को असुरक्षित बताने वाले सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में किये गये दावों को भ्रामक बताते हुए कहा है कि रोप-वे के गोंडोला का झूलना किसी भी संरचनात्मक, यांत्रिक या परिचालन कमी को नहीं दर्शाता बल्कि सभी परिस्थितियों में संचालन के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए गए परीक्षणों की प्रक्रिया का हिस्सा है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रेस सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने इस वीडियो का फैक्ट चेक करने के बाद कहा है कि सोशल मीडिया पर वाराणसी रोपवे की एक गोंडोला के झूलने का वीडियो साझा किया जा रहा है जिसमें अत्यधिक और असुरक्षित झूलने के दावे किए जा रहे हैं। पीआईबी ने कहा है कि यह दावा भ्रामक है। पीआईबी ने कहा है कि वीडियो में दिखाई दे रहा झूलना सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए की जाने वाली परीक्षण प्रक्रिया का हिस्सा है। गोंडोला का यह झूलना किसी भी संरचनात्मक, यांत्रिक या परिचालन कमी को नहीं दर्शाता, बल्कि सभी परिस्थितियों में संचालन के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किए गए परीक्षणों का हिस्सा है। प्रसारित वीडियो में देखा गया झूलना मानकों के अंतर्गत निर्धारित सीमा के भीतर है और इसे प्रणाली की डिजाइन में विधिवत शामिल किया गया है। परीक्षण के दौरान गोंडोला पर आपातकालीन ब्रेक लगाए गए थे ताकि निर्धारित सीमा के अनुसार अधिकतम अनुदैर्ध्य झूलने की जांच की जा सके। ये झूलने की गति नियंत्रित होती हैं और गोंडोला की स्प्रिंग-लोडेड सपोर्ट व्यवस्था द्वारा अवशोषित कर ली जाती हैं, तथा लागू कोड एवं मानकों में निर्दिष्ट सीमाओं के भीतर न्यूनतम रखी जाती हैं। सस्पेंशन सिस्टम में लचीलापन जानबूझकर और आवश्यक रूप से प्रदान किया गया है, ताकि सामान्य संचालन और रोपवे के रुकने के दौरान उत्पन्न होने वाले गतिशील बलों, पवन भार तथा त्वरण-मंदन प्रभावों को समायोजित किया जा सके।

## जेएनयू के छात्रों ने खालिद और इमाम को जमानत नहीं मिलने के बाद मोदी और शाह के खिलाफ नारेबाजी की

एजेंसी

नयी दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्र नेताओं उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत न मिलने के एक दिन बाद छात्रों के एक समूह ने विश्वविद्यालय परिसर में विरोध-प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया गया है जिसमें जेएनयू परिसर के अंदर इमाम और खालिद को जमानत नहीं मिलने के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन दिखाया गया है। इसमें छात्र सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया पर कहा कि ये विवादित नारे जेएनयू में 'टुकड़े-टुकड़े' गैंग द्वारा लगाए गए थे। उन्होंने कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों के कुछ नेताओं पर खालिद और इमाम के पक्ष में बयान देकर सभी हदें पार करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी संस्कृति से जुड़े छात्र अब श्री मोदी और श्री शाह के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। श्री पूनावाला ने दावा किया कि अदालत के फैसले का विरोध करते हुए उदित राज, वृंदा करात, हुसैन दलवई और पृथ्वीराज चव्हाण जैसे कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों के कुछ नेताओं ने आरोपियों को 'निर्दोष' बताया है। भाजपा नेता ने कहा कि वीडियो में साफ दिख रहा है कि विरोध-प्रदर्शन में लगाए गये नारों से उन्होंने सभी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''ये वही लोग हैं जो नक्सलियों को शहीद कहते हैं। उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत ने सोमवार को दिल्ली दंगों मामले में सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रथम दृष्टया मामला बनता है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि यूएपीए की धारा 43डी (5) के तहत जमानत पर कानूनी रोक लागू होती है और इसलिए इस चरण में उनकी लगातार हिरासत में दखल नहीं दिया जा सकता।

## दुष्यंत कुमार गौतम के साथ खड़ा रविदास समाज, विरोधियों की साजिश नाकाम करेंगे : सुरजीत



एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड से भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम को जोड़कर सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे कथित आरोपों के खिलाफ अब रविदास समाज खुलकर सामने आ गया है। शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महा पीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजीत कुमार सिंह ने इन आरोपों को पूरी तरह झूठा, भ्रामक और अमन व मानवता के खिलाफ बताया है।

सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर दुष्यंत गौतम को बदनाम करने के लिए सुनियोजित साजिश रची जा रही है, जिससे रविदास समाज आहत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महा पीठ दुष्यंत गौतम के साथ मजबूती से खड़ी है और समाज इस तरह की साजिशों को सफल नहीं होने देगा। उन्होंने मांग की कि अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़ी झूठी खबरें फैलाने वालों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। इस बीच, दुष्यंत कुमार गौतम ने सोशल मीडिया पर लगाए गए आरोपों को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में करीब दो करोड़ रुपये से अधिक का सिविल मानहानि मुकदमा दायर किया है। याचिका में कुल 12 पक्षकारों को शामिल किया गया है, जिनमें उर्मिला सनावर, सुरेश राठौर और फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब व एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शामिल हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि दिसंबर 2025 में सोशल मीडिया पर जारी वीडियो और पोस्ट्स के जरिए उन्हें अंकिता भंडारी हत्याकांड का कथित बताकर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया। गौतम ने इसे सोशल मीडिया ट्रायल और सुनियोजित चरित्र हनन करार दिया है। उन्होंने पहले ही स्पष्ट किया था कि यदि उनके खिलाफ कोई भी ठोस सबूत सामने आता है तो वे सार्वजनिक जीवन से संन्यास ले लेंगे। याचिका में आपत्तिजनक कंटेंट पर पूर्ण रोक, उसे हटाने और भविष्य में ऐसे प्रसार को रोकने के निर्देश देने की मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि उर्मिला सनावर और सुरेश राठौर के खिलाफ उत्तराखंड में पहले ही ब्लैकमेलिंग और मानहानि के मामलों में एफआईआर दर्ज हो चुकी है और सनावर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया गया है।

## सोनिया का स्वास्थ्य स्थिर, इलाज का हो रहा अच्छा असर : डॉक्टर

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी का यहां गंगाराम अस्पताल में इलाज कर रहे डाक्टरों के दल का कहना है कि उपचार का अच्छा असर हो रहा है और उनका स्वास्थ्य स्थिर है।

श्रीमती गांधी का इलाज कर रहे डाक्टरों का कहना है कि सांस लेने में तकलीफ होने के कारण उन्हें सोमवार रात को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें पिछले दो दिन से खांसी हो रही थीं और वह हल्की फुल्की दवा ले रहीं थीं लेकिन कल शाम तबियत ज्यादा बिगड़ी तो उन्हें अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकीय परीक्षण के बाद स्पष्ट हुआ कि ठंड लगने के कारण उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई।

डाक्टरों का कहना है कि मौसम और प्रदूषण के प्रभाव के कारण उनका दमा बढ़ गया था। वह अब ठीक हो रही हैं लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें भर्ती कराया गया है। डाक्टरों के अनुसार उनका उपचार किया जा रहा है और वह स्वस्थ हो रही हैं लेकिन उन्हें फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। कांग्रेस नेता का उपचार कर रहे चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल उनका स्वास्थ्य बिल्कुल स्थिर है और उन पर इलाज का बहुत अच्छा असर हो रहा है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बारे में पूछने पर डाक्टरों ने बताया कि ठंड बहुत ज्यादा है इसलिए अभी एकाध दिन तक उनको चिकित्सीय देखरेख में रखना ज्यादा बेहतर होगा। श्रीमती गांधी की बुधवार या गुरुवार को छुट्टी अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। श्रीमती गांधी को इससे पहले जून में इसी अस्पताल के भर्ती कराया गया था। उस समय उनको पेट संबंधी दिक्कत हुई थी।

## एसआईआर अलोकतांत्रिक प्रक्रिया , चुनाव आयोग तथा भाजपा मतदाताओं के उत्पीड़न के दोषी : ममता बनर्जी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया है कि वे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य ''अवैध, असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक'' तरीके से करा रहे हैं।

उन्होंने गंगासागर से लौटने पर पत्रकारों से बात करते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया ''गलत और मनमाने'' तरीके से चलाई जा रही है। सुश्री बनर्जी ने कहा, ''आयोग सब गलत कर रहा है। जीवित लोगों को मृत दिखाया जा रहा है, ऑक्सीजन पाइप लगाये बुजुर्ग लोगों को सुनवाई में घसीटा जा रहा है। पूरी प्रक्रिया एक तमाशा है। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, ''कुछ ऐप्स भाजपा की आईटी सेल की मदद से विकसित किये गये हैं। यह पूरी तरह से अवैध, असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। यह जारी नहीं रह सकता।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तीसरी बार पत्र लिखकर एसआईआर में अनियमितताओं का मामला उठाया है। उन्होंने भाजपा पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाया और दावा किया कि प्रशासनिक संशोधन की आड़ में लोगों के मतदान के अधिकार छीने जा रहे हैं।

सुश्री बनर्जी की ये टिप्पणियां सोमवार को गंगासागर से की गई उनकी तीखी आलोचना के बाद आई हैं, जहां उन्होंने घोषणा की थी कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस एसआईआर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का सहारा लेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया पर्याप्त तैयारी के बिना चलाई गयी, जिससे आम नागरिकों को बड़े पैमाने पर उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। सुश्री बनर्जी स्वयं एक बेहतर अधिवक्ता हैं। उन्होंने सोमवार को कहा था, ''हम कानून की मदद ले रहे हैं। अदालत कल खुलेगी और हम अदालत में जाएंगे। जरूरत पड़ने पर मैं उच्चतम न्यायालय जाने और जनता की ओर से पैरवी करने की अनुमति भी मांगूंगी। मुख्यमंत्री ने आगे आरोप लगाया कि एसआईआर ने मतदाताओं में भय पैदा कर दिया है और दावा किया कि इस प्रक्रिया से जुड़ी दहशत के कारण कई लोगों की मौत हो गई है। उनके अनुसार, एसआईआर से संबंधित सुनवाई के लिए कतारों में खड़े लोगों की भी मौतें हुई थीं। सुश्री बनर्जी ने चुनाव आयोग और भाजपा पर सत्यापन के नाम पर बुजुर्ग और बीमार नागरिकों को अनुचित रूप से परेशान करने का आरोप लगाया।

# पेज एक का शेष

### उप्र में सेमीकंडक्टर...

बताया कि बैठक में कुल 14 प्रस्ताव रखे गए थे, जिनमें से एक को स्थगित कर दिया गया जबकि 13 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 में लागू राज्य की सेमीकंडक्टर नीति के तहत बड़े निवेश करने वाली कंपनियों को मामले-दर-मामले आधार पर प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इन प्रोत्साहनों में ब्याज अनुदान, कर्मचारी लागत की प्रतिपूर्ति, 10 वर्षों तक जीएसटी में छूट तथा 10 साल तक प्रति यूनिट 2 रुपये तक की बिजली दर सब्सिडी शामिल है। श्री खन्ना ने बताया कि इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के पेशेवर कर्मचारियों के लिए ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) योगदान की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 2,000 रुपये प्रति माह होगी। साथ ही जल शुल्क में भी रियायतें दी जाएंगी। वित्त मंत्री ने कहा, ‟इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर क्षेत्र की वैश्विक दिग्गज कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करना और राज्य को पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।‟ उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह उद्योग अमेरिका, यूरोप, जापान और ताइवान के देशों के वर्चस्व में है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने बताया कि कैबिनेट ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की रुचि लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में अब तक 21 कंपनियों ने निवेश शुरू कर दिया है, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होने की उम्मीद है। स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने बताया कि कैबिनेट ने वर्ष 2022 के उस निर्णय का विस्तार किया है, जिसके तहत पारिवारिक संपत्ति के हस्तांतरण पर स्टांप शुल्क 5,000 रुपये तक सीमित किया गया था। उन्होंने बताया कि यह सुविधा पहले केवल आवासीय और कृषि संपत्तियों तक सीमित थी, लेकिन अब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पारिवारिक दायरे में गिफ्ट डीड के माध्यम से हस्तांतरित की जाने वाली व्यावसायिक संपत्तियों पर भी लागू होगी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि कैबिनेट ने वाराणसी में शिव प्रकाश गुप्ता मंडलीय जिला अस्पताल के स्थान पर 500 बेड के मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की कुल लागत 315 करोड़ रुपये होगी और इसे चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। परियोजना की 60 प्रतिशत लागत केंद्र सरकार वहन करेगी, जबकि शेष राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी।

### जिन्होंने देश के...

कर रहा है, जबकि देशहित, श्रमिकों, किसानों और गांवों के विकास के लिए उठाए गए इस कदम का स्वागत होना चाहिए था। प्रधानमंत्री और एनडीए के प्रति आभार जताने के बजाय वे अपने पुराने, भ्रष्टाचार-प्रेरित मॉडल का बचाव कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि वीबी-जी राम जी एक्ट-2025 की मूल भावना पारदर्शी प्रक्रिया, रोजगार की अधिकतम गारंटी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण पर आधारित है। यही अधिनियम विकसित भारत-2047 के विजन की मजबूत आधारशिला बनेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब राज्य विकसित होंगे और राज्य तभी विकसित होंगे जब गांव विकसित होंगे। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर किसान आत्मनिर्भर बनेगा, श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और सम्मान मिलेगा। पहले कमजोर सोशल ऑडिट, शिकायत निवारण की खामियां थीं मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानून इसलिए जरूरी था क्योंकि मनरेगा के दौरान अधूरी व अस्थायी परिसंपत्तियां बनीं, फर्जी जॉब कार्ड, फर्जी हाजिरी और भुगतान तान में कटौती जैसी शिकायतें हर जनपद से सामने आईं। समाजवादी पार्टी की सरकार के समय मनरेगा में घोटाला हुआ था जिसकी सीबीआई जाँच चली। कमजोर सोशल ऑडिट, शिकायत निवारण की खामियां, प्रशासनिक अक्षमताएं और मजदूरी में देरी लगातार बनी रहीं। खेती के मौसम में किसानों को मजदूर नहीं मिलते थे और श्रमिकों को समय पर काम व भुगतान की गारंटी नहीं मिल पाती थी। मुख्यमंत्री ने बताया कि नए अधिनियम में रोजगार की गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। साप्ताहिक भुगतान होगा और देरी पर मुआवजा व अतिरिक्त ब्याज दिया जाएगा। समय पर काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता अब कानूनी अधिकार बन गया है। खेती के मौसम में मजदूरों की कमी न हो, इसके लिए राज्यों को बुवाई और कटाई के समय 60 दिन तक कार्य स्थगित करने का अधिकार दिया गया है। बंद होगा गड्डा खोदने और पाटने का खेलो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस कानून के तहत पंचायतें स्थायी परिसंपत्तियां बना सकेंगी। ग्राम पंचायतें चार प्राथमिक श्रेणियों में कार्य तय करेंगी। जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, चेक डैम, ग्रामीण सड़कें, नालियां, आजीविका से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर, खेल मैदान, ओपन जिम, बाजार और मंडियों का निर्माण किया जा सकेगा। आपदा प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण से जुड़े कार्य भी इसी के तहत होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अधिनियम में टेक्नोलॉजी को कानूनी अधिकार के रूप में शामिल किया गया है। बायोमेट्रिक उपस्थिति, जियो-टैगिंग, सैटेलाइट इमेजरी, रियल टाइम मोबाइल ऐप मॉनिटरिंग और डीबीटी के माध्यम से सीधा भुगतान होगा। फर्जी नामों पर भुगतान का खेल पूरी तरह बंद होगा। पहले जो लोग गड्डा खोदते थे और उसे पाटते थे, उनका यह खेल बंद होगा। मनरेगा की तुलना में 17 हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त संसाधन मिल सकते हैं राज्यों को मुख्यमत्री ने बताया कि कानून में छह माह में अनिवार्य सोशल ऑडिट, डिजिटल और समयबद्ध शिकायत निवारण, जिला लोकपाल और मानकों के अनुरूप ऑडिट की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। केंद्र-राज्य की साझेदारी 60:40 रहेगी और कार्य पूरी तरह मांग आधारित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नई योजना से राज्यों को मनरेगा की तुलना में लगभग 17 हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त संसाधन मिल सकते हैं। जिन राज्यों में श्रमिकों की संख्या अधिक है, वहां अधिक कार्य मिलेगा। रोजगार अब केवल राहत नहीं, बल्कि विकास और आत्मनिर्भरता का माध्यम बनेगा। हर पात्र को समय पर काम, हर गांव में टिकाऊ परिसंपत्तियां मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूरी केंद्रीय कैबिनेट के प्रति आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार इसे पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता और प्रभावशीलता के साथ लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है। हर पात्र को समय पर काम, हर गांव में टिकाऊ परिसंपत्तियां और हर श्रमिक के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और खुशहाली।

### सोनिया गांधी को...

वकील, वरिष्ठ अधिवक्ता पवन नरंग ने मजिस्ट्रेट अदालत में आरोप लगाया था कि जनवरी 1980 में सोनिया गांधी का नाम नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता के रूप में जोड़ा गया था, जब वह भारतीय नागरिक नहीं थीं। उन्होंने कुछ जालसाजी और एक सार्वजनिक प्राधिकारी को धोखा देने का दावा किया था। हालांकि, मजिस्ट्रेट ने जांच की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता ने अदालत को ऐसे अधिकार क्षेत्र को मानने के लिए राजी करके आपराधिक कानून को गति देने की मांग की थी, जो कानूनी रूप से उसके पास नहीं था। उन्होंने अवलोकन किया कि धोखाधड़ी या जालसाजी के वैधानिक तत्वों को आकर्षित करने के लिए आवश्यक विवरणों के बिना, केवल निराधार दावे कानूनी रूप से टिकाऊ आरोप का विकल्प नहीं हो सकते। मजिस्ट्रेट ने कहा कि यह याचिका केवल मतदाता सूची के एक अंश पर निर्भर करती है, जो 1980 की एक अप्रमाणित मतदाता सूची के कथित अंश की फोटोकॉपी की फोटोकॉपी थी। शिकायत की निंदा करते हुए मजिस्ट्रेट ने कहा कि इस तरह का तरीका, सार रूप में, केवल अधिकार क्षेत्र बनाने के लिए जहां कोई मौजूद नहीं है, आपराधिकता के चोले में एक नागरिक या सामान्य विवाद को पेश करके कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

### जनरल द्विवेदी ने...

मिलेगी। सेना प्रमुख ने सोमवार को वहां की सेना के कमांडर मेजर जनरल स्टाफ यूसुफ मयौफ सईद अल हल्लामी से मुलाकात की थी। दोनों सैन्य अधिकारियों के बीच बातचीत के दौरान सकारात्मक सैन्य सहभागिता को और मजबूत करने, प्रशिक्षण में समन्वय बढ़ाने तथा भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। जनरल चौहान ने अमीरात के सेना संग्रहालय का भी दौरा किया, जहां उन्होंने वहां की थल सेना के समृद्ध इतिहास, परंपराओं और सैन्य विरासत के बारे में जानकारी हासिल की। इससे पहले जनरल द्विवेदी ने संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत दीपक मित्तल से भी मुलाकात की। सेना प्रमुख आठ जनवरी तक संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका की यात्रा पर हैं। यह यात्रा मित्र देशों के साथ रक्षा सहयोग और सैन्य-से-सैन्य संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

### यूपी में ठंड हुयी...

गयी है। इस बीच कोहरे के कारण सड़क,रेल और हवाई यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर लंबी दूरी की दर्जनों ट्रेन अपने निर्धारित समय से 12 घंटे तक की देरी से चल रही हैं वहीं लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर कई उड़ाने विलंब से हैं। यमुना एक्सप्रेस वे और लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे समेत अन्य राजमार्गो पर वाहन रेंग रेंग कर चलते दिखायी पड़े। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जालौन,देवरिया और गोरखपुर समेत कई जिलों के जिलाधिकारी और अन्य आला अधिकारी सड़क पर उतर कर अलाव और रैनबसेरों का निरीक्षण करते दिखायी दे रहे हैं। हालांकि अलाव की सीमित संख्या के चलते निराश्रित ठंड में ठिठुर रहे हैं वहीं सड़क पर आवारा जानवर भी ठंड से बेहाल हैं। कई स्वयंसेवी संस्थायें और जानवर प्रेमी बेजुबानों को ठंड से बचाने के लिये तरह तरह के उपाय कर रहे हैं।

### उप्र की मतदाता...

तक 15 लाख 78 हजार 423 फॉर्म-6 प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आयु पात्रता के अनुसार 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम इस सूची में शामिल होंगे, जबकि एक अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वालों के नाम बाद में अक्टूबर माह में जोड़े जाएंगे। सभी दावों और आपत्तियों के निस्तारण के बाद छह मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। घोषणा की कि प्रति बूथ 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिंग बूथ को तर्कसंगत बनाने के बाद, अब राज्य में 15030 नए बूथ जोड़े गए हैं।

### खण्ड स्नातक के पांच व...

क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या इस प्रकार है, लखनऊ खण्ड स्नातक 2,11,756, वाराणसी खण्ड स्नातक 2,69,372, इलाहाबादऽझांसी खण्ड स्नातक 2,60,818, आगरा खण्ड स्नातक 1,80,293 तथा मेरठ खण्ड स्नातक 59,634 है।

इसी प्रकार खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में बरेलीऽमुरादाबाद 46,553, लखनऊ 36,217, गोरखपुरऽफैजाबाद 52,257, वाराणसी 32,549, आगरा 51,532 एवं मेरठ 33,163 मतदाता पंजीकृत पाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियां लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 22 एवं 23 के प्रावधानों के अंतर्गत नाम-निर्देशन की अंतिम तिथि तक सतत अद्यतनीकरण के लिए उपलब्ध रहेंगी। खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में नाम सम्मिलित कराने हेतु आवेदक का भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अर्हता तिथि से पूर्व राज्य के किसी मान्यता प्राप्त शैक्षिक संस्थान में न्यूनतम निर्धारित अवधि तक शिक्षण कार्य में संलग्न होना आवश्यक है। उन्होने यह भी स्पष्ट किया कि अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावली संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आगामी विधान परिषद चुनाव की आधार सूची होगी। उन्होंने सभी पात्र स्नातक एवं शिक्षकों से अपील की है कि वे प्रकाशित निर्वाचक नामावली में अपना नाम अवश्य जांच लें और आवश्यकता होने पर नियमानुसार समय रहते आवेदन प्रस्तुत करें।

# अंकिता हत्याकांड में सरकार हर जांच को तैयार: धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- मुख्यमंत्री ने अंकिता के माता पिता से मिलकर उनकी मांग समझने की बात कही
- एक ऑडियो के आधार पर राज्य में बवंडर खड़ा करने की कोशिश कर रहा विपक्ष: धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंकिता हत्याकांड मामले में सीबीआई जांच के लिए बार-बार उठती मांग पर कहा कि सरकार हर प्रकार की जांच के लिए पूरी तरह तैयार है। वह स्वयं अंकिता के माता-पिता से बातचीत कर उनकी मांगों को समझेंगे और कानूनी पहलुओं के आधार पर आगे की कार्रवाई करेंगे। मंगलवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों से वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार ने घटना के दिन से ही इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि वह अंकिता के माता-पिता से मुलाकात करेंगे और उनकी मांगों के अनुरूप कानूनी प्रक्रिया के तहत सरकार कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना के बाद मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था और मजबूत पैरवी के चलते आज तक कोई भी आरोपित जेल से बाहर नहीं आ पाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के भीतर किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति नहीं बननी चाहिए। ऑडियो की सत्यता जांच पूरी होने



के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। ऑडियो के आधार पर पत्रकार वार्ताएं देहरादून के बजाय दिल्ली में की जा रही हैं, जबकि अलग-अलग ऑडियो में विरोधाभास भी सामने आ रहा है। मामले की जांच जारी है और सरकार हर जांच के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आरोपित को उम्रकैद की सजा सुनाई जा चुकी है और जेल जाने के बाद वह एक दिन भी बाहर नहीं आया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ लोग राजनीति करने के लिए अवसर तलाश रहे हैं। उस दौरान राज्य प्रभारी उत्तराखंड आए ही नहीं थे, जबकि पुलिस उनसे संपर्क कर रही है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि अंकिता हत्याकांड में तीनों आरोपितों को कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। उन्होंने कहा कि ऑडियो जारी करने वाले लोगों से जवाब मांगा जा रहा है, क्योंकि ऑडियो में कई तरह की बातें सामने आ रही हैं और उसकी सत्यता की जांच आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि एक ऑडियो के आधार पर विपक्ष राज्य में बड़ा बवंडर खड़ा करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी प्रकार की जांचों के लिए तैयार है। एक ऑडियो जारी कर उसके बाद दिल्ली में प्रेस वार्ता करना क्या किसी षड्यंत्र की ओर इशारा नहीं करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरेश राठौर को भी सामने आकर अपनी बात स्पष्ट करनी चाहिए।

# शिक्षकों के अपमान पर भाजपा ने विधानसभा में केजरीवाल के खिलाफ किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायकों और नेताओं ने आम आदमी पार्टी (आआपा) पर शिक्षकों का अपमान करने और झूठी राजनीति फैलाने का आरोप लगाते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं ने विधानसभा परिसर के बाहर महात्मा गांधी के मूर्ति के नीचे आआपा के खिलाफ पोस्टर और बैनर लेकर विरोध किया और नारे लगाए। पोस्टर-बैनर पर ''केजरीवाल माफी मांगो'' और ''झूठ बोलकर शिक्षकों को बदनाम करना बंद करो'' लिखा हुआ था। भाजपा ने आरोप लगाया कि आआपा नेताओं ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को आवारा कुत्तों की गिनती की जिम्मेदारी देने संबंधी झूठी अफवाह फैलाई, जबकि ऐसा कोई आदेश नहीं है। इससे शिक्षकों की गरिमा को ठेस पहुंची और आआपा झूठी राजनीति कर रही है। तिमारपुर विधानसभा से भाजपा विधायक सूर्य प्रकाश खत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी झूठी राजनीति फैला रही है। केजरीवाल और उनके नेता शिक्षकों का सम्मान करने की बजाय झूठ बोलकर उन्हें अपमानित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने आआपा को सबक सिखाया है, अब वे हताशा में झूठ फैला रहे हैं। केजरीवाल को शिक्षकों से माफी मांगनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले सत्र के पहले दिन आम आदमी पार्टी के विधायकों ने प्रदूषण के मुद्दे पर मास्क पहनकर विरोध जताया था, जिसके कारण सदन में हंगामा हुआ और चार आआपा के विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### चंडीगढ़ सुरक्षा जांच के लिए बस स्टैंड में मॉक ड्रिल सीटीयू बस से मिला मॉक बम

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-43 बस स्टैंड पर मंगलवार को पुलिस ने मॉक ड्रिल करवाई गयी। सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिए बम होने की सूचना दी गई, जिससे बस स्टैंड पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस, बम स्क्वायड, फोरेंसिक टीम और ऑपरेशन सेल के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पूरे इलाके की घेराबंदी कर उसे सील कर दिया गया और किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। पुलिस के अनुसार, सेक्टर-43 बस स्टैंड स्थित डिपो नंबर-4 में सुरक्षा व्यवस्था की परख के लिए यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई थी। इस दौरान सीटीयू की एक बस में बम होने की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही बम स्क्वायड, फोरेंसिक टीम और ऑपरेशन सेल मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। काफी देर तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद बम स्क्वायड टीम ने सीटीयू बस के अंदर से मॉक बम बरामद कर लिया। इसके बाद बम को सुरक्षित तरीके से डिस्पोज करने के लिए टीम अपने साथ ले गई। पूरे ऑपरेशन के दौरान बस स्टैंड और आसपास के इलाके को पूरी तरह सील रखा गया। इस पूरी कार्रवाई की अगुआई ऑपरेशन सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर जसपाल सिंह कर रहे थे। गौरतलब है कि चंडीगढ़ के सेक्टर-43 स्थित सिविल कोर्ट को लेकर दो बार बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। इससे पहले सरकारी जिला अदालत की ई-मेल आईडी पर मेल भेजकर ड्रोन के जरिए बम गिराने की धमकी दी गई थी। इसके बाद सोमवार को एक और ई-मेल भेजकर पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट बार एसोसिएशन (सिविल कोर्ट) को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। लगातार मिल रही धमकियों के चलते सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। पुलिस का कहना है कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखना था। आने वाले दिनों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

### डॉ. ईशान अवधूत शिवानंद योगिक विज्ञान एवं समग्र विकास केंद्र का शिलान्यास

**रोपड़।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), रोपड़ में मंगलवार को डॉ ईशान अवधूत शिवानंद योग विज्ञान एवं समग्र विकास केंद्र का शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर आईआईटी, रोपड़ और डॉ. ईशान शिवानंद ने संयुक्त रूप से प्रतिभाशाली युवाओं के लिए डॉ. ईशान शिवानंद छात्रवृत्ति की घोषणा की है, जिनमें वंचित पृष्ठभूमि के अकादमिक रूप से प्रतिभाशाली छात्रों के लिए 10 पूर्णत: वित्त पोषित छात्रवृत्तियां शामिल हैं।

# बिहार के मुजफ्फरपुर में मिलिट्री स्पेशल ट्रेन पर लदा ट्रक ओएचई से टकराया

- आग लगने से रेल परिचालन बाधित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर शहर में मंगलवार तड़के एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया। माड़ीपुर के पास मोतिहारी की ओर जा रही मिलिट्री स्पेशल ट्रेन पर लदा एक ट्रक ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) से टकरा गया। टक्कर के तुरंत बाद ट्रक में आग लग गई और ओएचई को गंभीर क्षति पहुंची, जिससे इलाके में रेल परिचालन पूरी तरह ठप हो गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय ट्रक ओएचई के काफी करीब चला गया था। जैसे ही ट्रक विद्युत तारों के संपर्क में आया, उसमें आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ देर के लिए आसपास अफरातफरी मच गई। हालांकि, ट्रेन में सवार सैन्य जवानों ने सूझबूझ दिखाते हुए अपने अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया। इस घटना में ट्रक को ढकने वाला तिरपाल और कुछ कुर्सियां जल गईं, लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने की वजह से ओएचई टूट गया और संबंधित सेक्शन में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। सूचना मिलते ही रेलवे के ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन विभाग (टीआरडी), रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) की टीमें मौके पर पहुंचीं और मरम्मत कार्य शुरू किया गया। स्थिति को संभालते हुए रेलवे ने मिलिट्री स्पेशल ट्रेन में डीजल इंजन लगाकर उसे आगे के लिए रवाना किया। इस हादसे का असर रेल परिचालन पर व्यापक रूप से पड़ा है।




## क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद दो कुख्यात बदमाशों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के आया नगर इलाके में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करते हुए क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मंगलवार को मुठभेड़ के बाद दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें नरेन्द्र उर्फ निट्टू शामिल है, जो चर्चित अपराधी नीरज फरीदपुरिया का शूटर बताया जा रहा है। आरोपितों के पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपयुक्त हर्ष इदौरा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 30 नवंबर 2025 को आया नगर में डेयरी संचालक रतन लाल लोहिया की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर करीब आधे घंटे तक घात लगाए बैठे रहे और जैसे ही रतन लाल मौके पर पहुंचे, ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फॉरेंसिक जांच में सामने आया कि मृतक के शरीर में 69 गोलियां लगी थीं। इस जघन्य वारदात से पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी। पुलिस जांच में इस हत्याकांड के पीछे रंदीप भाटी-नीरज फरीदपुरिया गैंग का हाथ सामने आया। पुलिस के मुताबिक, यह हत्या बदले की भावना से की गई थी। मई 2025 में मृतक के बेटे दीपक पर प्रॉपर्टी विवाद को लेकर व्यवसायी अरुण लोहिया की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। दीपक फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। क्राइम ब्रांच की एजीएस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि वांछित आरोपी द्वारका इलाके में मौजूद हैं।

## पूर्वी चंपारण पहुंचा दुनिया का सबसे विशाल शिवलिंग, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

पूर्वी चंपारण। बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर प्रखंड के कैथवलिया में बन रहे विराट रामायण मंदिर में स्थापित होने वाले भगवान शिव का विराट शिवलिंग गंडक नदी पर बने डुमरियाघाट पुल होकर जिला की सीमा में पहुंच गया। इस अवसर पर कड़ाके की ठंढ में हजारो की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव के नारो के साथ शिवलिंग का दर्शन और पूजन किया। शिवलिंग डुमरियाघाट पुल से जैसे ही आगे बढी नरसिंह बाबा मंदिर, दुबौली चौक, रामपुर खजुरिया चौक और हुसैनी बाजार तक सड़क के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ खड़ी रही। जगह-जगह फूल मालाओं से माताओ, बुर्जुगो और नौजवानो ने बाबा भोलेनाथ का स्वागत किया। सोमवार देर शाम शिवलिंग डुमरियाघाट पुल के समीप पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने विधिवत दर्शन किए। इसके बाद दुबौली चौक और रामपुर खजुरिया चौक पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी। राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर एक ओर का यातायात अस्थायी रूप से रोक दिया गया। इस मौके पर एनएचएआई की टीम के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। इस ऐतिहासिक क्षण का फोटो और वीडियो बनाने के लिए लोगो में काफी होड़ देखी गई। उल्लेखनीय है, कि तमिलनाडु के महाबलीपुरम में निर्मित दुनिया के सबसे विराट शिवलिंग लगभग 210 मीट्रिक टन वजनी और 33 फीट ऊंची है, जिसे लाने के लिए 96 पहियों वाले विशेष ट्रक का उपयोग किया गया है। इस शिवलिंग को खरमास के बाद विशेष पूजन के उपरांत विराट रामायण मंदिर में स्थापित किया जायेगा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063